गुरुकुल–पत्रिका

1995-97

गुरुकुल-पत्रिका

शोध पत्रिका

MONTHLY RESEARCH MAGAZINE

1995 - 97

सम्पादक :
डॉ० भारतभूषण विद्यालंकार

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

गुरुकुल पत्रिका

शोध पत्रिका

MONTHLY RESEARCH MAGAZINE

सम्पादक :
डॉ० भारतभूषण विद्यालंकार
वेदाचार्य एम. ए, पी-एच.डी.
प्रोफेसर—वेद विभाग
एवं
निदेशक- श्रद्धानन्द वैदिक शोध एवं प्रकाशन केन्द्र

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

पौष, माघ, फाल्गुन	वर्ष-४७	संयुक्तांक दिस० १९९५ जन० फर० १९९६

मूल्य— २५ रुपये मात्र

सम्पादक मण्डल :

प्रकाशक : डॉ० जयदेव वेदालंकार
कुलसचिव
गु० कां० वि०वि०, हरिद्वार

मूल्य : २५ रुपये (वार्षिक)

मुद्रक:– किरण प्रिंटिंग प्रैस, कनखल हरिद्वार ☎ : 425975

वैदिक वर्ण-व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार

राष्ट्रीय विद्वद्-गोष्ठी

(अन्तर्राष्ट्रीय दयानन्द वेदपीठ (देहली) के आर्थिक सौजन्य से)

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति **डॉ. धर्मपाल जी** की प्रेरणा से अन्तर्राष्ट्रीय दयानन्द वेदपीठ के अध्यक्ष **प्रो० शेर सिंह** ने उक्त संगोष्ठी के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय को पन्द्रह हजार रुपये की राशि सहृदय भाव से प्रदान की। वेदपीठ के अधिकारी गोष्ठी में निरन्तर उपस्थित रहे। इस गोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति **प० सूर्यदेव जी** तथा परिद्रष्टा जस्टिस **महावीर सिंह जी** की उपस्थिति से संगोष्ठी और भी निखर उठी। भारतवर्ष के लगभग 12 विश्वविद्यालयों से विद्वान अतिथियों ने संगोष्ठी को सफल करने में स्मरणीय योगदान दिया। उस समय जिन विद्वानों के लेख लिपिबद्ध रूप में प्राप्त हुए उसको प्रस्तुत पत्रिका में प्रकाशित किया जा रहा है, उक्त संगोष्ठी के संयोजक प्रो. वेद प्रकाश शास्त्री थे।

समस्त दानी महानुभावों व विद्वानों तथा महापुरुषों के प्रति हम आभार प्रकट करते हैं।

सम्पादक :—

प्रो० भारत भूषण विद्यालंकार

विषय सूची :-

श्रुति सुधा

अयमग्निगृहपतिर्गार्हपत्यः प्रजाया वसुवित्तमः।
अग्ने गृहपतेऽभि द्युम्नमभि सहऽआयच्छस्व ॥ यजु. ३८.३ ॥

ऋषि–आसुरिः देवता–अग्निः छन्द–भूरिग्बृहती

हे (गृहपते) घरों के पालन करने वाले (अग्ने) परमेश्वर ! जो (अयम्) यह (गृहपतिः) स्थान विशेषों के पालन हेतु (गार्हपत्यः) घर के पालन करने वालों के साथ संयुक्त (प्रजाया वसुवित्तमः) प्रजा के लिए सब प्रकार धन प्राप्त कराने वाले (अग्निः) प्रकाश स्वरुप हैं, सो आप (द्युम्नम्) सुख और प्रकाश से युक्त धन को (अभ्यायच्छस्व) अच्छी प्रकार दीजिये, तथा (सहः) उत्तम बल पराक्रम (अभि) अच्छी प्रकार दीजिये ।

(महर्षि दयानन्द यजुर्वेद भाष्य)

सम्पादकीय

अग्ने मेधाविनं कुरु

गुरुकुल पत्रिका का वर्तमान अंक पाठकों के सम्मुख प्रमुख करते हुए प्रसन्नता हो रही है। किसी भी पत्रिका का अपना विशेष स्वरुप होता है। भारतीय सभ्यता-संस्कृति व प्राच्य विद्याओं से सम्बन्धित अध्ययनों को प्रोत्साहित करना व उनके सम्बन्ध में विचारणीय विषयों को प्रस्तुत करना पत्रिका का मुख्य उद्देश्य है परन्तु इसका तात्पर्य वैज्ञानिक भव्य अध्ययनों की उपेक्षा नहीं है। समाज के सम्मुख उपस्थित समस्याओं व उनके समाधान से विमुख होना कायरता है। इसके लिए तो एक ही संकल्प लेना होगा "अर्जुनस्य प्रतिज्ञे द्वे न दैयं न पलायनम्"।

वर्तमान में सर्वत्र मनु एवं वर्ण व्यवस्था समाज को बहुत अधिक विचलित कर रही है। उस पर विभिन्न विद्वानों को अपने भाव अभिव्यक्त करने के लिए गोष्ठी के रुप में आमन्त्रित किया गया और उनके विचारों को, सामान्य जन तक पहुंचाने का प्रयास, पत्रिका के रुप में उपलब्ध है। विभिन्न विद्वानों ने वर्ण के साथ जाति पर भी विचार किया है। प्राय: ही विद्वानों ने वैदिक वर्ण व्यवस्था को जन्मगत व्यवस्था से पृथक् माना है और उसे जाति के रुप में प्रतिपादित किया है। अनेकों वक्ताओं ने जो प्रमाण प्रस्तुत किये वे बार-बार उल्लेखित होते रहे, प्रकाशन के समय पुनरुक्ति दोष से बचने तथा कलेवर की सीमा को देखते हुए बहुत कुछ कांट—छांट भी करनी पड़ी है। कुछ लेखों को स्थान नहीं भी दिया जा सका।

गत अंक में भी दर्शन की समस्याओं उनके समाधान तथा दार्शनिक विषयों को उठाया गया था परन्तु कलेवर की दृष्टि से उनके संक्षप्ति रुप ही दिये जा सके थे। पाठकों एवं शोध-कर्त्ताओं को एक विषय पर सम्पूर्ण सामग्री एकत्र मिल सके ताकि शोध की दृष्टि से पत्रिका संग्रहणीय बन सके।

वर्ण व्यवस्था से सम्बन्धित इस गोष्ठी को संयोजित किया श्री वेदप्रकाश शास्त्री, डीन प्राच्य विद्यासंकाय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, ने श्री शास्त्री जी एवं उनके सभी सहयोगियों तथा लेखकों व उन मनीषियों के, जिनको स्थान-स्थान पर उद्धृत किया गया है, आभारी हैं।

सम्पादक :
भारतभूषण विद्यालंकार

वर्णव्यवस्था का वैदिक स्वरूप

—डा० रामनाथ वेदालंकार

भारतीय संस्कृति में समाज को ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शुद्र इन चार वर्णों में तथा ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास इन चार आश्रमों में विभाजित किया गया है। इसका मूल वैदिक सहिताएं ही है। परवर्ती ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद् सूत्रग्रन्थ, व्याकरण शास्त्र, स्मृतिग्रन्थ रामायण महाभारत महाकाव्य रुपक गद्यकाव्य, पुराण आदि समग्र संस्कृत साहित्य में यह वर्णाश्रम व्यवस्था माला में सूत्र के समान अनुस्यूत है। यहां हम केवल वैदिक वर्णव्यवस्था पर विचार करेंगे।

वेदों में चारों वर्णों के नाम

ऋग्वेदीय पुरुषसूक्त तथा यजुर्वेदीय पुरुषमेधाध्याय का निम्नलिखित मन्त्र बहुचर्चित है—

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरु तदस्य यद् वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ॥
ऋ० १०,९०,१२, वा० य० ३१, ११

निरवयव परम पुरुष परमेश्वर की उपासना के समय उसके अंगों की कल्पना के प्रसंग में पठित यह मन्त्र समाज के ब्राह्मणादि चारों वर्णो के कर्तव्यों पर भी उत्तम प्रकाश डालता हैं। अथर्ववेद में यह मन्त्र (बाहू राजन्योऽभवत्। मध्यं तदस्य यद् वैश्यः अ० १९.६.६), इस पाठभेद के साथ आया है। भाव यह है कि समाज में ब्राह्मण मुख है, राजन्य अर्थात् क्षत्रिय बाहु हैं, वैश्य ऊरु या देह का मध्यभाग है शूद्र पैर हैं। मुख का कार्य भाषण करना होता है, ऐसे ही समाज में ब्राह्मण भी भाषण करता है अर्थात् अध्यापन करता या उपदेश देता है। मुख चेहरे को भी कहते हैं। चेहरे में ही ज्ञान की साधनभूत सब ज्ञानेन्द्रिया संनिविष्ट हैं। जैसे चेहरा ज्ञानेन्द्रियों द्वारा ज्ञान का साधन होता है, वैसे ही ब्राह्मण भी अध्यापन द्वारा शिष्यों को ज्ञान प्रदान करता है। जैसे बाहुएं रक्षा करती हैं, वैसे ही क्षत्रिय भी रक्षा करता है।

वैश्य ऊरु या देह का मध्यभाग इस हेतु से हैं कि जैसे ऊरु स्तम्भ बनकर देह को धारण करते हैं, ऐसे ही आर्थिक दृष्टि से वैश्य सबको धारण करता है, अथवा जैसे शरीर का मध्यभाग अर्थात् उदर भोजन को संचित करके पोषक तत्त्व को सारे शरीर में पहुंचा देता है, वैसे ही वैश्य अर्थ संचित करके उसे शेष तीनों वर्णों में पहुंचाता है। शूद्र पैर स्थानीय इस कारण है कि पैर जैसे सारे देह की सेवा करता है, वैसे ही शूद्र शेष सब वर्णो का सेवक होता है।

वेदों में तीन मन्त्र और हैं, जिनमें समाज के इन चारों वर्णो का एक साथ उल्लेख हुआ है—

रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु नस्कृधि।
रुचं विश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचा रुचम् ॥य० १८.४८

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रिय राजसु मा कृणु।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये॥ अ० १९.६२.१

प्रियं मा दर्भ कृणु ब्रह्मराजन्याभ्यां
शूद्राय चार्याय च। अ० १९. ३२ ८

आर्य और दास वर्ण

वेदों में ब्राह्मणादि वर्णो के साथ स्पष्टः वर्ण शब्द प्रयुक्त नहीं हुआ है। ऋग्वेद में दो वर्णो का उल्लेख मिलता है— एक आर्य वर्ण और दूसरा दास या दस्यु वर्ण। आर्य वर्ण में द्विज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, आते है। अथर्ववेद में **'यश्च शूद्र उतार्यः' 'उत शूद्रमुतार्यम्'** (अ० ४. २०. ४, ८) कह कर शूद्र को आर्य से पृथक् माना गया है। वस्तुतः वर्ण तीन ही हैं, जिनका वरण किया जाता है। शूद्र को तत्सहचारी होने से लाक्षणिक रुप से वर्ण मान लिया गया। दास या दस्यु वर्ण के वे लोग होते हैं, जो ब्राह्मणत्व आदि किसी भी मर्यादा का पालन न करते हुए समाज में हिंसा–उपद्रव

मचाते हैं (दसु उपक्षये)। राजा को चाहिए कि दस्युओं का विनाश करके आर्य वर्ण की रक्षा करे– **हत्वी दस्यून् आर्य वर्णमावत्** (ऋ० ३. ३४. ६)। वह दास वर्ण को कैद करके निचली गुफा या तहखाने में डाल दे– **यो दासं वर्णमधरं गुहाकः** (ऋ. २. १२. ४)। दास का सिर शस्त्र से चकनाचूर कर दे– **शिरो दासस्य सं पिणक् वधेन** (ऋ० ४. १८. ६)। **शिरो दासस्य नमुचेर्मदायन्** (ऋ० ५. ३०. ८) प्रश्न उपस्थित होता है कि क्या शूद्र की रक्षा करना राजा का कर्त्तव्य नहीं है, जो केवल आर्य वर्ण की रक्षा के लिए कहा गया है। इसका उत्तर यह है कि शूद्र क्योंकि आर्यों का सेवक है, अतः आर्यों का नाम लेने से उसका स्वतः ग्रहण हो जाता है।

कतिपय विद्वानों की यह स्थापना है कि दस्यु तो हिंसक उपद्रवी मनुष्य का वाचक है, किन्तु दास से शूद्र अभिप्रेत है। परन्तु यदि दास शूद्र है तो शूद्र ने क्या बिगाड़ा है कि उसे नष्ट करने का विधान किया जाये ! वेद तो यह कहता है कि शूद्र के प्रति यदि हमसे कोई अपराध हो जाता है, तो उसका प्रायश्चित करें– **यच्छूद्रे यदर्ये यदेनश्चकृमा वयं तस्यावयजनमसि** (य० २०. १७)। इसके अतिरिक्त निम्न मन्त्र में दास और दस्यु दोनों को एक माना गया है, उनकी परिभाषा भी दी गयी है तथा उनके प्रति क्या व्यवहार होना चाहिए, यह भी बताया गया है।

अकर्मा दस्युरभि नो अमन्तुरन्यव्रतो अमानुषः।
त्वं तस्यामित्रहन् वधर्दासस्य दम्भय ॥ ऋ० १०. २२. ८

दस्यु या दास वह है जो निकम्मा है, नास्तिक है, विपरीत कर्म हिंसा आदि करने वाला है, मनुष्यों की श्रेणी में आने योग्य नहीं है। अमित्रहन्ता राजा का कर्त्तव्य है कि उसके शस्त्र को या उससे होने वाले वध को विनष्ट कर दें।

ब्राह्मण के कर्म

वेदों में ब्राह्मण अर्थ को द्योतित करने के लिए ब्रह्मन् ब्राह्मण, ग्रावन्, देव, कण्व विपश्चित्, बृहस्पति, ब्रह्मणस्पति वाचस्पति आदि शब्द प्रयुक्त हुए हैं। ब्राह्मण शब्द वेद में एक आद्युदात्त उपलब्ध होता है, जो नपुंसक लिंग में है तथा ब्रह्मज्ञान का वाचक है दूसरा अन्तोदात्त मिलता है जो ब्रह्मज्ञानी या ब्राह्मण मनुष्य अर्थ को देता है।

ब्राह्मण के प्रमुख वेदोक्त कर्त्तव्य हैं— अध्यापन करना, उपदेश देना, राजा को परामर्श देना, चिकित्सा करना, पौरोहित्य करना और दान लेना। अथर्व ५.२४ में पुरोधा, प्रतिष्ठा, चित्ति, आकूति, आशी: और देवहूति ब्रह्मकर्म कहे गये हैं। यहां 'पुरोधा, से पौरोहित्य, 'प्रतिष्ठा' राष्ट्र का यश, 'चित्ति' से ज्ञान देना, 'आकूति' से मनोबल उत्पन्न करना 'आशी:' से आशीर्वाद देना और 'देवहूति' से स्वयं यज्ञ करना अभिप्रेत है।

ब्राह्मण का प्रथम कर्म - अध्यापन

शिक्षक ब्राह्मण को कैसा विद्वान् और शिक्षापटु होना चाहिए इस विषय में वेद का कथन है—

सं पूषन् विदुषा नय यो अञ्जसाऽनुशासति।
य एवेदमिति ब्रवत्॥ ऋ० ६.५४.१

प्रजा पूषा अर्थात् पुष्टिप्रद राजा से कह रही है कि आप हमें ऐसा विद्वान गुरु प्राप्त कराइये जो जटिल से जटिल विषय को भी जल्दी और इस प्रकार पढ़ाये कि पाठ्य विषय हस्तामलकवत् स्पष्ट होता चले।

अध्यापन के विषय में अथर्ववेद प्रथम काण्ड का प्रथम सूक्त विशेष रुप से अवलोकनीय है, जिसमें आचार्य को वाचस्पति और वसोष्पति नामों से स्मरण किया गया है। वाचस्पति से यह सूचित होता है कि शिक्षक का वाणी पर अधिकार होना चाहिए और 'वसोष्पति' उसके विद्याधन के स्वामित्व को व्यक्त करता है।

ये त्रिषप्ता: परियन्ति विश्वा रूपाणि बिभ्रत:।
वाचस्पतिर्बला तेषां तन्वो अद्य दधातु मे॥१॥

जो सत्व, रजस्, तमस् इन तीन में समवेत (त्रिषु सप्तत: षप समवाये) महत्, अहंकार, पंचतन्मात्र आदि तत्व विविध प्राणी सूर्य, चन्द्र, तारागण वृक्ष वनस्पति आदि विभिन्न रुपों को धारण किये हुए चारों ओर विद्यमान है, उनके स्वरुप को वाचस्पति ब्राह्मण आचार्य हमें हृदयंगम कराये।

पुनरेहि वाचस्पते देवेन मनसा सह ।
वसोष्पते निरमय मय्येवास्तु मयि श्रुतम् ॥२॥

हे वाचस्पति आचार्य, आप दिव्य मन के साथ पुनः पुनः हमारे मध्य आइये । हे विद्याधन के अधिपति, आप हमें ऐसी रमण-पद्धति से पढ़ाइये कि श्रवण किया हुआ शास्त्र सदा हमारे अन्दर बना रहे ।

इहैवाभि वि तनूभे आर्त्नी इव ज्यया ।
वाचस्पतिर्नि यच्छतु मय्येवास्तु मयि श्रुतम् ॥३॥

जैसे प्रत्यञ्चा से दोनों धनुष्कोटियों को तान देते हैं ऐसे ही वाचस्पति ब्राह्मण विद्या के दोनों सिरों (आरम्भ और अन्त) को हमारे अन्दर तान दे, जिससे सुना हुआ शास्त्रोंपदेश कभी विस्मृत न हो ।

इस सूक्त से आचार्य के गुण, अध्यापन पद्धति गुरुशिष्य के पारस्परिक संबन्ध आदि पर अच्छा प्रकाश पड़ता है ।

ब्राह्मण गुरु का कार्य विद्या पढ़ाने तक ही सीमित नहीं है अपितु शिष्य के मन्, वाणी आदि में कोई दोष है, तो उन्हें भी वह दूर करता है—

यन्मे छिद्रं मनसो यच्च वाचः सरस्वती मन्युमन्तं जगाम ।
विश्वैस्तद् देवैः सह संविदानः संदधातु बृहस्पतिः ॥ अ० १९.४०.१

ब्रह्मचारी कह रहा है कि मेरे मन, वाणी आदि में यदि कोई छिद्र हैं, जिससे सरस्वती मुझसे क्रुद्ध हो गयी है, तो सब अन्य गुरुजनों के साथ मिल कर ब्राह्मण आचार्य उस छिद्र को भर देवे ।

अथर्ववेद के ब्रह्मचर्यसूक्त में कहा है कि ब्राह्मण की दो गुह्य निधियां होती है, एक अपरा विद्या, दूसरी परा विद्या । ब्रह्मचारी ब्राह्मण गुरु से अध्ययन करके तप से उनकी रक्षा करता है—

अर्वागन्यः परो अन्यो दिवस्पृष्ठाद् गुहा निधीनिहितौ ब्राह्मणस्य ।
तौ रक्षति तपसा ब्रह्मचारी ।। अ० ११५.१०

ब्राह्मण का द्वितीय कर्म–उपदेश देना

संन्यास लेने का अधिकार ब्राह्मण को ही है । ब्राह्मण संन्यासी, बनकर या संन्यास से पूर्व भी जनता को उपदेश करता है । वैदिक 'ग्रावा' शब्द का सामाजिक अर्थ उपदेशक विद्वान् ब्राह्मण होता है– 'गृणन्ति, उपदिशन्ति इति ग्रावाणः गुरवो विद्वांसः' । 'विद्वांसो हि ग्रावाणः', श० ब्रा० ३.६ ३.१४ । उन्हें सम्बोधन करके वेद कहता है—

ग्रावाणो अप दुच्छुनामप सेधत दुर्मतिम् ।
उस्राः कर्तन भेषजम् ।। ऋ० १०.१७५.२

हे उपदेशक ब्राह्मणों, तुम समाज से दुर्गति को और दुर्मति को दूर करो । हे दुराचार छुड़ाने वालो, तुम विकृत समाज की उपदेश द्वारा चिकित्सा करो । उत्सारयन्ति पापदुराचारादिकं ये ते उस्राः) ।

ब्राह्मण का तृतीय कर्म–राजा को परामर्श देना

क्षत्रिय राजा को परामर्श देना भी ब्राह्मण का एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है । राजनीतिज्ञ विद्वान ब्राह्मणों को राजा अपनी सभा और समिति का सदस्य बनाना है और उनसे वर्चस्विता तथा विज्ञान ग्रहण करता है—

ये ते के च सभासदस्ते मे सन्तु सवाचसः ।
एषामहं समासीनानां वर्चो विज्ञानमाददे । अ० ७ १ २३

वेद कहता है—

नैतां ते देवा अददुस्तुभ्यं नृपते अत्तवे ।
मा ब्राह्मणस्य राजन्य गां जिघत्सो अनाद्याम् ।। अ० ५.१८.१

हे राजन् दिव्य प्रजाओं ने तुम्हें ब्राह्मण की वाणी रुप गाय दी है, वह खाने अर्थात् उपेक्षा करने के लिए नहीं दी । अतः उसकी उपेक्षा मत कर ।

य एनं हन्ति मृदुं मन्यमानो देवपीयुर्धनकामो न चित्तात् ।

सं तस्येन्द्रो हृदयेऽग्निमिन्धे उभे एनं द्विष्टो नभसी चरन्तम् ॥ अ० ५.१८.५

जो राजा धनसंग्रह में ही लगा रहता हैं और नासमझी से ब्राह्मण को मृदु मान कर उसकी उपेक्षा करता है, उसके हृदय में आग भभक उठती है अर्थात् स्वयं वह पश्चाताप की आग में जलता है और दोनों लोक अर्थात् नर-नारी उससे द्वेष करने लगते हैं ।

तद् वै राष्ट्रमास्रवति नावं भिन्नामिवोदकम् ।

ब्राह्मणं यत्र हिंसन्ति तद् राष्ट्रं हन्ति दुच्छुना ॥ अ० ५.१९.८

ब्राह्मण की वाणी का अनादर उस राष्ट्र को जर्जर कर देता है, जैसे फूटी नौका को नदी का पानी । ब्राह्मण की जहां हिंसा अर्थात् उपेक्षा होती है उस राष्ट्र को दुर्गति विनष्ट कर देती है ।

इससे विपरीत जहां ब्रह्म और क्षत्र परस्पर मिलकर चलते हैं, वह राष्ट्र भाग्यशाली होता है—

यत्र ब्रह्म च क्षात्रं च सम्यञ्चौ चरतः सह ।

तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषम् ॥ य० २०. २५

ब्राह्मण का चतुर्थ कर्म–चिकित्सा

वेद के अनुसार ब्राह्मण का एक कार्य रोगियों की चिकित्सा करना भी है । ऋग्वेद के औषधीसूक्त में भिषक् का लक्षण इस प्रकार किया गया है—

यत्रौषधीः समग्मत राजानः समिताविव ।

विप्रः स उच्यते भिषग् रक्षोहामीवचातनः ॥ ऋ० १० ९७.६

अर्थात् वह ब्राह्मण भिषक् कहलाता है, जिसके पास जैसे राजा लोग अपनी अपनी स्थिति के अनुसार यथास्थान समिति में बैठते है ऐसे ही ओषधियां गुणधर्मानुसार व्यवस्थित रुप से रखी रहती हैं, और जो रोग कृमि रुप राक्षसों को नष्ट करने वाला तथा रोगों को समूल उन्मूलित करने वाला होता है ।

इसी सूक्त में ओषधियों का अपने राजा सोम के साथ आलंकारिक संवाद वर्णित है। वे राजा सोम को कहती है कि जिस रोगी पर ब्राह्मण वैद्य हमारा प्रयोग करता है उसे हम रोग से पार लगा देती हैं—

ओषधयः सं वदन्ते सोमेन सह राज्ञा ।
यस्मै कृणोति ब्राह्मणस्तं राजन् पारयामसि ॥ मन्त्र २२

अथर्ववेद में अपामार्ग ओषधि को संबोधन करके कहा गया है कि हे ओषधि, तू मेधावी ब्राह्मण वैद्य के द्वारा प्रयुक्त होकर तेजस्विनी सेना के समान रोगी के पास पहुंचती है, जिससे उसका रोगभय समाप्त हो जाता है—

ब्राह्मणेन पर्युक्तासि कण्वेन नार्षदेन ।
सेनेवैषि त्विषीमती न तत्र भयमस्ति यत्र प्राप्नोष्योषधे ॥ अ० ४.१९.२

परन्तु चिकित्सा एक मात्र ब्राह्मण का ही कर्तव्य नहीं है, उसे वैश्य भी कर सकता है । ऋग्वेद में एक वैश्य गृहपति अपने परिवार के कार्यों का परिचय देता हुआ कह रहा हैं कि मैं स्वयं शिल्पी हूं, मेरा पुत्र वैद्य है, मेरी माता भाड़ में अनाज भूनती है या चक्की चलाती है । हम धन कमाने के लिए भिन्न-भिन्न व्यवसाय करते है ।

कारूरहं ततो भिषगुपलप्रक्षिणी नना ।
नानाधियो वसूयवः ॥ ऋ.११२.३

ब्राह्मण और वैश्य के द्वारा किये जाने वाले चिकित्सा कार्य में अन्तर यह है कि ब्राह्मण का संयुक्त आर्थिक दृष्टिकोण नहीं होता, परन्तु वैश्य धन कमाने के लिए चिकित्सा करता हैं ।

ब्राह्मण का पाँचवा कर्म— पौरोहित्य

देवों में अग्नि का एक आधि भौतिक अर्थ ब्राह्मण है। इसीलिए अग्नि को वेद में 'विप्र', 'द्विजन्मा' 'यज्ञस्य विद्वान्', 'पुरोहित' आदि कहा गया है। अग्नि नाम से ब्राह्मण के पौरोहित्य कर्म का वर्णन वेद में पर्याप्त मिलता है। ऋग्वेद के प्रथम मन्त्र में ही कहा है— "अग्नि का मैं सत्कार करता हूं, जो यज्ञ का पुरोहित है, 'देव' अर्थात् ब्राह्मण है, 'ऋत्विज् है' 'होता' है, दक्षिणा में रत्न ग्रहण करने वाला है"—

अग्निमीड़े पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।
होतारं रत्नधातमम् ॥ ऋ० १.१.१

इसी अग्नि नाम से ब्राह्मण को कहा गया है— "हे ब्राह्मण, तू होता, पोता, नेष्टा, आनीत्, प्रशास्ता और ब्रह्म नामके ऋत्विजों का कर्म करता है, तू 'अध्वर' यज्ञ करनें की इच्छा रखता है।

तवाग्ने होत्रं तव पोत्रमृत्वियं तव नेष्ट्रं त्वमग्निदृतायत: ।
तव प्रशास्त्रं त्वमध्द वरीयसि ब्रह्म चरसि मृहपतिश्च नो दमे ॥ ऋ० २.१.२

यज्ञकुशल सुयोग्य ब्राह्मण को पाकर यजमान कह रहा है— जिसे हम मन से चाहते थे वह आ गया है, जो यज्ञ का विद्वान् है, यज्ञ के प्रत्येक अंग को जानने वाला है— **यमैच्छाम मनसा सोऽयमागाद् यज्ञस्य विद्वान् पुरुषश्चिकित्वान्** ऋ० १०.५३.१ ।

इसी अग्निशब्दवाच्य ब्राह्मण के सम्बन्ध में अन्यत्र कहा है, ब्राह्मण यज्ञ का विद्वान् है, वह हमारे यज्ञ को सम्पन्न करे— **अग्निर्विद्वान् यज्ञ नः कल्पयाति** (ऋ० १०.५२.४)। ब्राह्मण यज्ञ को सिद्ध करने वाला है— **विप्रो यज्ञस्य साधनः** (ऋ० ३.२७.८)। इसी ब्राह्मण के संबन्ध में यजमान लोग कहते हैं— "हम हाथ जोड़ कर, नमस्कारपूर्वक आपको पूर्ण आदर देते हैं। यज्ञ में निपुण 'विप्र' आप त्रुटिरहित विधियों एवं वेदमन्त्रों से मनोयोगपूर्वक हमारा यज्ञ कराइये—

वयं ते अद्य ररिमा हि काममुत्तानहस्ता नमसोपसद्य ।
यजिष्ठो मनसा यस्ति देवानस्त्रेधता मन्मना विप्रो अग्ने ।। ऋ० ३.१४.५

ऋग्वेद में कहा है कि जागरुक ऋत्विज लोग अनेक प्रकार से विधिविधान एवं मन्त्रपाठ करते हुए जो यज्ञ का संचालन करते हैं, उसमें यजमान की विशेष प्रज्ञा नहीं होती, अपितु जो अनूचान ब्राह्मण ऋत्विज् नियुक्त होता है, उसी की होती है—

यमृत्विजो बहुधा कल्पयन्तः सचेतसो यज्ञमिमं वहन्ति ।
यो अनूचानो ब्राह्मणों युक्त आसीत् का स्वित् तत्र यजमानस्य संवित् ।।ऋ ८.५८ १

ब्राह्मण का षष्ठ कर्म–दान लेना

दान लेना केवल ब्राह्मण का ही अधिकार है, किसी अन्य वर्ण का नहीं । अथर्ववेद में ब्राह्मणों को बैल, गाय, चांदी, सोना आदि देने का सुफल बताया गया है । ब्राह्मणों को दुधारु गाय का दान करने से दाता सब लोकों को अर्थात् सब उच्च स्थितियों को पा लेता है । गाय में सत्य, ज्ञान और तप अर्पित होता है अतः गाय के दान से दाता को इनकी प्राप्ति हो जाती है—

ब्राह्मणेभ्यो वशां दत्त्वा सर्वाल्लोकान्त्समश्नुते ।
ऋतं ह्यस्यामार्पितमपि ब्रह्माथो तपः ।। अ० १०.१०.३३

कोई गृहपति कह रहा है कि मेरे पास ज्योति और अमृत रूप हिरण्य है खेत का पका हुआ अन्न है, यह मेरी कामधेनु है । यह धन मैं ब्राह्मणों को दान दे रहा हुं । इससे पितृजनों के लिए स्वर्ग अर्थात् सुख का मार्ग सिद्ध होगा—

इदं मे ज्योतिरमृतं हिरण्यं पक्वं क्षेत्रात् कामदुघा म एषा ।
इदं धनं निदधे ब्राह्मणेषु कृण्वे पन्थां पितृषु यः स्वर्गः ।। अ० ११.१.२८

द्वितीय वर्ण क्षत्रिय

क्षत्रियों के संबन्ध में वेद में क्षत्र एवं क्षत्रिय शब्दो के अतिरिक्त राजन्, राजन्य, इन्द्र, मरुतः आदि शब्दों का भी प्रयोग हुआ है । क्षत्र शब्द उणादिकार ने क्षद् धातु से

त्र प्रत्यय करके सिद्ध किया है (उ० ४/१६८)। उणादि की दयानन्दवृति के अनुसार 'क्षदति रक्षतीति क्षत्रम्'। कालिदास ने क्षत पूर्वक त्रैङ् पालने से क्षत्र की सिद्धि मानी है– क्षतात् किल त्रायत इत्युदग्रः क्षत्रस्य शब्दो भुवनेषु रुढः (रघुवंश २/५३)। 'क्षत्रिय' शब्द पाणिनि के मत में क्षत्र शब्द से अपत्य अर्थ में घ प्रत्यय करके निष्पन्न होता है (पा० ४.१.१३८)। पाणिनि राजन्य, क्षत्रिय राजा की क्षत्रिय सन्तान को मानते हैं (पा० ४.१.१३७)। 'इन्द्र' का आधि भौतिक अर्थप्रसंगानुसार क्षत्रिय राजा या सेनाध्यक्ष होता है। 'मरुतः' क्षत्रिय योद्धाओं के लिए आता है, जो मरने मारने को तैयार रहते हैं (मृङ् प्राणत्यागे)। क्षत्रियों को वेद में कई वर्गों में बांटा गया है— १. क्षत्रिय राजा २. सेनाध्यक्ष, ३. सैनिक योद्धा ४. क्षत्रिय राजकर्मचारी।

१. क्षत्रिय राजा

वैदिक विधान एवं परम्परा के अनुसार राजा क्षत्रिय ही होता है— **इममिन्द्र वर्धय क्षत्रिय म इम विशामेकवृषं कृणु त्वम्** (अ० ४.२२.१)। वह प्रजाओं में से चुना जाता है– **त्वाँ विशो वृणतां राज्याय** (अ. ३.४.२)। राज्य का संचालन त्रुटिपूर्ण होने पर वह पदच्युत किया जा सकता है। पुरोहित निर्वाचित राजा का अभिषेक करता हुआ कह रहा है—

आत्वा हार्षमन्तरेधि ध्रुवस्तिष्ठाविचाचलिः।
विशस्त्वा सर्वा वाञ्छन्तु मा त्वद् राष्ट्रमधि भ्रशत्॥ अ. १०.१७३.१

"मैं तुझे प्रजा के बीच से चुनकर लाया हूं, तू राजा बनकर भी प्रजा के मध्य में रह। स्थिर होकर बैठ, विचलित न हो। सब प्रजाएं तुझे चाहती रहें। ऐसा अवसर न आये कि राष्ट्र तुझसे छीना जाये।"

आत्वा गन् राष्ट्रं सह वर्चसोदिहि प्राङ् विशांपतिरेकराट् त्वं विराज।
सर्वास्त्वा राजन् प्रदिशो ह्वयन्तु पसद्यो नमस्यो भवेह॥ अ० ३.४.१

तुझे राष्ट्र प्राप्त हुआ है, तू अपने प्रताप के साथ उदित हो। प्रगति कर, प्रजाओं का पति एवं एकच्छत्र राजा के रूप में शोभित हो। हे राजन्, सब प्रदिशाएं तुझे अपने बीच बुलायें। तू उनके समीप पहुंचने वाला होकर उनका नमस्करणीय बना रह।

राजा के कार्य

राजा के प्रमुखतः द्विविध कार्य हैं— १. राज्य की पुष्टि २. शत्रुओं को वश में करना— **यः सग्रामान्नयति सं युधे वशी यः पुष्टानि संसृजति द्वयानि** (अ० ४.२४.७)। राज्य की पुष्टि में शिक्षा के सुप्रबन्ध द्वारा ज्ञान विज्ञान की उन्नति करना, चिकित्सा की सुव्यवस्था करना, विभिन्न आविष्कारो द्वारा कृषि कल-कारखानों, यातायात आदि को उन्नत करना, प्रजा पर यथोचित कर लगाकर लोकोपयोगी कार्य करना आदि आते हैं, जिनका वेदों में वर्णन मिलता है। यदि राष्ट्र के अन्दर तस्कर, डाकू, लुटेरे, रिश्वतखोर, आंतकवादी आदि उत्पन्न हो गये हैं, तो उनका यथोचित दण्ड आदि द्वारा सुधार करना राजा का कर्तव्य है। इसके अतिरिक्त यदि राष्ट्र के कोई बाह्य शत्रु उत्पन्न हो गये हैं तो उन्हें साम, दान, भेद द्वारा शान्ति की राह पर लाना और शान्ति के मार्ग पर नहीं आते, तो उनसे युद्ध करके उन्हें पराजित या नष्ट करना भी राजा के वेदोक्त कर्तव्यों में आता हैं। वेदों में अनेक मन्त्र ऐसे आते हैं, जिनमें शान्ति एवं सौहार्द की कामना की गयी है। परन्तु जिसने अशान्ति एवं आतंक के पथ पर चलने का प्रण ही ठाना हुआ है, उसके लिए राजा को उद्बोधन देते हुए वेद का कथन है—

उत्तरस्त्वमधरे ते सपत्ना ये के च राजन् प्रतिशत्रवस्ते।
एकवृष इन्द्रसखा जिगीवां छत्रूयतामाभरा भोजनानि ॥
सिंहप्रतीको विशो अद्धि सर्वा व्याघ्रप्रतीकोऽववाधस्व शत्रून्।
एकवृष इन्द्रसखा जिगीवां छत्रूयतामा खिदा भोजनानि ॥ अ० ४ ३२ ६ ७

हे राजन्, तू उन्नत हो, आक्रान्ता और जो तेरे मुकाबले के शत्रु हैं, वे नीचे हों जाएं। अद्वितीय वीर, सेनानी रूप सखा से युक्त और विजेता तू शत्रुता करने वालों का भोजन छीन ले। सिंह बन कर तू सब उपद्रवियों को हड़प ले, बाघ बन कर तू शत्रुओं को गिरा दे।

२. क्षत्रिय सेनापति

सेनापति में प्रधान सेनाध्यक्ष, स्थलसेनाध्यक्ष, जलसेनाध्यक्ष, वायुसेनाध्यक्ष और अलग-अलग दलों के छोटे सेनाध्यक्ष सब आ जाते है। वेद का सेनापति अपनी ओजस्विनी वाणी में कह रहा है—

मेरा ज्ञान अतितीक्ष्ण है, पराक्रम और बल अतितीक्ष्ण है। मेरे उन सैनिकों का क्षात्रबल भी अतितीक्ष्ण हो, जिनका विजयशील मैं सेनानायक हूं—

संशितं म इदं ब्रह्म संक्षितं वीर्यं बलम्।
संशितं क्षत्रमजरमस्तु जिष्णुर्येषामस्मि पुरोहितः ॥अ० ३.१९.१

मैं शत्रुओं के राष्ट्र को विच्छिन्न कर दूंगा, उनके ओज वीर्य और बल को विच्छिन्न कर दूंगा। इस आक्रमण रुप हवि द्वारा में वैरियों की भुजाएं काट दूंगा—

समहमेषां राष्ट्रं स्यामि समोजो वीर्यं बलम्।
वृश्चामि शत्रूणां बाहूननेन हविषाहम्॥ अ० ३.१९ २

एक अरब सैनिकों के सेनापति अर्बुदि को उत्साहित करते हुए वेद कहता है—
'हे देवजन अर्बुदि, अपनी सेना के साथ तू उठ खड़ा हो, सन्नद्ध हो जा। रिपुओं की सेना को भग्न करता हुआ तू उसके सैनिकों को पाशों से बांध ले—

उत्तिष्ठ त्वं देवजनार्बुदे सेनया सह।
भञ्जन्नमित्राणां सेनां भोगेभिः परिवारय॥ अ० ११.९ ५

यहां सेनापति को देवजन कहा गया है, क्योंकि उसका उद्देश्य हिंसा करना नहीं है। वह शान्ति का इच्छुक है, युद्ध तो विवक्षता में कर रहा है।

३. क्षत्रिय सैनिक या योद्धा

क्षत्रिय सैनिको को वेद में वीराः, देवाः, नरः, मर्याः मरुतः कह कर पुकारा गया है। वे शत्रुओं को विशेष रुप से प्रकम्पित करने के कारण या विक्रम दिखाने के कारण वीर (वि–ईर गतौ कम्पने च, वीर विक्रान्तौ) रणक्रीडा करने के कारण देव (दिवु

क्रीडादी), बहादुर होने के कारण 'नरः' और मरने-मारने के लिए तैयार रहने के कारण 'भर्मः' और 'मरुतः' (मृङ प्राणत्यागे) कहलाते हैं। वेद में सेनापति अपने वीर सैनिकों का परिचय देता हुआ कह रहा है –

तीक्ष्णीयांसः परशोरग्नेस्तीक्ष्णतरा उत।
इन्द्रस्य वज्रात् तीक्ष्णीयांसो येषामस्मि पुरोहितः॥ अ० ३.१६-४

मैं जिनका अग्रनेता हूं वे मेरे वीर परशु से भी अधिक तीक्ष्ण हैं, अग्नि से भी अधिक तीक्ष्ण हैं, इन्द्र के वज्र से भी अधिक तीक्ष्ण हैं।

अपने वीर सैनिकों को उत्साहित करता हुआ वह कहता है—

उत्तिष्ठत सं नह्यध्वमुदाराः केतुभिः सह।
सर्पा इतरजना मित्राननु धावत॥ अ० ११.१०.१

उठ खड़े हो, सन्नद्ध हो जाओ, हे वीरो, अपने राष्ट्रध्वजों के साथ। जो सांप हैं, सांप के समान डसने वाले हैं, अभद्रजन हैं, पराये हैं, अमित्र हैं, राक्षस हैं, उनके पीछे दौड़ पड़ो।

वेद में वीर सैनिकों की युद्धोचित वेशभूषा का वर्णन भी बड़ा सजीव है–

अंसेषु व ऋष्टयः पत्सु खादयो वक्षःसु रुक्मा मरुतो रथेशुभः।
अग्निभ्राजसो विद्युतो गभस्त्योः शिप्राः शीर्षसु वितता हिरण्ययीः॥

हे वीरो, तुम्हारे कन्धो पर बन्दूके (ऋष्टियां) हैं, पैरों में फौजी बूट हैं, छाती पर सुनहरी बैज हैं, युद्धरथ पर बैठे, तुम शोभित हो रहे हो हे अग्नितुल्य तेजस्वी सैनिकों, तुम्हारे हाथों में विद्युतशस्त्र हैं, सिरों पर सुनहरे शिरस्माण हैं।

इनके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर रक्षार्थ नियुक्त राज कर्मचारी, पुलिस के सिपाही, पुलिस-विभाग के अध्यक्ष, पहरेदार आदि भी क्षत्रियों में आते हैं, जिनका वर्णन वेदों में मिलता हैं।

तृतीय वर्ण वैश्य

वेदों में वैश्य के वाचक शब्द वैश्य के अतिरिक्त आद्युदात्त 'विश्य' और आद्युदात्त 'अर्य' प्रयुक्त हुए हैं। स्वरितान्त 'विश्य' शब्द 'विशि भवः' आदि अर्थों में और अन्तोदात्त 'अर्य' शब्द स्वामी के अर्थ में आता है। क्वचित् प्रकरणानुसार प्रजावाची 'विशः' शब्द भी वैश्यों के लिए आया है। वैश्य का कार्य कृषि, पशुपालन वाणिज्य, एवं विभिन्न व्यवसाय करना है। वेदों में किसान के लिए कृषि, कृषीवन् कृष्ट वधि और कीनाश शब्द, 'पशुपालक के लिए पशुप पशुपाः पशुपति, पशुरक्षि, गोपति, गोपाल, अजपाल, अविपाल, हस्तिप, अश्वप शब्द एवं व्यापारी के लिए वणिक् शब्द प्रयुक्त हुए हैं।

कृषि

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में भावयव्य की दानस्तुति के प्रसंग में एक ऋचा का उत्तरार्ध इस प्रकार है—

सुबन्धवो ये विश्या इव व्राः
अनस्वन्तः श्रव ऐषन्त पज्राः ॥ ऋ० १२६–५

अर्थात् शकर वाले सुबन्धु जन ऐसे ही भावयव्य से अन्न के दान की इच्छा करते हैं, जैसे शकटों के स्वामी वैश्य लोग कृषि द्वारा अन्न उत्पन्न करना चाहते हैं। इससे वैश्यों के कृषि रूप कर्त्तव्य पर प्रकाश पड़ता है।

पशुपालन

पशुपालन के कई सूक्ष्म वेदों में आये हैं। पशुओं के सम्बन्ध में कहा गया है—

इमं गोष्ठं पशवः संस्रवन्तु बृहस्पतिरानयतु प्रजानन्।
सिनीवाली नयत्वाग्रमेषामाजग्मुषो अनुमते नियच्छ ॥ अ० २. २६.२

इस गोशाला में पशु प्रवाह के साथ एक-एक करके आयें। गृहपति इन्हें पहचानता हुआ अन्दर लाये। अन्न की स्वामिनी गृहपत्नी इनके सम्मुख घास-चारा

आदि डाले। हे पशुओं के प्रति अनुकूल प्रति रखने वाली गृहपत्नी, आये हुए इन पशुओं को तू बांध।

मुझ गोपाल के पास गौएं स्थिर रूप से रहती हैं।

वाणिज्य

वाणिज्य के सम्बन्ध में अथर्ववेद काण्ड ३ का १५ वां सूक्त विशेष रूप से अवलोकनीय है। प्रजाजन कहते हैं– धनवान् वाणिक् को हम प्रेरित करते हैं। वह आये, हमारा अग्रनेता बने। व्यापार में प्रतिबन्धक शत्रु को तिरस्कृत करके वह हमारे लिए धनदाता बने–

इन्द्रमहं वणिजं प्रेरयामि स न ऐतु पुरएता नो अस्तु।
नुदन्नराति परिपन्थिनं मृगं स ईशानो धनदा अस्तु मह्यम् ॥१॥

इसके उत्तर में वणिक् कहता है–

द्यावापृथिवी के मध्य में स्थित अन्तरिक्ष में जो व्यापारियों के जाने–आने के बहुत से मार्ग हैं, वे दूध–घी से मेरी सेवा करें जिससे विदेश में क्रय–विक्रय करके मैं बहुत धन लाऊं।

ये पन्थानो बहवो देवयाना अन्तरा द्यावापृथिवी सं चरन्ति।
ते मा जुषन्तां पयसा घृतेन यथा क्रीत्वा धनमाहराणि॥

व्यापार में धन लगाकार धन की वृद्धि का इच्छुक मैं जिस मूलधन से क्रय-विक्रय करता हूं, वह मेरे पास बहुत है, कम नहीं। हे राजन् मूल पूंजी को भी गवां बैठने वाले अकुशल व्यापारियों को आप अपने आदेश के द्वारा व्यापार करने से रोको–

येन धनेन प्रपणं चरामि धनेन देवा धनमिच्छमानः।
तन्मे भूयो भवतु मा कनीयोऽग्ने सातघ्नो देवान् हविषा निषेध ॥५॥

उद्योग धन्धे

व्यापार के अतिरिक्त वैश्य द्वारा करणीय उद्योग–धन्धे या व्यवसाय वेदों में बहुत से वर्णित हुए हैं। यजुर्वेद १६ वें अध्याय में ही कुलाल (कुम्हार), कर्मार (लुहार), हिरण्यकार (सुनार), मणिकार, इषुकार, धनुष्कार, ज्याकार, रज्जुसर्ज (रस्सी बंटने वाला) सुराकार (आसव बनाने वाला), दार्वाहार (जंगल से लकड़ियां लाने वाला), चर्मघ्न (चमड़े का काम करने वाला) आदि विभिन्न उद्योग-धन्धे करने वाले पुरुषों के तथा विदलकारी (बांस चीरने वाली या दाल-दलिया आदि दलने वाली), कण्टकीकारी (कंघी बनाने वाली), पेशस्कारी (वार्निश आदि करके वस्तुओं को रुप देने वाली), वासःपल्पूली [वस्त्र धोने वाली], रजयित्री [वस्त्र रंगने वाली], अञ्जनी-कारी [अंजन बनाने वाली], कोशकारी [तलवार की म्यान या सन्दूक, थैले आदि बनाने वाली] इत्यादि स्त्रियों के नाम आये हैं, जिनसे विभिन्न उद्योग-धन्धों पर प्रकाश पड़ता है।

चतुर्थ वर्ण शूद्र

शूद्र शब्द वेदों में कुल १४ बार आया है। इनमें ५ पूर्वोक्त स्थल वे हैं, जिसमें चारों वर्णो के नाम दिये गये हैं। दो स्थानों पर स्त्रीलिंग 'शूद्रा' का प्रयोग है, और एक स्थल में 'शूद्रकृता' ऐसा समस्त पद है। एक मन्त्र में 'चाण्डाल' शब्द आया है (य० ३०-२१) जो शूद्र का ही एक भेद है। शूद्र के विषय में वेदों में अधिक नहीं कहा गया है। इतना ही विधान है कि सेवारुप तप के लिए शूद्र को नियुक्त करों–तपसे शूद्रम् (य० ३०.५)।

यह वैदिक वर्णव्यवस्था का संक्षिप्त रूप प्रस्तुत किया गया है। मन्त्र आदि द्वारा निर्दिष्ट वर्णव्यवस्था का आधार वेद ही हैं। मनु ने ब्राह्मण के कार्य अध्ययन–अध्यापन यजन–याजन, दान देना और दान लेना वर्णित किये हैं (मनु १.८८)। भगवद्गीता में ब्राह्मण के कर्म शम, दम, तप शौच, क्षान्ति, आर्जव, ज्ञान-विज्ञान और अस्तिकता बताये गये हैं (गीता १८.४३)। मनु ने क्षत्रिय के कर्म कहे है—

प्रजाओं की रक्षा करना, दान देना, यज्ञ करना, अध्ययन करना और विषयों में लिप्त न होना (मनु १.८६)। भगवद्गीता के अनुसार क्षत्रिय के कर्म हैं शौर्य, तेज, धृति, दक्षता, युद्ध से मुंह न मोडना दान देना और राजा बनकर सबके साथ यथायोग्य बर्तना (गीता १८.४३)। मनु स्मृति में वैश्य के कर्म हैं– पशुओं की रक्षा करना, दान देना, यज्ञ करना, अध्ययन करना व्यापार करना, ब्याज पर ऋण देना और कृषि करना (मनु १.९०) गीता में कृषि, गोरक्षा वाणिज्य वैश्य के कर्म बताये गये हैं (गीता १८.४४)। मनु के अनुसार प्रभु ने शूद्र का एक ही कर्म समादिष्ट किया है कि मन में निन्दा आदि का भाव न रखते हुए तीनों वर्णों की सेवा करना (मनु १.९१)। गीता में भी परिचर्या ही शूद्र का कर्तव्य माना गाया है (गीता १८.४४)।

वैदिक वर्णव्यवस्था जन्ममूलक या गुणकर्ममूलक ?

उक्त वैदिक वर्णव्यवस्था जन्ममूलक न होकर गुणकर्मभूलक है यह अथर्ववेद के ब्रह्मचर्यसूक्त से स्पष्ट है। वेद की दृष्टि में आचार्य जब बालक का उपनयन संस्कार करता है तब उसे गर्भ में धारण करता है— **आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिण कृणुते गर्भमन्तः** (अ० ११.५.३)। जब स्नातक बनाता है, तब बालक का दूसरा जन्म होता है। स्नातक बनाते समय आचार्य योग्यता के अनुसार उसे ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य वर्ण प्रदान करता है। जिसमें पढ़ने की योग्यता नहीं होती वह शूद्र कहलाता है। पहला जन्म माता–पिता से होता, उसके वर्ण स्थायी नहीं रहते। प्रथम जन्म का ब्राह्मण भी द्वितीय जन्म में क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र बन सकता है। इसी प्रकार प्रथम जन्म का शूद्र भी द्वितीय जन्म में ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य हो सकता है।

इसके अतिरिक्त अथर्ववेद में ही काण्ड १२, सूक्त ४ में ब्राह्मणों को गोदान करने का महत्त्व बताते हुए यह कहा गया है कि अविद्वान सौ ब्राह्मण भी गाय मांगें तो गोपति उन्हें गाय न दे, विद्वान ब्राह्मण को ही दे—

यदन्ये शतं याचेयुर्ब्राह्मणा गोपतिं वशाम्।
अथैनं देवा अब्रुवन्नेवं विदुशो वशा ॥ मन्त्र २२

इससे भी विदित होता है कि भले ही कोई जन्म से ब्राह्मण हो, किन्तु विद्वान् न हो तो वह ब्राह्मण नहीं है।

ऋग्वेद के दशम मण्डल के वर्षकामेष्टि सूक्त (१०.९८) की निरुक्तकार यास्क की व्याख्या के अनुसार उस सूक्त के पात्र देवापि और शन्तनु दोनों क्षत्रिय राजपुत्र हैं। परन्तु देवापि यज्ञविद्या का पाण्डित्य प्राप्त करके शन्तनु के वृष्टियज्ञ में पुरोहित बनता है। इससे भी वर्णव्यवस्था की गुणकर्ममूलकता पुष्ट होती है।

वर्णव्यवस्था का वैज्ञानिक आधार

प्रत्येक मनुष्य के अन्दर मन-मस्तिष्क, शारीरिक बल-वीर्य, ग्रहणशक्ति आदि भिन्न-२ होते हैं। अतः स्वभावतः प्रत्येक मनुष्य न प्रत्येक विषय का पण्डित हो सकता है, न प्रत्येक कार्य कर सकता है। कुछ के अन्दर ज्ञान-विज्ञान में पारंगत होने की शक्ति और रूचि होती है। कुछ ऐसे होते हैं, जो शारीरिक बल का अपने अन्दर विकास करके दूसरों की रक्षा के निमित्त समर्पित हो सकें। कुछ लोगों की शक्ति और रूचि कृषि, पशुपालन आदि व्यवसायों में होती है। कुछ ऐसे भी होते है जिनमें पढ़ने की योग्यता सर्वदा नहीं होती और वे सेवा के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सकते। प्रत्येक देश की प्रजा में ये चारों प्रकार के लोग होते हैं और वे इन कार्यों को करते हैं, भले ही वह देश इन्हें ब्राह्मण आदि नामों से न पुकारता हो। यह ब्राह्मणादि वर्णों का विभाग सर्वदा स्वाभाविक है और मनुष्य की शक्ति एवं योग्यता पर आधारित है। प्रत्येक देश अपने विद्वानों द्वारा ज्ञान-विज्ञान की उन्नति कराता है, प्रत्येक देश अपनी सैन्यशक्ति बढ़ाता है, प्रत्येक देश कृषि पशु-पालन, एवं विविध उद्योग-धन्धों का विकास करता है। एवं वस्तुतः वैदिक वर्ण-व्यवस्था प्रत्येक देश में प्रचलित है। यह मनुष्यों की शक्ति, योग्यता और रूचि पर आधृत होने से सर्वथा वैज्ञानिक, स्वाभाविक एवं अनिवार्य है।

वर्ण व्यवस्था तथा जाति व्यवस्था एक विश्लेषण

—डा० विभा गौड़

अध्यक्ष दर्शन विभाग हे०न०ब०ग०वि०वि० श्रीनगर गढ़वाल

प्राय: प्रत्येक समाज में स्तरीकरण की व्यवस्था आवश्यक रुप से पायी जाती है। जहां तक स्तरीकरण के स्वरुप का प्रश्न है, यह प्रत्येक समाज में वहां की परम्पराओं सामूहिक मूल्यों, राजनीतिक नीतियों और आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकता है। किसी-किसी समाज में यह स्तरीकरण स्थायी रुप ले लेता है जिस में हजारों वर्षो तक कोई परिवर्तन कठिनता से हो पाता है। इस का ज्वलन्त उदाहरण भारत में देखा जा सकता है। यूरोप में अधिकतर समाजों में स्तरीकरण में तीव्र गतिशीलता पायी जाती है।

सर्व प्रथम, वर्तमान युग में स्तरीकरण के सब से प्रमुख दो आधारों जाति तथा वर्ण की प्रकृति को समझ लेना चाहिये। जाति की उत्पत्ति को जात: शब्द से माना जाता है जिस का अर्थ जन्म से लिया जाता है। जाति एक बिल्कुल भिन्न सामाजिक व्यवस्था का वह स्वरूप है जिस में कुछ नियन्त्रणों के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन व्यतीत करना पड़ता है। जाति व्यवस्था के ही कारण जन्म से व्यक्ति को एक विशेष सामाजिक स्थिति प्रदान की जाती है। इस सामाजिक स्थिति में आजीवन कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है। इस के अतिरिक्त विभिन्न जातियों को एक दूसरे से अलग करने के लिये धार्मिक अनुष्ठान, सम्पर्क, रीतिरिवाज, विवाह एवं खान-पान आदि के लिये कुछ नियन्त्रण होते हैं जिसके फलस्वरूप विभिन्न जातियां एक दूसरे के प्रति कुछ सामाजिक दूरी का अनुभव करती है। कुछ जातियों का समाज में उच्च स्थान होता है एवं कुछ का निम्न। व्यक्तिगत योग्यता एवं कुशलता का जाति व्यवस्था में कुछ महत्त्व नहीं होता है। यही कारण है कि जाति से सम्बन्धित लगभग समस्त विचार 'जन्म' और 'सामाजिक दूरी' को आधार बनाते हुए प्रस्तुत किये गये हैं।

वर्ण शब्द संस्कृत भाषा के 'वृ' धातु से बना है। 'वृ' का अर्थ है वरण करना। इस प्रकार वर्ण का अर्थ है जिसे मानव अपने कर्म एवं स्वभाव से वरण या चुनाव

करता है। ऋग्वेद में वर्ण का प्रयोग रंग के लिये हुआ है। गौर वर्ण आर्यो एवं कृष्ण वर्ण दासों के लिये प्रयुक्त होता था। बाद में वर्ण शब्द का प्रयोग ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य एव शूद्र आदि चार सामाजिक वर्गो के लिए किया जाने लगा। आज के युग में वर्ण का सामान्य और प्रचलित अर्थ 'जाति' है।

जाति और वर्ण में अन्तर है। शाब्दिक अर्थ में भी वर्ण का अर्थ वरण करना और जाति का अर्थ जन्म (जन् धातु से उत्पत्ति) लेना हैं। दूसरे शब्दों में जाति जन्म से एवं वर्ण कर्म से निर्धारित होता है क्योंकि एक व्यक्ति जाति से ब्राह्मण और-कर्म से क्षत्रिय हो सकता है जैसे परशुराम ! कोई अन्य व्यक्ति जाति से क्षत्रिय और कर्म से ब्राह्मण हो सकता है जैसे राजा जनक (संख्या की दृष्टि से भी वर्ण केवल चार हैं परन्तु जाति की संख्या वर्तमान काल में चार हजार के आस-पास।

समाज में शान्ति और व्यवस्था को बनाये रखने के लिए प्रारम्भ में वर्ण व्यवस्था का लक्ष्य बहुत उच्च था। समाज के गठन के पश्चात् सामाजिक कार्यो को भली-भांति पूर्ण करने के लिये यह आवश्यक था कि कार्यो का विभाजन व्यक्ति की स्वाभाविक प्रकृति एवं प्रवृत्ति के अनुसार हो। प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के कार्यो को स्वयं ही सम्पादित नहीं कर सकता है। यह वर्ण व्यवस्था मनोवैज्ञानिक आधार पर हुई समाज की दृष्टि में समस्त वर्ण समान थे।

वैदिक काल में जाति जैसै किसी शब्द का उल्लेख नही मिलता। हिन्दू समाज में चातुर्वर्ण्य व्यवस्था का सम्बन्ध परम्परागत धारा से है। याज्ञवलक्य के मत में ब्रह्म ने पहले ववताओं के चार वर्ण बनाये। वृहदारण्यक उपनिषद में यह माना गया कि पहले केवल ब्राह्मण के अतिरिक्त कौर कोई वर्ण नहीं था। परन्तु ब्राह्मण स्वयं अपनी समृद्धि नहीं कर सकता था। इसौलिए क्षत्रिय की उत्पत्ति हुई। यह वर्ण इन्द्र, वरुण, सोम, रुद्र यम इत्यादि देवों से मिलकर बना। गुण कर्म के अनुसार ब्राह्मण का कार्य वेदा-ध्ययन माना गया क्योंकि उसमें सतो गुण की प्रधानता है। सतों गुण ज्ञान का प्रतीक माना जाता है, वेद का अध्ययन वास्तविक सत्ता के स्वरूप का ज्ञान प्रदान करता है। अतः ईश्वर के स्वरुप का ज्ञान प्राप्त करके चिन्तन करना ही ब्राह्मण का धर्म है।

क्षत्रिय का कार्य देश की रक्षा करना, प्रजा पर शासन करना है। मनुष्य की त्रिगुणात्मक प्रवृत्ति में रजोगुण की प्रधानता होने पर व्यक्ति अधिक क्रियाशील एवं शक्तिशाली बनता है और क्षत्रिय कहलाता है। तीसरा वर्ण वसु रुद्र, आदित्य, विश्वदेव आदि के रूप में वैश्य की उत्पत्ति हुई। वैश्य में भी रजोगुण की प्रधानता मिलती है जिसके कारण आसक्ति वश वह धर्म अर्थ को धारण करता है। वैश्य वर्ण में तमोगुण का निवास होने के कारण वह अधिक शक्ति के कार्यो को न कर के व्यापार में लग जाते है वैश्य के पश्चात् भी जब वर्ण व्यवस्था पूर्ण न लगी तो पूषन देव के रूप में शूद्र की उत्पत्ति हुई। पूषन देव पोषण करता है अर्थात् सेवक ! शूद्रों में तमोगुण की प्रधानता को माना गया है। अतः सत् रज् और तम् गुणों की मात्रा प्रत्येक व्यक्ति में भिन्न-भिन्न होती है। वर्ण व्यवस्था वास्तविक रूप में समाज का कर्मिक एवं चारित्रिक मूल्यांकन है।

प्रत्येक वर्ण के लोग आर्थिक अथवा अन्य किसी प्रकार के लाभ के लिये अपने व्यवसाय का त्याग नही करते थे। प्रत्येक व्यवसाय का अपना एक अलग संघ होता था। इस संघ का कर्त्तव्य उस व्यवसाय के समस्त लोगों का भरण पोषण करना होता था। इस प्रकार दीर्घकाल तक यह व्यवस्था निर्बाध गति से चलती रही क्योंकि लोगों में परस्पर सहयोग की भावना कायम थी। समाज में स्वतन्त्र प्रतिस्पर्धा के लिये कोई स्थान नहीं था। समाज का वैश्य वर्ण अन्य वर्णों को आर्थिक मदद दिया करता था शूद्र वर्ण, जिस का कर्त्तव्य लोगों की सेवा करना था, को वैश्य, क्षत्रिय, ब्राह्मण समय समय पर सहायता देते रहते थे।

वर्ण व्यवस्था से समाज का आर्थिक ढांचा सुदृढ़ होता था। बेरोजगारी जैसी कोई समस्या नहीं थी क्योकि वंशानुगत उद्यम को अपनाया जाता था जिसके कारण समाज में दक्ष एवं कुशल व्यक्तियों का आधिक्य होता था। व्यवसाय को सामाजिक कर्त्तव्य समझ कर किया जाता था। वर्ग वैमनस्य के लिये समाज में कोई स्थान नहीं था क्योंकि व्यवसाय को धन संग्रह का साधन नहीं समझा जाता था।

ब्राह्मण, वैश्य, क्षत्रिय एवं शूद्र वर्णो में समाज के वर्गीकरण का मुख्य उद्देश्य जन्म तथा वशानुगत उद्यम के आधार पर अलग-अलग वर्णो में पार्थक्य की स्थिति उत्पन्न

करना नहीं था अपितु सहकारी जीवन की ऐसी पद्धति का तर्कसंगत विकास करना है जिस से प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी अभिरुचियों, ज्ञान तथा क्षमताओं के अनुरूप व्यक्ति के योगदान तथा गुणों पर आधारित श्रम विभाजन के माध्यम से समाज को सुदृढ़ तथा सम्पन्न बनाया जा सके एवं समाज की सुरक्षा का आवश्यक प्रबन्ध किया जा सके ! अतः सिद्ध है कि व्यक्ति की अन्तर्निहित प्रकृति ही उस के कर्त्तव्य को निर्धारित किया करती है ।

भारत के पतन के साथ-साथ कालान्तर में वर्ण व्यवस्था का पतन भी प्रारम्भ हुआ । ऊंच-नीच के भाव के कारण ब्राह्मण को उच्च कोटि का और शूद्र को निम्न कोटि का माना जाने लगा । लोगों ने वर्ण व्यवस्था के अर्थ को बदल डाला वर्ण व्यवस्था ने कठोर जाति प्रथा का रूप ले लिया । यह प्रथा बर्तमान काल में एक अभिशाप बन गयी है । उत्तर वैदिक काल के आरम्भ में विभिन्न वर्णों में जब पृथकता की भावना बढ़ने लगी तब जैन एवं बौद्ध धर्मों का विकास हुआ जिस में जन्म को महत्त्व न देकर कर्म को महत्त्व दिया जाता था । इस से ब्राह्मणों की स्थिति में ह्रास हुआ । परन्तु शीघ्र ही इन धर्मों के पतन होने पर वर्ण व्यवस्था की उदार नीति पुनः जाति व्यवस्था की संकीर्णता में बदलने लगी । वर्ण व्यवस्था के स्थान पर जाति व्यवस्था का रूप धर्मशास्त्र युग में एक दम स्पष्ट हो गया । धर्म का महत्व अत्यधिक बढ़ जाने से जाति के नियमों का तनिक सा भी उल्लंघन हो जाने पर व्यक्ति का जाति से बहिष्कार कर दिया जाता था । फल स्वरूप अनेक उपज ातियों का निर्माण हुआ । ग्यारहवीं शताब्दी से मध्यकालीन युग का प्रारम्भ होता हैं । यह जाति प्रथा के इतिहास में अत्यधिक कलुषित समय रहा । भारत में मुसलमानों के प्रभाव के बढने के कारण रोज नये-नये प्रतिबन्धों के द्वारा विभिन्न जातियों को एक दूसरे से अलग कर दिया गया । सामाजिक समस्यायें अपनी चरम सीमा में पहुंच गयी । लेकिन उन्नीसवीं शताब्दी में ही स्वामी दयानन्द तथा राजा राममोहन राय महात्मा गान्धी इत्यादि प्रगतिवादी व्यक्तियों ने इस जाति प्रथा के विरोध में आवाज उठायी जिससे जाति व्यवस्था की कठोरता में कुछ कमी होने लगी ।

प्राचीन काल में व्यक्ति की आवश्यकतायें बहुत कम हुआ करती थी। ऐसे समाज के लिये वर्णव्यवस्था अति उत्तम एवं सफल थी। लेकिन आज के मानव की आवश्यकतायें अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही हैं। आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये मानव को अन्य उद्यमों की तलाश करनी होती है। पहले व्यक्ति का जीवन अत्यधिक सादा होता था। धन संग्रह की समस्या उसके सामने नहीं थी! व्यक्ति का जीवन विषमताओं से मुक्त था! परन्तु आज का युग भौतिकवाद का युग है। आज समाज का प्रत्येक व्यक्ति अधिकतम सुख सुविधा की ओर भाग रहा है। सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था इतनी अधिक जटिल हो गयी है कि व्यक्ति ऐसे व्यवसाय की ओर दौड़ रहा है जिस से वह कम से कम मेहनत एवं समय में अधिक से अधिक धन प्राप्त कर सके। यही कारण है कि वर्ण व्यवस्था वर्तमान समाज में लुप्त प्रायः है।

जैसा की मैं पहले भी कह चुकी हूं कि वर्तमान युग में 'वर्ण' का सामान्य और प्रचलित अर्थ 'जाति' है! इसी को दृष्टि में रखते हुये मैं कहना चाहती हूं कि वर्तमान काल में अस्पृश्यता उन्मूलन, स्वतन्त्र सामाजिक सम्पर्क और व्यावसायिक स्वतन्त्रता के वातावरण में जाति व्यवस्था के बन्धन स्थायी नहीं रह सकते हैं। परन्तु जाति के आधार पर अपने राजनीतिक और आर्थिक स्वार्थों को पूरा करने की मनोवृत्ति में यदि कमी नहीं आयी तो जातिगत नियन्त्रणों से पूर्ण छुटकारा पाने की सम्भावना बिल्कुल सोची भी नहीं जा सकती है। डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के विचार में 'दुर्भाग्यवश वही जाति प्रथा जिस का विकास सामाजिक संगठन की रक्षा के एक साधन के रूप में किया गया था, आज उसी समाज की उन्नति में बाधक बन रही है।"

जातिप्रथा का जो रूप हमारे सामने हैं उस से प्रतीत होता है जाति प्रथा का भविष्य सुरक्षित नहीं है। इस में लेशमात्र भी सन्देह नहीं है कि एक दिन ऐसा आयेगा जब जाति प्रथा का बिल्कुल ही अन्त हो जाएगा। कुछ विद्वानों का यह मत हो सकता है कि सामाजिक व्यवस्थाओं को एकाएक समाप्त न कर के यदि उनमें निहित कमियों को दूर कर दिया जाए तो वे पहले से कहीं अधिक उपयोगी और सार्थक सिद्ध हो हो सकती है जैसा कि डॉ० मजूमदार ने कहा है कि एक जाति का

दूसरी जाति के द्वारा शोषण और इसी प्रकार की सहयोगी प्रथाओं को नष्ट कर देना चाहिए न कि समुचिति व्यवस्था को; क्यों कि विषपूर्ण अंगुली को ही काटना उचित होगा न कि सम्पूर्ण हाथ को।" मजूमदार का यह तर्क उचित अवश्य है परन्तु जाति प्रथा ने समाज में शोषण और घृणा को बढ़ावा देकर समाज को इतना विषाक्त कर दिया है कि इसमें कोई सुधार की आशा करना असम्भव एवं व्यर्थ सा प्रतीत होता है।

निष्कर्ष रुप में मैं दो-तीन मुख्य बाते आप लोगों के सम्मुख रखती हूं :—

जहां तक वैदिक वर्ण व्यवस्था के वैज्ञानिक आधार पर प्रश्न है, यह रुपेण वैज्ञानिक है क्योंकि किसी भी व्यवस्थित ज्ञान (systematic knowledle) को ही विज्ञान कहा जाता है। वर्ण चूंकि उपाधियां है अतः इन उपाधियों का अर्जन क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित ज्ञान द्वारा ही होता है। कतिपय विद्वान मेरे इस कथन पर सन्देह कर सकते हैं लेकिन यह क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित ज्ञान गणितीय जैसे २ + २ = ४ या ज्यामितीय या भौतिक शास्त्रों के सम्भाव्य (Probable) या निश्चित ज्ञान से भिन्न प्रकार का हो सकता है।

प्रस्तुत लेख में वैदिक वर्ण व्यवस्था तथा आधुनिक जाति व्यवस्था का उल्लेख किया है। परन्तु मेरी निजी सम्मति में वर्ण तथा जाति में स्पष्ट भेद है। वर्ण जैसे ब्राह्मण एक उपादि है जब कि जाति सार्वभौम एवं नित्य है। जैसे 'मनुष्यत्व' वृक्षत्व स्पष्ट है कि मेरे विचार में वर्ण जन्मना: नहीं हो सकते जब कि जाति जन्मना: ही होती है जैसे मनुष्यत्व'। पुन: उपाधि अर्थात् वर्ण आश्रित रुप हैं जब कि जाति और जन्म साथ-साथ ही अस्तित्व में आते हैं। उपाधियां परिवर्तन शील होती है जैसे एक डाक्टर कलाकार हो सकता है आदि-आदि शायद यही कारण रहा है कि वेद, कर्म एवं स्वभाव के अनुसार ही वर्णोत्पत्ति बताते हैं। आजकल वर्ण को ही चूंकि जाति समझ लिया गया हैं, इसलिये वर्ण व्यवस्था या तो विकृति का शिकार हो चुकी है या नष्टप्राय:।

समस्त प्रकार के विवेचन से ऐसा प्रतीत होता है कि वैदिक वर्ण व्यवस्था आज भी विद्यमान है। हां, विचारणीय यह है कि राष्ट्रीय एकता के लिये ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र जैसी उपाधि नामों में यदि परिवर्तन की अपेक्षा हो तो देश के बिद्वानों को इस पर अवश्य विचार कर लेना चाहिये। क्योंकि हमारा मूल उद्देश्य तो व्यक्ति देश तथा समस्त समाज का कल्याण है। हमें अपने कर्तव्य मात्र का ही पालन करना चाहिये क्योंकि हमारे कर्त्तव्य ही तो हमारे अधिकारों की जननी हैं।

वर्ण व्यवस्थाः ब्रह्माण्ड व्यवस्था का वैज्ञानिक वर्गीकरण सिद्धान्त

वर्ण का सामान्य अर्थ यद्यपि मात्र रंग या रुप ही प्रारम्भ में रहा है लेकिन व्यवस्था एक समूची सामाजिक संस्था का बोध कराती है जिसमें अर्थ और राजनीति, विधि और व्यवस्था कर्तव्य और अधिकार सहित मनुष्यों के समस्त सामाजिक सम्बन्ध समाविष्ट होते हैं। इसलिए प्रारम्भिक अवस्था में वर्ण भले ही बाह्य प्रकृति का सूचक रहा हो लेकिन व्यवस्था से जुड़कर वह एक विराट् अर्थवत्ता एवं प्रभुसता का संवाहक बन जाता है। वैदिक वर्ण व्यवस्था से अभिप्राय न केवल यह है कि यह व्यवस्था वेद विहित है और न यह ही कि इस व्यवस्था के पुरस्कर्ता वे आर्य है जिनके पवित्र ग्रन्थ वेद थे। वस्तुतः वेद के साक्षात् कृत धर्मो ऋषियों ने ब्रह्माण्ड के अन्य तत्वों की भांति इस सामाजिक व्यवस्था का भी साक्षात्कार किया था। ब्रह्माण्ड की प्रकृति के आधार पर समाज की प्रकृति की पहचान मनोवैज्ञानिकों और दर्शन-शास्त्रियों के लिए सदैव ही चिन्तन का विषय रही है। साक्षात्कार का अभिप्राय यदि पदार्थ के धर्मों या सार तक पहुंचना हैं तो व्यवस्था के साक्षात्कार के लिए इसका अर्थ होगा समाज की समष्टि के स्वभाव-धर्मों का सूक्ष्म अकिलन।

वर्गीकरण मानव की विचार यात्रा की आधार भूमि है। विचार, प्रत्यक्षण, क्रिया और भाज्ज का प्राथमिक प्रतिफलन वर्गीकरण ही है। कोई भी बौद्धिक व्यापार वर्गीकृत रुप में हीं साकार हो सकता है। तार्किक विश्लेषण वर्ग विशिष्ट बोध के रूप में ही फलोतमुख है वर्गीकरण की योग्यता बृद्धि का विशिष्ट गुण है। उस योग्यता को अर्जित किए बिना हमारी जीवन यात्रा चल ही नहीं सकती। भौतिक जगत, सामाजिक–व्यवस्था, बौद्धिक चिन्तन सभी वर्गीकृत रूप में ही अपने अस्तित्व का बोध कराते हैं। स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा की दिशायें वर्गीकरण का विधियों में ही प्रशस्त हो सकती है। इसी को निरुक्तकार ने :'बिल्म ग्रहणाय" कहा है वैशेषिक दर्शन वर्गीकरण की इसी विशेषता के कारण अपने नाम को सार्थक करता है। कणाद ने इसी वर्गीकरण की वैज्ञानिकता को परख कर सूक्ष्मतम परमाणुओं में भी "विशेष" का साक्षात्कार किया। वर्णव्यवस्था इसी वर्गीकरण की विशेषता की

तार्किक परिणति है। सृष्टि में निहित नियमों अर्थात् व्यवस्था के घटकों के सादृश्य और समनुरूपता के आधार पर एक आदर्श एवं विकासोन्मुख सामाजिक संस्था के संगठन के लिए यह आवश्यक था कि उसके नागरिकों की क्षमताओं और योग्यताओं के अनुरूप दायित्वों की व्यवस्था की जाय। क्षमताओं की सम्भावनाओं के आकलन को जो सहायता आज वैज्ञानिक यन्त्र देते हैं उसके लिए उस आरम्भिक काल में यज्ञ-संस्थाओं की स्थापना की गई थी। वेदविद्या अधियज्ञ, अध्यात्म और अधिदेवता में तादात्म्य का साक्षात्कार करती है। इसीलिए ब्रह्माण्ड विद्या देवविद्या और समाज विद्या या समाज शास्त्र परस्पर अनुस्भूत है ब्राह्मण का ब्रह्माण्ड में पृथ्वी के देव वर्ग में अग्नि के साथ अपृथक् तादात्म्य है। प्रसिद्ध समाज शास्त्री मारशल का कहना है कि—

Society was not simply a model which classificatory thought followed; it was its own divisons which served as divis ons for the system of classification. The first logical categories were social categories; the first classes of things were classes of men, in to which there things were integrated. It was because men were grouped, and thought of them selves in the form of groups, that in their ideas they grouped other things, and in the beginning the two modes of grouping were merged to the point of being indirtinct.

यह वर्गीकरण आज की समाज शास्त्रीय सम्भावनाओं की तरह न किसी कुलीन तंत्र पर आधारित था न मानसिक और शारीरिक श्रम पर नहीं कि इस विभाजन के मूल में आर्थिक संसाधनों की पृष्ठ भूमि थी। न वर्ग विशेष के लिए किसी विशेषाधिकार की व्याख्या थी। वस्तुतः वर्ण का साक्षात्कार संभहाराओं ने मानवीय चरित्रों में ही नहीं अपितु ब्रह्माण्ड की समस्त चर-अचर ईकाइयों में किया था। विश्व की ब्रह्माण्ड में जो वृद्ध भी अस्तित्वमान् विद्यमान है वह वर्ण-हीन नहीं है, उसका कोई न कोई वर्ण अवश्य है। वस्तुतः वह वर्ण के ही कारण विद्यमान

और गतिमान् है। प्राकृतिक विश्व ही नहीं अतिप्राकृतिक विश्वातीत तत्वों में भी वर्णों की व्यवस्था है, भौतिक सृष्टि की भांति देवसृष्टि के भी अपने-अपने वर्ण हैं। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड वर्णों के रूप में ही वर्गीकृत है। जैसे कि प्रसिद्ध तर्कशास्त्री विरगिन् स्टाइन ने कहा है—

All components of the universe can be understood as bearing one or another of a limited number of 'famly sesemblances;

सम्पूर्ण ब्रह्माण्डीय व्यवस्था को वर्णो के आधार पर विशेषीकृत रूप में प्रमेय बनाने वाला यह विश्व का प्रथम वैज्ञानिक वर्गीकरण सिद्धान्त है जिसने सर्वप्रथम सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को एक इकाई मानकर कुछ चारित्र्यिक विशेषताओं के आधार पर त्रिविध वर्गीकरण का सिद्धान्त आविष्कृत किया। इसी सिद्धान्त के आधार पर त्रिवर्ग, त्रिदोष, त्रैगुण्य, त्रिकाल, त्रिकाय, त्रिधातु के आयुर्वेद, दर्शन, ज्योतिष शास्त्र, रसायन शास्त्र जैसे पश्चाद्‌वर्ती शास्त्रीय सिद्धान्तों का विकास हुआ।

सृष्टि की प्रत्येक वस्तु जो यज्ञ की प्राथमिक आवश्यकता है जो शान्त, स्थिर, धीर गम्भीर मृदुल और कोमल है, ब्राह्मण है। जिसमें शारीरिक बल, सैन्य संघटन, नेतृत्व कौशल है और जो ऊर्जा का स्रोत है वह क्षत्रिय है। जिसमें दया, विनियमता, उत्पादकता शक्ति और करण-कौशल हैं वह वैश्य है। इन्हीं वर्णो की चारित्र्यिक विशेषताओं के अनुसंधान से आरम्भ होता है वैदिक-धर्म-दर्शन। सामाजिक सम्बन्धों और दायित्वों के परिणाम स्वरूप कर्मवाद का जन्म होता है और फिर होती है कार्य-कारण शृंखला की शुरूवात, जो दर्शन का प्रस्थान विन्दु है।

चारों वर्णो के साकार होने से पूर्व हम इस वर्गीकरण की प्रक्रिया को वैदिक साहित्य में विभिन्न रूपों और प्रकारों में विवेचित होते देखते हैं। ब्राह्मण का आविर्भाव जहां पृथ्वी के अवतरण और यज्ञाग्नि के उद्दीपन के साथ होता है वहां क्षत्रिय का आगमन यज्ञ रक्षा के लिए क्षात्र तेज के रूप में रथ और वाण के साथ होता दिखाई देता है। लेकिन वैश्य की उत्पत्ति के साथ हमें त्रिविध वर्गीकरण का एक व्यवस्थित सिद्धान्त प्राप्त होता है—

यहां हम वर्गीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालना चाहेंगे—

१–	सामाजिक दर्जा	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य
२–	मौलिक गुण	ब्रह्मन्	क्षात्र	विश्
३–	अन्तः शक्ति	महत्	ओजस्वी	यशस्
४–	सत्तामूलक कइाई	आत्मन्	मनुष्य	पशु
५–	देवना	अग्नि	इन्द्र	सूर्य/विश्वदेव
६–	विश्वब्रह्माण्ड	भू.	भुवः	स्व
७–	प्राकृतिकतत्व	अग्नि	वायु	सूर्य
८–	कालभाग	प्रातः	मध्याह्न	उत्तराह्न
९–	वेद	ऋग्वेद	यजुर्वेद	सामवेद
१०–	छन्द	गायत्री	त्रिण्टुप्	जगती
११–	ऋत्विग्	होता	अवयर्यु	उद्गाता

	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
पशु	अजा	अश्व	गाय	भेड–अवि
छ:न्द	गायत्री	त्रिण्टुप्	जगती	अनुण्टुप्
Chant गान	रथान्तर	वृहत्	वामदेव्य	वैराज

पेटर और फेरलुजी जैसे समाज-दर्शन के गम्भीर अध्येताओं ने इस व्यवस्था को polythetic पोलीथेटिक Tasconomical principel टेक्सोनोमिकल प्रिन्सीपल यानें बहु आयामी और बहु प्रायोजनिक वैज्ञानिक वर्गीकरण के सिद्धान्तों के आधार पर परखा है। वर्गीकरण का यह सिद्धान्त यद्यपि सार्वभौम है तथापि इसके निर्धारण की विधियां कठोर और निरपवाद नहीं है। उदाहरण की दृष्टि से यदि गाय यज्ञ के उपयोग की दृष्टि से ब्राह्मण वर्ग की सदस्या है तो आहार सामग्री उत्पादन के रुप में उसका वर्ण वैश्य भी है। वर्णो के विभाजन में सामाजिक उपयोग और प्रयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व ब्रह्माण्ड की प्रत्येक प्राकृतिक और अतिप्राकृतिक वस्तु की समाज के लिए योगदान की भूमिका के विशेषीकृत वर्गीकरण विज्ञान का नाम है— वर्ण। यह ब्रह्माण्ड व्यवस्था का प्राथमिक वर्गीकरण सिद्धान्त है जिसका समाज सस्था के अध्ययन अनुसंधाताओं के लिए आज एक महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है।

"वैदिक वर्ण व्यवस्था"

–डा० वीनेश अग्रवाल

संस्कृत प्राध्यापिका, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय हरिद्वार

यह कथन अतिप्रसिद्ध है कि "मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।" वह एकाकी नहीं रह सकता। उसे अन्य साथियों सहयोगियों की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि वह ग्राम, कस्बा या नगर बसा कर रहता है। परस्पर सहयोग विचार विमर्श से रहने में उसे सुख की अनुभूति होती है। इसी को समाज कहा जाता है।

"समम जन्ति जना; यस्मिन् स समाज:"।

भगवती श्रुति ने सृष्टि के प्रारम्भ में मानव मात्र के कल्याण के लिए जो पवित्र ज्ञान गंगा प्रवाहित की, उसमें आध्यात्मिक, सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक सभी प्रकार के उत्तमोत्तम उपदेश दिये गये हैं। मानव समाज को सुव्यवस्थित चलाने के लिए कहा गया है कि हे मनुष्यों तुम्हारी सम्पूर्ण चेष्टाएं एक समान होनी चाहिए। तुम्हारी गतिविधि एवं परस्पर व्यवहार में समानता हो, तुम्हारी वाणी में समानता हो। तुम सब एक स्वर में बोलने वाले बनो, तुम्हारी विचारधाराओं में भी समानता हो। मंत्रणा के लिए बनाई जाने वाली समितियां समानता का भाव लेकर ही बनें। तुम्हारे मन व चित्त आदि में समानता, हो सभी एक समान विचार धारा को लेकर उस पर विचार विमर्श करने वाले बनो। मैं सबको समान ज्ञान देता हूं। अतः तुम समानता के आधार पर भोग्य पदार्थों का उपभोग करते हुए सदाचारी बने रहो। तुम सबके संकल्प तथा हृदयों में ऐसी समानता हो कि कभी परस्पर विरोध की भावना ही पैदा न हो। तुम्हारे मनो में ऐसा प्रेम हो, जिससे राष्ट्र में शांति रहे और सदैव सुख सम्पदा की वृद्धि होती रहे—

संगच्छध्वं संवदध्वं संवोमनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे सजानाना उपासते॥

समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभि मन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि॥

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः ।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ।।
ऋग्वेद, १०/१९१/२-४

वेद के इन मन्त्रों के आधार पर दुनिया के सभी मानव समान हैं। उनमें कोई उच्च या निम्न नही है। अब प्रश्न उठता है कि वेद में वर्णभेद या वर्ण व्यवस्था का निर्देश क्यों किया गया है ?

वेद ने मानवता की दृष्टि से यद्यपि सबको समदृष्टि से देखा है, परन्तु कार्यक्षमता की दृष्टि से एक व्यक्ति में दूसरे की अपेक्षा जो विशेषता या भिन्नता होती है उसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रत्येक व्यक्ति अपनी—२ कार्यक्षमता और बुद्धि के आधार पर भिन्न रूप में दिखाई देता है। जैसे कोई अध्यापक है तो कोई इंजीनियर कोई डाक्टर है तो कोई कुशल प्रशासक। कोई सेनापति है तो कोई कुशल व्यापारी कोई कृषक है तो कोई श्रमिक। इस बात को वेद ने स्वयं स्वीकार किया है।—

अक्षण्वन्तः कर्णवन्तः सखायो मनो जवेष्वसमा बभूवुः ।

अर्थात् समान नेत्रों कर्णो वाले सखा, मानव मन की गतियों में भिन्न-भिन्न प्रकार के होते हैं। सबकी बुद्धि, प्रतिभा, शारीरिक बल भिन्न-२ प्रकार की होती है यह भिन्नता ही वैदिक वर्णव्यवस्था का मूलाधार है। समाज को ठीक प्रकार से चलाने के लिए भिन्न-२ प्रकार की योग्यता वाले मानवों की आवश्यकता अनिवार्य रूप से होती है। इस आवश्यकता ने ही वर्णव्यवस्था कोजन्म दिया। ऋग्वेद में स्पष्ट रूप से इस वर्णव्यवस्था का निर्देश किया गया है। एक मंत्र में कहा गया है— हे परमात्मन आप हमारा ब्राह्मणों में प्रेम कीजिए, क्षत्रियों में प्रेम कीजिए, वैश्यों में पमा प्रेम कीजिए आप प्रेम से मेरे अन्दर प्रेम उत्पन्न कीजिए—

रूचं नोधेहि ब्राह्मणेषु रूचं राजसु नस्कृधि ।
रूचं विश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रूचा रूचम् ।। यजु० १८-४८

किसी भी राष्ट्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सामान्य रूप से चार प्रकार के व्यक्तियों की आश्यकता होती हैं।—

१- **बुद्धि जीवी वर्ग**— यह वर्ग वह है जो अपनी विशिष्ट बुद्धि के द्वारा राष्ट्र का सही मार्ग दर्शन या कार्य कर्ता है जैसे- शिक्षक, डाक्टर, इंजीनियर आदि।

२- **रक्षक वर्ग**— सेना तथा पुलिस आदि में कार्य करने वाला यह वर्ग विशेष है जो देश की बाहर और भीतर से रक्षा करता है।

३- **व्यापारी वर्ग**— यह वर्ग राष्ट्र की उपभोग्य आवश्यकताओं को अपनी व्यापारिक क्रियाओ द्वारा पूर्ण करने में सहयोग देता है।

श्रमिक वर्ग — जो अपने परिश्रम के द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र को अपने कंधों पर वहन करता है वही यह वर्ग है।

इन चार प्रकार के नगरिकों को चार वर्गो में बांटा गया है। यह वर्गीकरण जन्म के आधार पर न होकर गुण कर्म स्वभाव के आधार पर माना गया है योगेश्वर कृष्ण ने गीता में कहा है— "चातुर्वण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागश:।"
अर्थात् चारों वर्णो को मैंने गुण कर्म स्वभाव के आधार पर बनाया है। मनु महाराज ने ठीक ही कहा है— "जन्मना जायते शूद्र: सस्कारात् द्विज उच्यते" अर्थात् प्रत्येक मानव जन्म से शूद्र होता है। तत्पश्चात् शिक्षा ग्रहण करने पर जिसमें जिसमें जिस प्रकार की कार्यक्षमता होती है वह तदनुसार ही वर्ण या वर्ग में समाविष्ट हो जाता है।

वर्ण विभाग का आधार — वैदिक वर्णव्यवस्था में मुखवत् ज्ञानी, तपस्वी और त्यागी को ब्राह्मण कहा गया। जिस प्रकार मुख तपस्वी है, कठोर से कठोर सर्दी के दिनों में भी, जबकि हम सारे शरीर को वस्त्रों से ढ़क लेते हैं हमारा मुख नग्न ही रहता है। उसी प्रकार ब्राह्मण को भी मुख के समान तपस्वी होना चाहिए। आँख, नाक, कान रसना और त्वचा ये पांच ज्ञानेन्द्रियां मुख में एकत्र रहती हैं और ज्ञान प्राप्त कराती रहती हैं। इसी प्रकार ब्राह्मण को ज्ञानवान् होना चाहिए। और जैसे हम मुख से औरों को उपदेश देते हैं। ब्राह्मण को सदैव सत्य ज्ञान का उपदेष्टा बनना चाहिए।

क्षत्रिय समाज की भुजा है भुजा में बल होता है, जब शरीर पर कहीं से किसी प्रकार का प्रहार होता है तो भुजाऐं आगे बढ़ कर उस प्रहार से रक्षा करती हैं और यह प्रयत्न करती है कि शत्रु के प्रहार से स्वयं लहु लुहान हो जाय किंतु अन्य अगों को आहत न होके दें। सच्चा क्षत्रिय वही है जो अपना सर्वस्व लुटाकर भी समाज और राष्ट्र की रक्षा करता है।

ऊरु और उदर के समान जो सबका आधार है उसे वैश्य माना गया है। जैसे खाया हुआ अन्न पेट में पहुंचता है पेट उस अन्न को पचा कर रस बना देता है और फिर उस रस को रक्त बना कर सम्पूर्ण शरीर को देता है उसी प्रकार जो वर्ण समाज के सभी अंगों को भोजन आदि प्रदान करे वह वैश्य है। इसी प्रकार जघाओं का काम चलना फिरना है, जो जंघाओं की तरह चले फिरेगा देश-देशान्तर में जाकर व्यापार व्यवसाय करेगा, वह आदर्श वैश्य होगा।

शूद्र को वैश्य के समान माना गया है। जैसे पैर सारे शरीर को अपने ऊपर उठाये रखता है और सम्पूर्ण शरीर को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाता है। इसी प्रकार शूद्र और वर्णों की सेवा में संलग्न रहता है। और राष्ट्र को सुदृढ़ बनाता है।

इस वर्ण विभाजन का आधार घृणा नहीं था अपितु यह विभाजन अपनी शक्तियों द्वारा समाज की अधिक से अधिक सेवा कर सकने के भाव पर अवलम्बित था, जैसे शरीर के मुख, भुजा आदि अंग एक दूसरे से घृणा नहीं करते, वे दूसरे के सुख दुख: को अपना सुख दुख समझते हैं उसी प्रकार का भाव इन सभी वर्णों में होना चाहिये। उन्हें परस्पर प्रेम से मिलकर रहना चाहिये। शूद्र के कष्ट और विपत्ति ब्राह्मण को अपना कष्ट और विपत्ति समझने चाहिए। और ब्राह्मण के कष्ट और विपत्ति शूद्र को अपना कष्ट और विपत्ति समझने चाहिए। जब सबका जीवन एक दूसरे के सहयोग अवलम्बित है तब न कोई ऊंचाई न नींचा। जो जितना अधिक गुणवान है और जितनी दूसरों की सेवा करता है वह उतना ही ऊचा है। वर्ण–व्यवस्था के इस रूप को न समझने के कारण ही भारत देश में जन्मगत जाति के आधार पर ऊंच नीच और घृणा का भाव उत्पन्न हुआ। जिसने भयानक विष का रूप धारण करके राष्ट्र शरीर को दुर्बल कर दिया।

चारों वेदों में अनेक ऐसे मन्त्र हैं जिनमें वर्णव्यवस्था के उदात्त रूप को प्रतिपादित किया है। उदाहरण रूप में निम्न मन्त्र देखने योग्य है—

क्षत्राय त्वं श्रवसे त्वं महीया इष्टये त्वमर्थमिव त्वमित्यै।

विसदृशा जीविताभि प्रचक्ष उषा अजीगर्भुवनानि विश्वा ॥ ऋग्० - १-११३-६ ॥

अर्थात् सब जगत अंधकार से निगला हुआ पड़ा था। प्रातः काल ऊषा आई और उसने जगत को अंधकार से बाहर कर दिया ? इसलिए कि विभिन्न स्वभाव वाले लोगों को प्रकाश मिल सके, जिससे वे अपने-२ कार्यों को भली भांति कर सके। कोई क्षात्र कर्म कर सके, कोई यज्ञ के कर्म को कर सके, कोई धन सम्पादन के कार्य को कर सके। और कोई चल फिर कर साधारण सेवा आदि के कार्य कर सके।

इस वैदिक वर्णाश्रम व्यवस्था में किसी भी वर्ग को स्वयं वरण करने की व्यवस्था थी। जो व्यक्ति जिस वर्ण के गुण कर्मों का चुनाव अपने जीवन के लक्ष्य के रूप में कर लेगा, उसका वही वर्ण हो जायेगा। वेदों के बाद ब्राह्मण ग्रंथों और उपनिषद तथा मनुस्मृति आदि में वर्णव्यवस्था जन्म के आधार पर न मान कर गुण कर्म स्वभाव के आधार पर ही स्वीकार की गई थी। हाँ ! मध्य काल में कतिपय स्वार्थी लोगों ने इसे जन्म का आधार देकर मानव और मानव के बीच में गहरी खाई खोद दी जिससे घृणा और ऊंच-नीच की दलदल में यह समाज फंसता चला गया। इस देश में सत्य भाषण करने वाली घर-घर में सेवा कर जीविका चलाने वाली 'जाबाल' नामक शूद्र नारी के पुत्र को 'सत्यकाम जाबाली' के नाम से परम सम्मान दिया गया था। उस देश के लोग फिर से वैदिक वर्णव्यवस्था को स्वीकार करें तो यह देश पुनः परम वैभव को प्राप्त कर सकता है।

वर्ण व्यवस्था और जतिवाद-एक विश्लेषण

प्रो० एस० आर० भट्ट
दिल्ली विश्वविद्यालय

प्रत्येक विचार एवं आचार के बाद एवं सिद्धान्त अपने युग की आवश्यकताओं, आकांक्षाओं के अनुरूप उत्पन्न होते हैं तथा परिवर्तित परिस्थियों में उनके स्वरूप में परिवर्तन आमूल–चलू परिवर्त हो, परन्तु यह ही सम्भव है जब उनमें ऐसे तत्त्व हो जिनका सनातन मूल्य हो। अत: यदि किसी वाद या सिद्धान्त की सामयिक उपयोगिता समाप्त हो जाती है तो उसका त्याग कर दिया जाना चाहिये अन्यथा वह अनावश्यक रूप से भार बनकर समाज में विकृति एवं असामञ्जस्यता को उत्पन्न करता है। कहने का तात्पर्य यह है कि कोई भी वाद या सिद्धान्त सर्वांगीण रूप से चिर स्थायी नहीं होता। भले ही उनमें निहित साध्य चिर स्थायी हो उन साध्यों की प्राप्ति हेतु प्रयुक्त साधन एवं इति कर्त्तव्यताओं में देश काल एवं परिस्थिति के अनुसार भेद होता रहता है। अत: एक जागरूक समाज से यह अपेक्षा जा की सकती है कि वह इसका विचार करे कि उसके द्वारा परम्परा से प्राप्त विचार या आचार का सिद्धान्त किस रूप में और किस सीमा तक समसामयिक है तथा अपने विवेक द्वारा ग्राह्य अंशो को सुरक्षित रखकर त्याज्य अंशों का बहिष्कार करें। यह मानकर नहीं चला जा सकता है कि परम्परा में सब कुछ मूल्यवान है या मूल्य हीन है। बिना विवेक युक्त परीक्षा के ऐसी कोई भी मान्यता रूढ़िवादिता एवं हठधार्मिता ही होगी। इसी पृष्ठ भूमि में वर्तमान भारतीय समाज में चर्चित जातिवाद एवं उसके पूर्वरूप वर्णव्यवस्था पर विचार करना आवश्यक है।

वर्ण, जाति एवं वर्ग में भेद— प्रस्तुत चर्चा में हमें सर्वप्रथम भारतीय समाज में सदियों पूर्व व्यवहार में लाये गये वर्णव्यवस्था के सिद्धान्त को भली भांति समझना होगा ताकि उसका उसके परवर्ती रूप जातिवाद तथा वर्तमान में व्याप्त वर्णव्यवस्था से भेद स्पष्ट किया जा सके।

वर्ण-व्यवस्था प्राचीन भारतीय सामाजिक संरचना में श्रम के विभाजन के लिए प्रयुक्त विधि है। जो मानव स्वभाव के गहन अध्ययन एवं सूक्ष्म निरीक्षण के उपरान्त स्थापित एक सुनिश्चित वैज्ञानिक सिद्धान्त पर आधारित प्रतीत होती है। जीव-विज्ञान

एवं मनोविज्ञान द्वारा संपुष्ट यह आकट्य तथ्य है कि सभी व्यक्तियों की मानसिक एवं शारीरिक संरचनायें एक जैसी नहीं होती है। इसके अलावा मनुष्य की अनेक विध आवश्यकतायें होती है जिन्हें एक व्यक्ति अकेला ही अपने आप पूर्ति करने में समर्थ नहीं है। अतः स्वभाव एवं रूचि वैचित्र्य तथा क्षमता-वैविध्य के कारण कार्य-कौशल में विविधता स्वाभाविक होने से समाज में पुरुषार्थ सिद्धि हेतु श्रम का विभाजन अपरिहार्य है। प्राच्य मनीषियों ने समाज में कार्य या व्यवसाय प्राणाली का नियमन करने हेतु ही वर्णव्यवस्था तथा इसके चातुवर्ण्य प्रारुप को स्थापित किया था। इस व्यवस्था का लक्ष्य मानव को उसके गुण एवं प्रकृति के आधार उसके व्यवसाय का वरण या चयन करवाना था। वेद में शरीर के विभिन्न अंगों की तुलना से प्रतीकात्मक या रूपकात्मक ढंग से यही बात कही गई है। गीता में उल्लेखित गुण और कर्म के भेद से इसकी स्थापना इसी तथ्य को उद्घाटित करती है।

वर्णव्यवस्था गुण और कर्म पर आधारित थी न कि जन्म या अन्य कोई पैतृक आधार पर। अनुलोभ और प्रतिलोम की व्यवस्थायें तथा वशिष्ठ और वाल्मीकि के उदाहरण इस तथ्य की पुष्टि के लिये पर्याप्त है। परन्तु शीघ्र ही वर्णव्यवस्था जन्म पर आधारित जातिवाद में परिवर्तित हो गई। वैसे यह रूपान्तरण अस्वाभाविक नहीं था क्योंकि वंश परम्परा से व्यवसाय-कौशल अधिक सुलभ एवं सुगम होता है। परन्तु मानवीय स्वभाव की विकृति के फल स्वरुप यह जातिवाद एक जड़, जटिल एवं कुत्सित मनो भावना और सामाजिक कुप्रथा में बदल गया। इसके आधार पर समाज में भ्रामक वर्गभेद स्थापित कर दिये गये और एक वर्ग द्वारा दूसरे वर्ग को शोषण एवं उत्पीड़न किया जाने लगा।

वेद में शरीर के अंगों से तुलना करते हुए चातुवर्ण्य को उच्च या नीच की दृष्टि से प्रस्तुत नही किया गया है। वहां सही परिप्रेक्ष्य कार्य-वैविध्य ही है। यह हमारे समझ की विकृति है कि ब्रह्माण वर्ण को सर्वोच्च और शूद्र वर्ण को निकृष्ट समझा जाने लगा। संभवतः प्रारम्भ में ऐसा नहीं था क्योंकि जिसे बाद में निकृष्ट समझा गया उसे मेहत्तर कहा जाता था और आज भी समाज के उस अंक को जो कि महत्तर का ही विकृत रूप है, कहा जाताहै। तथा विवाहादि संस्कारों में उसका महत्पूर्ण स्थान माना जाता है।

यहां यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि वर्ण व्यवस्था के सन्दर्भ में 'आर्य' और 'दास' की न तो कोई विभेदक संज्ञाये थी और न इस प्रकार के संबोधनो के लिये कोई स्थान था। वस्तुत: किसी एक वर्ग को 'आर्य' और दूसरे वर्ग को 'दास' कहना वर्णव्यवस्था के विपरीत है।

वर्ण-व्यवस्था चातुवर्ण्य और जातिवाद में भेद—

वर्गभेद पर आधारित जातिवाद वर्णभेद पर आधारित चातुर्ण्य या इसी तरह की अन्य संभावित समाज व्यवस्था से पूर्णत: भिन्न है। इन दोनों के गुण-दोषों को एक दूसरे पर अध्यस्त नहीं किया जा सकता है। एक की स्वीकृतियां अस्वीकृति को दूसरे की स्वीकृति या अस्वीकृति नहीं माना जा सकता है।

यह संभव है कि तत्कालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वर्णव्यवस्था का चातुवर्ण्यं रूप सर्वाधिक उपयुक्त था और आज की परिवर्तित परिस्थितियों में उसकी उपोगिता समाप्त हो गई हो परन्तु इसका तात्पर्य यह नही है कि वर्णव्यवस्था के आधार में निहित श्रम-विभाजन तथा वर्ण (गुण-कर्म) के आधार पर श्रम-विभाजन के सिद्धान्त ही झुठला गये हो। ध्यान देने की वात यह है कि चातुवर्ण्य वर्णव्यवस्था का पर्याप्त नही है, उसका एक प्रकार है। वर्णव्यवस्था का मौलिक ढांचा एक चीज है और उसका चातुवर्ण्व का प्रारूप दूसरी चीज है। इसके प्रारूप वदल सकते है परन्तु इससे उसके ढांचे पर प्रभाव नहीं पड़ता है। वर्णव्यवस्था का चातुवर्ण्य के अलावा अन्य कोई प्रारूप हो सकता है। अत; बिना वर्ण के सिद्धान्त को छोड़े चातुवर्ण्य की व्यवस्था को छोड़ा जा सकता है और और किसी अन्य प्रकार की वर्णव्यवस्था को अपनाया जा सकता है। आज भी हम श्रमिक, किसान, व्यापारी, पर नौकरी करने वाले आदि अनेक वर्गों को पाते हैं जिन्हें वर्ण के आधार गठित कियाजा सकता है। व्यवसाय के चयन में अव्यवस्था न केवल कर्म के कौशल में बाधक हैं वरन् मानव स्वभाव के प्रतिकूल भी है। समाज में 'वोकेशनल गाइडन्स' की आज भी वैसी ही आवश्यकता

है जैसी पहिले थी और आज के समाज शास्त्रियों को इस बारे में विचार करना चाहिए कि ऐसा कौन सा वर्णव्यवस्था का प्रारूप हो सकता है जो आज की परिस्थितियों एवं मांगों के अनुरूप हो।

जातिवाद एवं हिन्दू धर्म—

जातिवाद को केवल हिन्दू धर्म के साथ जोड़ना भी भ्रामक है। जातिवाद केवल हिन्दूओं में ही नहीं दूसरे कई समाजों में भी है। जातिवाद का ही एक रूप रंग भेद, भाई भतीजावाद या अपने ही क्षेत्र या समुदाय के लोगों को बढ़ावा देना है। जातिवाद के आधार पर ऊंच-नीच का भेद भारत के सभी सम्प्रदायों में है चाहे वे मुसलमान हो या ईसाई। धर्म-परिवर्तन के भुलावे से इसका समाधान हो सका है और न उनकी असमानता दूर हो सकी है। क्रिश्चियन दलित लिबरेशन मूवमेन्ट आदि अनेकों संस्थायें इसके ज्वलन्त साक्ष्य है। धर्मान्तरण के बाद भी इनकी जातियां नहीं बदली है। जातिवाद के नाम पर केवल हिन्दू धर्म की ओर इशारा करना राजनीतिक चाल है।

जैसा कि उपर लिखा गया है, 'आर्य' एवं 'दास' का द्वैधीकरण हिन्दू धर्म पर आरोपित संज्ञायें है जिनका प्रयोग आज हेय उद्देश्यों के लिये किया जा रहा है। हमारा लोक तन्त्र वोटों की राजनीति के झंझावात में फंसकर नारों का लोकतन्त्र हो गया है। नारों की उपयोगिता जरूर होती है पर इसके लिये सही समय, परिस्थिति एवं संदर्भ आवश्यक है। जब तिलक ने 'स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है।' अथवा सुभाषचन्द ने 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दिलवांउगा।' के नारे उद्घोषित किये तो इनकी सार्थकता स्पष्ट थी परन्तु जब आज 'आर्य पुत्र होश में आओ' या 'दास पुत्र होश में आओ' के नारे सड़कों के आस पास लिख पाये जाते हैं तो इनकी सार्थकता विचारणीय है। आज की परिस्थितियों में 'आर्य पुत्र' और 'दास पुत्र' के संबोधनों की क्या सार्थकता है ? आर्य पुत्र और दास पुत्र के सम्बोधन कभी भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी प्रयुक्त होते रहे हैं पर आज न तो

कोई वर्ग विशेष आर्य है और न कोई वर्ग विशेष दास। हां आर्यत्व और दासत्व की संकुचित भावनायें कुछ स्थानों पर रूप रंग, जाति, वंश आदि के आधारों पर अभी भी है। मानव की गरिमा में सभी को सहभागी बनाने हेतु इन क्षुद्र एवं सकीर्ण भावनाओं को मिटाना आवश्यक है। इस समस्या का समाधान भेद दृष्टि या वर्ग संघर्ष नहीं हो सकता है। इससे अशिक्षित एवं भावुक जन को भुलावे में डाला जा सकता है और कुछ स्वार्थी तत्त्वों के लक्ष्यों की पूर्ति हो सकती है पर प्रभावित जन समुदाय का कल्याण नहीं हो सकता।

शिक्षा द्वारा जातिवाद का उन्मूलन

अन्त में दो बाते स्पस्ट कर देना आवश्यक है। जातिवाद व्यावहारिक जगत की व्यवस्था है। इसे किसी पारमार्थिक सत्ता या व्यवस्था से जोड़ना भ्रामक हैं। उन्नसवीं सदि के अद्वैत वैदात के विद्वान श्री नारायण गुरु ने अपने ग्रन्थ 'जाति-मीमांसा' में इसका विशद विवेचन किया है। जातिवाद वर्णव्यवस्था की विकृति होते हुए भी उसका अनिवार्य परिणाम नहीं है। जातिवाद हेय है अतः त्याज्य है। वर्तमान में हमारा लक्ष्य एवं प्रयास जातिवाद का उन्मूलन होना चाहिए न कि वर्णव्यवस्था की आलोचना। जातिवाद का एक भयंकर दुष्परिणाम अस्पृश्यता थी जिसका सौभाग्य से अन्त समीप है। परन्तु जातिवाद कुछ अंशों में समाप्त हो रहा है तो कुछ अंशों में राजीतिक कारणों से पुनः पनप रहा है। यह सुनिश्चित है कि जब तक जातिवाद का उन्मूलन नहीं होगा, सामाजिक सामञ्जस्य संभाव नहीं है। यह किसी एक वर्ग विशेष में दासत्व या हीनता की भावना उत्पन्न कर उनमें दूसरे वर्गों के प्रति विद्वेष एक कटुता पैदा कर संभव नहीं है। यह तब ही संभव है जब हम सभी अपनी मनोवृति में आमूल परिवर्तन लावे। मध्यकाल में प्रबुद्ध सन्तों ने इस दिशा में उपदेश दिये थे पर उनका प्रभाव सीमित और अल्प स्थायी रहा। आज पुनः वैसे सन्तों एवं उपदेशों की आवश्यकता है। यह परिवर्तन तथा कथित उच्च एवं नीच या अगड़े एवं पिछड़े दोनों वर्गों में होना है। जिसे निम्न वर्ग कहा जाता है उनमें हीनता और असुरक्षा की भावना को मिटाना हो। इसी तरह किस एक वर्ग को नीच या पिछड़ा मानने की जो मनोवृति है उसे भी समाप्त करना चाहिये। किसी भी वर्ग के लिये ऐसा कहना

या कहलाना अपमान-सूचक माना जाना चाहिये, गौरव की बात नहीं होनी चाहिये। कुछ आर्थिक लाभ को लेकर मंडल कमीशन की आड़ में अपने को पिछड़ा घोषित करवाने की होड़ स्वर्ण मृग की तरह लुभावनी ही है। मानव की गरिमा में सभी को सहभागी होना चाहिये। प्रत्येक मानव अमृत पुत्र है। प्रतिभा किसी वर्ग या जाति की बपौती नहीं है। सभी में किसी न किसी रूप में प्रतिभा अव्यक्त रूप से विद्यमान हैं। परन्तु यह भी सत्य है कि इस अव्यक्त प्रतिभा के प्रस्फुटीकरण के लिये समुचित अवसर एवं साधन उपलब्ध होने चाहिए। हमारा प्रयास यह होना चाहिये कि जिन वर्गों या व्यक्तियों को ये अवसर एवं साधन प्राप्त नहीं है उन्हें सही शिक्षा द्वारा ऐसा करवाया जाये। शिक्षा का अभाव ही सब प्रकार के पिछड़ेपन की जड़ है चाहे वह सामाजिक हो या आर्थिक। हमें यह नहीं भुलाना चाहिये कि समाज का एक वर्ग यदि पिछड़ा रहता है तो उसका दुष्प्रभाव सारे समाज पर पड़ता है और यह परस्पर विद्वेष एवं कटुता को जन्म देता है। अतः हमें अपना ध्यान शिक्षा तन्त्र पर केन्द्रित करना होगा। इसके अलावा मुक्ति का अन्य कोई मार्ग नहीं है।

वर्ण व्यवस्था का भौतिक स्वरूप तपश्चर्या

रमेश कुमार लौ० (संस्कृत विभाग)
सनातन धर्म कालेज मुजफ्फर नगर

वैदिक वर्णव्यवस्था का वैज्ञानिक आधार तप और आध्यात्मिक उन्नति है। महाभारत में कहा भी है— "तप स्वधर्म वर्तित्वम्" (वन ३१३—८८) वैदिक ग्रन्थों में यज्ञकर्म और तपः को सृष्टि रचना का साधन बताया गया है, ऋग्वेद के प्रसिद्ध पुरुष सूक्त (१०—९०) में ऐसा उल्लेख आया है कि विराज् पुरुष को साधन बना कर प्रजापति के प्रमाण रूपी देवों ने विविध प्रकार की सृष्टि रची। इसी यज्ञ साधन भूत पुरुष के विभिन्न अंगों से ब्राह्मण, राजन्य, वैश्य और शूद्र की उत्पत्ति हुई। प्रजाओं की उत्पत्ति के निमित्त प्रजापति द्वारा तप करने के उल्लेख उपनिषदों में मिलते है—

"प्रजाकामो वै प्रजापतिः। स तपोऽनत्यत।" (प्रश्न १- ३)

"सोऽव्यामयत बहु स्यां प्रजायेपेति। स तपोऽनत्यत। स तपस्नत्त्वा इदं सर्वमसृजत यदिदं किञ्च।।। (तैः II ६)

अतः मानवी सृष्टि में वर्णव्यवस्था का तपोनिष्ट होना स्वाभाविक ही है।

महाभारत और मनुस्मृति आदि ग्रन्थों में वर्णों के प्रथक् कर्मों का जो निर्देश किया गया है उनके कुछ आजीविका परक कर्म है। तो कुछ स्वयावज कर्म है (मनु, १-८८-९१)। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के लिये अध्ययन, यज्ञ और दान सामान्य कर्म है तो शूद्र के लिए सभी वर्णो के अनुकूल होकर सेवा करना ही कर्म बताया गया है। यज्ञ, दान और अध्ययन भी तप ही है और सेवा को कठिन तप मानकर भर्तृहरि ने कहा है— 'सेवाधर्मः पदम गहनो योगिनामत्यगम्यः' (नीतिशतकम्) धर्मशास्त्रों में वर्णो के योगाधिकार पदक कर्मो का निर्देष न होने से वर्णों को अपने कर्मों द्वारा तप और आध्यत्मिक उन्नति के लिए प्रवृत रहने का संकेत मिलता है। श्रीमद् भगवत में कहा ही है—"ब्राह्मणस्य हि देहोऽयं क्षुद्रकामा च नेष्यते।' (११-१७-४२) वर्णों की उत्कृष्टता का तारतम्य भी तपः प्रधानता पर आधारित है। भगवद्गीता में (१८,४२-४७) ब्राह्मण के लिये, शमो दमस्तपः इत्यादि नौ कर्म स्वभावज बताये गये हैं, क्षत्रिय के लिये शौर्य तेजो घृतिदाक्ष्यम् इत्यादि सात कर्म, वैश्य के लिये 'कृषि गोरक्ष्य

वाणिज्यम् ये तीन कर्म और शूद्र के लिये 'परिचर्यात्मक' यह जीविका और साधना परक ही स्वभावज कर्म बताया गया है। ब्राह्मण द्वारा स्वभावज कर्म न करने से उसके पतित होने के बहुत अधिक अवसर हो जाते है इसलिए उससे साधना और वैराग्य प्रवृत्ति की अधिक अपेक्षा की जाती है। धर्मशास्त्रों में श्राद्ध का निमन्त्रण स्वीकार करने वाले ब्राह्मण के लिये पूर्वरात्रि में ब्रह्मचर्य पूर्वक संयम रखना और श्राद्ध भोजन के बाद गायत्री तप करके शुद्धि का विधान किया जाता है। सभी वर्णों का अपने स्वभावज कर्म करके अध्यात्मिक उन्नति पर समान समान अधिकार है उसमें कोई भेद भाव नहीं है। भागवद् गीता में प्रति पादित है —

"स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः।" और स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः।' (१८,४५-४६)

स्वधर्म 'विगुण' होने पर भी 'श्रेयान्' है और 'सहज कर्म' सदोष होने पर भी त्याज्य नहीं है।

छान्दोग्य उप. में ऐसे अनेक उल्लेख मिलते हैं कि ब्राह्मण का सम्मान उसके अध्ययन, आर्त्विज्य, रमणीया चरण और ब्रह्म विद्या के गुणों के कारण होता है। आरुणि ने श्वेकेतु को कहा है कि उनके वंश में कोई ब्रह्म बन्धु नहीं हुआ अतः उसे गुरुकुल में वास कर ब्रह्म विद्या प्राप्त करनी चाहिये।

क्षत्रिय ब्रह्म वेता भी अपने पास आये ब्रह्म विद्या के जिज्ञासु ब्राह्मणों को पूज्य मानते थे। अवाहण जैवलि और अश्वपति कैकेय ने ब्राह्मण जिज्ञासुओं को सम्मान पूर्वक शिक्षा दी थी। (छन्दो १,८,२ और ५,३,७) प्रवाहण जैवलि ने गौतम को शिक्षा देने के बाद बहुत साधन देने की इच्छा की परन्तु गौतम ने मानुष वित्त को ठुकरा दिया। तपोबल से प्राप्त ब्रह्म तेज के कारण ही निरीह रैक्व को एक छकड़े के नीचे विश्राम करते हुये राजा जानश्रुति ने पहिचान लिया और उनसे संवर्ग विद्या प्राप्त की।

महाभारत में समाहित अनेक ग्रन्थ रत्नों में एक पराशर गीता भी प्रसिद्ध ग्रन्थ है। उसमें चारों वर्णों के विविध कर्म और तपोबल से उत्कर्ष की प्राप्ति का विशद वर्णन है। (शान्ति, मोक्ष, धर्म, पर्व २९०-२९८) जनक ने पराशर से प्रश्न किया कि जब संतान के रूप में पिता ही जन्म लेता है तो ब्रह्मा से उत्पन्न प्रजायें ब्राह्मण

के अतिरिक्त अन्य वर्णों वाली कैसी बनी ? इसका कारण पराशर ने तप का अपकर्ष बताया है —

(तपसस्त्वपकर्षेण जाति गृहणतां गता; २९६-३)

चारों वर्णों में कहीं कहीं संकर हो जाने से अन्य जातियों की उत्पत्ति हुई है। जिनमें-अतिरथ, अम्बष्ठ, निषाद, सूत, मागध, चाण्डाल गिनाये गये है।

इस प्रसंग में पराशर गीता के वर्णों की आजीवका के विवरण का उल्लेख करना भी रुचिकर होगा। ब्राह्मण को दान से क्षत्रिय को युद्ध में विजय से वैश्य को न्याय की कमाई से और शुद्र को सेवा करने से प्राप्त थोड़ा भी अर्थ लाभ प्रशसनीय होता है और धर्म के लिए उसका उपयोग हो तो पुष्कल फल मिलता है। शुद्र की आजीवका का यदि और कोई साधन न हो तो वह व्यापार, पशु पालन अथवा किसी कारीगिरी के काम से निर्वाह कर सकता है। (२९४,—१—४) तपस्या करने में सभी वर्णो का समान अधिकार है क्योंकि इससे स्वर्ग का मार्ग मिलता है। "तप: सर्वगतं तात हीनस्यापि विधीयते" जितेन्द्रियस्य दान्तस्य स्वर्ग मार्ग प्रर्वतकम्" (२९४—१५) साधारण धर्मों के पालन में शूद्र सहित सभी का अधिकार है—"आनृशंस्यमहिंसा चाप्रमाद: संविभागिता। श्राद्धकर्मातिथ्यं च सत्यमक्रोध एव च॥

स्वेषु दारेषु सन्तोष: शौचं नित्यानसूयता।

आत्मज्ञानं तितिक्षा च धर्मा: साधारणा: नृप॥ (२९६, २३—२४)

पराशर शूद्र को जगत् के पालनकर्त्ता विष्णु का रुप मानते हैं।

"वैदेह कं शूद्रमुदाहरन्ति द्विजा महाराज श्रुतोपपन्ना:।

अहं हि पश्यामि नरेन्द्र देवं विश्वस्य विष्णु जगत प्रधानम् (२९६-२८)

महाभारत के यक्ष युधिष्टर संवाद प्रसंग में भी वर्ण के उत्कर्ष के लिए सदाचार को ही महत्व दिया गया है वृतं यत्नेन सरक्ष्यं ब्राह्मशोन विशेषत: अक्षीणवृतो न क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हत:॥

चतुर्वेदोऽपि दुर्वृत्त: सशूद्राददतिरिचयते।

योऽग्निहोत्र परोदान्त: स: ब्राह्मणइतिस्मृत:। वन ३१३-(१०९—१११)

पात० महाभाष्य में उद्धृत एक पद्य भी ब्राह्मणय कारकों में तप को ही महत्व देता है।

"तप: श्रुतंच योनिश्चेत्ये तद् ब्राह्मणयकारकम्।

तप: श्रुताभ्यां यो हीनो पातिब्रह्मण एव स:।" (८.२.६)

अत: वर्ण कर्म के तपोमूलक आधार को ध्यान में रख कर ही हमें इस वैदिकी व्यवस्था के महत्व को समझना चाहिये।

वर्ण व्यवस्था तथा जाति व्यवस्था : एक विश्लेषण

डा० एस० एन० थपलियाल

वर्णाश्रम व्यवस्था मनुष्य के सामाजिक एवं व्यक्तिगत आचार विचार से संबंधित है विशेषत: हिन्दू जाति के नैतिक संबन्धों की आधार शिला है भारतीय नीति शास्त्र के स्वरुप को स्पष्ट करते हुये प्रो० एस० के० मैत्र ने लिखा है कि हिन्दुओं का नीति शास्त्र आध्यात्मिक जीवन के एक तीन प्रकार की व्यवस्था पर आधारित है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत सामाजिक नैतिकता, व्यक्तिगत नैतिकता के क्रमिक स्तरों को पार करते हुए अनन्त जीवन की प्राप्ति की जाती है। इस प्रकार हिन्दू नीतिशास्त्र सामाजिक नीतिशास्त्र पहले है, तत्पश्चात् मनोवैज्ञानिक या व्यक्तिगत नीति शास्त्र है तथा अन्त में जिसका अवसान ब्राह्मी स्थिति की प्राप्ति में होता है जहां जाकर आध्यात्मिक जीवन की परिसमाप्ति हो जाति है।"

प्रो० मैत्र के उक्त कथन में वर्णाश्रम धर्म की और संकेत है। सामाजिक नैतिकता के अन्तर्गत वर्णधर्म आता है जबकि मनोवैज्ञानिक या व्यक्तिगत नैतिकता के अन्तगत आश्रम धर्म आता है और दोनो प्रकार के धर्मो की परिसमाप्ति अनन्त जीवन या मोक्ष में हो जाती है। वर्णाश्रम धर्म वाध्यता मूलक धर्म हैं जिसके पालन के लिये समाज एवं उसमें रहने वाले व्यक्ति वाध्य है। इसके अतिरिक्त, कतिपय धर्म भी व्यक्ति के लिये पालनीय हैं जिन्हें साधारण धर्म अथवा सामान्य धर्म कहा जाता है। ये धर्म उस प्रकार के धर्म है जिनका पालन करना व्यक्ति के लिये अपेक्षित है किन्तु जिनके पालन के लिये व्यक्ति वाध्य नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय जीवन में मूल्यों की प्रतिष्ठा के लिए वर्णाश्रम व्यवस्था एक अनिवार्य व्यवस्था है।

वेदों में सम्पूर्ण मानव समाज को एक विराट पुरुष का रुप दिया गया है। समाज को एक विराट् पुरुष का रुप दिया गया है। समाज के विराट स्वरुप कीं परम पुरुष के रुप मे उद्भावना कीं गई है। पर ब्रह्म परमात्मा अपरिमेय एवं अलक्षित है। इसका उपलक्षण बताते हुए पुरुष सूक्त में कहा गया है—

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमि विश्वतो वृत्वाऽत्यतिष्ठद् दशाङ्गुलम्॥

वह परम पुरुष सहस्र सिरोंवाला, सहस्र नेत्रों वाला, सहस्र पैरों वाला है। वह सब ओर से भूमि को परिव्याप्त करके अनन्त में स्थित है। इस ऋचा में सहस्र शब्द का प्रयोग लक्षणा में किया गया है जिसका वास्तविक अर्थ अनन्त अपरिमित है।[2] अगली ऋचा में परम पुरुष को इसी प्रकार की लक्षणा में कालातीत बताते हुए कहा गया है कि वह परम पुरुष भूत, वर्तमान और भविष्यत् के प्राणिपदार्थों में विद्यमान है और उनसे परे भी अधिष्ठित है।[3] पुनः तीसरी ऋचा में परम पुरुष को दिगातीत या विश्वातीत कहा गया है और उपलक्षणा द्वारा कहा गया है कि उस परमात्मा के एक पाद से विश्व की उत्पत्ति हुई है और शेष तीन पाद (चतुर्थांश) दिव्य अमृत लोक में व्याप्त है। यदि इसे अमिधा में कहा जाये तो कहना होगा कि उस परम पुरुष का अंश मात्र इस विश्व के रुप में विस्तीर्ण है और शेष भाग दिव्य लोकों को व्याप्त करके स्थित है।

सूत्र की पांचवी ऋचा में ब्रह्म की जगत् रूप में अभिव्यक्ति का सिद्धान्त वर्णित है। जगत् में व्याप्त ब्रह्म के एक पाद (अंश मात्र) से स्थावर जंगम जीव-जगत् की सृष्टि हुई। इस विश्व सृष्टि को विराट पुरुष का नाम दिया गया है। सारे विश्व के प्राणि-पदार्थ इसी पुरुषाधिष्ठित विराट रुप के अङ्गभूत है।

परम पुरुष से विश्व की इस प्रकार उत्पति के सिद्धान्त को तद्वद रुप में पाश्चत्य दार्शनिक स्पिनोजा ने भी उदभावित किया है। उसका द्रव्य और पर्याय का सिद्धान्त इस प्रकार है—

ईश्वर द्रव्य रुप है उनके गुण और पर्याय सब और छिटके है। ईश्वर में अनन्त गुण है। मानवी बुद्धि ईश्वर के दो ही गुण पर्यायों को जान सकती है। ईश्वर के अचित् और चित् इन दो पर्यायों को वह जानती हैं। इसलिये मानव बुद्धि अनन्त[5] गुण मय ईश्वर रुप द्रव्य को गुण पर्यायों के रुप में देखती है। वस्तुतः विश्व ईश्वर का एक अणु रुप है।

वर्ण विभाजन की अपरिहार्यता

वर्ण विभाजन की पद्धति आधुनिक समय में उतनी ही स्वाभाविक एवं अनिवार्य है जितनी पूर्व युग में थी। आधुनिक समय का विभाजन वर्ण विभाजन न होकर वर्ग विभाजन है। समाज में जो व्यक्ति उच्च मेधा-सम्पन्न होते हैं उन्हें उच्च प्रशासकीय सेवा के लिये चुना जाता है। इससे कुछ कम मेधा सम्पन्न व्यक्तियों को द्वितीय वर्ग की प्रशासकीय सेवा के लिये चुना जाता है उससे कम वाले व्यक्तियो को तृतीय वर्गीय सेवा मे नियुक्ति दी जाती है और निम्म मेधा सम्पन्न व्यक्ति चतुर्थ श्रेणी में रखे जाते है। यह चयन आपात क्रम अथवा यथागत क्रम से किया जाता है।

आधुनिक मनोविज्ञान में बुद्धि लब्धि (IQ) के माध्यम से योग्यता का मापन किया जाता है और १४० तक बुद्धि लब्धि वाले व्यक्ति को मेधावी १०० से १४० तक बुद्धि लब्धि वाले व्यक्ति को बुद्धिमान, १०० तक बुद्धि लब्धि प्राप्त व्यक्ति को सामान्य और इससे कम बुद्धि लब्धि वाले व्यक्ति को मन्द बुद्धि करार दिया जाता है। यह बुद्धि लब्धि का मापदण्ड व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुकूल पद पर प्रतिष्ठित करने में प्रयुक्त होता है। अतः वर्ण व्यवस्था श्रम विभाजन की दृष्टि से ही उपयोगी नहीं है अपितु योग्यता एवं क्षमता के आधार पर व्यक्तियों के निवेश में भी उपयोगी है गीता में भी वर्णधर्म का विषय समझाते हुए अन्त मे कहा गया है:—

स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धि लभते नरः।
स्व कर्म निरतः सिद्धि यथा विन्दति तच्छृणु॥

अर्थ यह है कि मनुष्य अपने-अपने वर्णानुभारी कर्म करते हुए मोक्ष रुप सिद्धि को प्राप्त कर लेता है– और वह सिद्धि जिस प्रकार प्राप्त करता है उस उपाय को तू सुन।[6]

यतः प्रवृत्तिर्भूतानांयेन सर्वमिदंततम्।
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धि विन्दतितानवः॥

यथा जिस परमात्मा से प्राणियों की प्रवृत्ति निष्पन्न हुई तथा जिसने यह सब कुछ व्याप्त है उस परमात्मा को अपने वर्णाश्रमधर्म विहित कर्म के अनुष्ठान से पूजकर मनुष्य भगवत्प्राप्ति रुप सिद्धि को प्राप्त कर लेता है।[7]

वर्णाश्रम व्यवस्था सामाजिक संगठन की एक नितान्त वैज्ञानिक व्यवस्था थी। इससे समाज में समता, श्रम-विभाजन शान्ति और सुव्यवस्था रहती थी। राजा वर्ण तथा आश्रम धर्म की अधिष्ठाता अर्थात् गुरु कहलाता था। वर्णों और आश्रमों की

सुचारु व्यवस्था चलाना राज्य-व्यवस्था का प्रमुख अंग था। महर्षि दयानन्द जी ने सत्यार्थ प्रकाश में वर्णाश्रम पालन संबंधी राजा के कार्यों का वर्णन करते हुए लिखते है:—

स राजा पुरुषों दण्ड: स नेता शासिता च सद
चतुर्णामाश्रमाणां च धर्मस्य प्रतिभूच

अर्थात् जो दण्ड हैं, वही पुरुष राजा, वही न्याय का प्रचार कर्त्ता और सबका शासन कर्ता, वही चार वर्ण और चार आश्रमों के धर्म का प्रतिभू अर्थात् जामिन है।[8]

महर्षि आगे कहते हैं :—
दुष्येसु: सर्ववर्णाश्च भिद्येरन् सर्वसेतव: ।
सर्वलोक प्रकोपश्च भवेद् दण्डस्य विभ्रमात् ।।

अर्थात् बिना दण्ड के सब वर्ण दूषित और सब मर्यादा छिन्न-भिन्न हो जाय। दण्ड के यथावत् न होने से सब लोगों का प्रकोप हो जावे।

वर्ण व्यवस्था और जाति व्यवस्था

वस्तुत: जाति व्यवस्था वर्ण व्यवस्था पर आरोपित है। वर्ण व्यवस्था किसी भी जाति में जन्मे मनुष्यों को उनके व्यक्तिगत गुण-कर्मो के आधार पर निष्पक्ष रुप से वर्ण प्रदान करती है। जिस प्रकार सेना में भर्ती के समय रिक्रूटिंग आफीसर के समक्ष सभी अभ्यर्थी एक जैसे होते हैं। वह उनको लाईन में खड़ा कर उनके शारीरिक गठन व्यक्तित्व एवं बुद्धि की परीक्षा कर उन्हें भिन्न-भिन्न सेवाओं के लिए संस्तुत करता है। कहा भी गया है कि :—

जन्मना जायते शूद्र: कर्मणा द्विज उच्यते ।

जन्म से सभी व्यक्ति शूद्र भाव में उत्पन्न होते है किन्तु अपने जन्मजात गुणों की अभिव्यक्ति करने पर वे स्वयं को भिन्न-भिन्न वर्णो के अनुरुप बनाते हैं। अत: वर्ण व्यवस्था विशेषत: वैदिक कालीन वर्ण व्यवस्था का स्वरूप आज की जाति व्यवस्था से सर्वथा भिन्न थी। वर्ण व्यवस्था का सच्चा रूप जाति-व्यवस्था में नहीं देखा जा सकता। जाति व्यवस्था में वर्ण-संकरता के आ जाने का अन्देशा रहता है। जाति व्यवस्था में किसी ब्राह्मण वंश में उत्पन्न हुए व्यक्ति में ब्राह्मणत्व का आरोपण किया जाता है चाहे उसमें ब्राह्मण के अपेक्षित गुण हों या न हों। ऐसी दशा में वर्ण-व्यवस्था के आदर्श का ह्रास होना अपरिहार्य हैं, साथ ही सामाजिक सद्‌भाव में न्यूनता आ जाती है। बड़े दीर्घ काल से चली आ रही जाति व्यवस्था के दूषण कालान्तर में भारी विस्फोट का कारण बन जाते हैं। आज मानव समाज इसी दूषण से विकृत है।

'भास-कालिदास एवं भवभूति के नाटकों में वैदिक वर्ण-व्यवस्था'

डा० बीना बिश्नोई
प्रवक्ता महिला सकाय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

मानव संस्कृति के प्राचीनतम ग्रन्थ वेद हैं। भारतीय परम्परा के अनुसार जिनका कर्ता ब्रह्मा को तथा द्रष्टा चार ऋषियों को स्वीकार किया गया है। समस्त मानव समाज के अभ्युत्थान के लिए वेदों में अनुपम उपदेश तथा सुव्यवस्थित व्यवस्था प्राप्त होती है। चारों वेद मानव समाज के लिए प्रेरणा-स्त्रोत व जीवन निधि के रुप में मान्य है। भारतीय संस्कृति में समग्र मानव-समाज चार वर्णों में व्यवस्थित है।

वेदों की अनुगामि-ता को स्वीकार कर मानव-समाज व्यवस्था का श्रेष्ठतम स्वरुप प्रतिष्ठापित करने वाले मनु ने भी मनुस्मृति में चारों वर्णों का विशद् विवेचन करते हुए वर्ण व्यवस्था का महत्व प्रतिपादित इस प्रकार करते हुए) कहा कि सृष्टि के प्रारम्भ में पंच महाभूतों व पंचतन्मात्राओं सहित इस संसार के क्रमशः उत्पन्न होने पर ईश्वर ने जीव को जिस कर्म में लगाया वह पुनः पुनः उत्पन्न होकर उसी कर्म को ऐसे ही स्वयं करने लगा जैसे ऋतु परिवर्तन के समय ऋतु स्वयं अपने चिन्ह धारण कर लेती है। मनु ने विश्व की रक्षा के निमित्त प्रत्येक वर्ण के पृथक पृथक कर्म निर्दिष्ट किए। व ब्राह्मणों की श्रेष्ठता ज्ञान से क्षत्रियों की शक्ति से वैश्यों की धन धान्य से और शूद्रों की आयु से मानी है। भगवद्‌गीता में भी गुणों व कर्मों के अनुसार सृष्टि रचना में चार वर्णों को समाहित किया गया है—

"चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागशः

चतुर्वेदों स्मृतियों व पुराणों आदि के द्वारा स्वीकृत चतुर्वर्णों में ब्राह्मण को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। जिस प्रकार सम्पूर्ण शरीर में श्रेष्ठ स्थान मुख को प्राप्त है, उसी प्रकार स्वयं ब्रह्मा के मुख से उत्पन्न होने के कारण सभी वर्णों में श्रेष्ठ स्थान ब्राह्मण को प्राप्त है। मनु ने ब्राह्मण को जीव लोक के सभी प्राणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शित किया है।

"भूतानां प्राणिन: श्रेष्ठा: प्राणिनां बुद्धि जीविन: ।
बुद्धिमत्सु नरा: श्रेष्ठा: नरेषु ब्राह्मणा: स्मृता. ।।

मनु ने ब्राह्मण के अध्ययन, अध्यापन, दान आदि ६ कर्म नियत किये हैं व दस वर्ष के ब्राह्मण बालक को सौ वर्ष के वृद्ध क्षत्रिय से बड़ा बताया है ।

'ब्राह्मण दशवर्ष तु शतवर्ष तु भूमिपम् ।
पिता पुत्रौ बिजानीयाद्, ब्राह्मणस्तु तयो: पिता ।।

वैदिक संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में वेदों व स्मृतियों से प्रेरणा प्राप्त कर आदिकाव्य रामायण व महाभारत की रचना हुई जिनसे ब्रह्मा प्रसंग लेकर व वैदिक संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न कवियों ने समय-समय पर अपनी कल्पना-शक्ति व काव्यात्मक प्रतिभा के आधार पर विभिन्न काव्यों व नाटकों की रचना की, उन्हीं में से भास, कालिदास व भवभूति के नाटक हैं। जिनमें हमें वैदिक वर्ण-व्यवस्था का उज्जवल रुप व वैज्ञानिक आधार मिलता है। मनु के समान भास ने भी पञ्चरात्र' नाटक में भीष्म पितामह के द्वारा गुरु द्रोण को ब्राह्मण होने के कारण बड़ा प्रदर्शित कराया है। चारुदत्त नाटक में भास ने ब्राह्मण को पूजनीय बताते हुए कहा है- 'पूजनीय: खलु स जन:' तथा 'मध्यम व्यायोग' नाटक में राक्षस घटोत्कच माता की आज्ञा होने पर भी ब्राह्मण को पृथ्वी पर सर्वोत्तम व पूजनीय मानते हुए उसके वध के प्रति शंकायुक्त हो रहा है। भवभूति ने भी 'महावीर चरित' नाटक में ब्राह्मण वध निषिद्ध बताया है तथा ब्राह्मण को सोमयज्ञ करने वाले ब्रह्मज्ञानी बताया है व इसी नाटक में अन्य स्थान पर ब्राह्मणों के आशीर्वाद को सब अस्त्रों से ऊपर बताया है। उत्तर रामचरित' में ब्राह्मण की वाणी को दिव्य वाणी बताया गया है। भवभूति ने उत्तर राम चरित में लव व सुमन्त्र के वार्तालाप के माध्यम से परशुराम को चारों वर्णों के अनुरुप बताते हुए वर्ण व्यवस्था का सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार भास के नाटक अविमारक में देवर्षि नारद के चरित्र का वर्णन ब्राह्मण के गुणों के अनुरुप किया है। महाकवि कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' नाटक में प्रत्येक शुभ कार्य व शिक्षा प्रदर्शन से पूर्व ब्राह्मण पूजा अनिवार्य बताई है।

इसी प्रकार भवभूति ने 'उत्तर रामचरित' में लव व चन्द्रकेतु को अश्वमेध यज्ञ के नियमानुसार युद्ध के लिए प्रेरित होने व पुनः भ्रातृ प्रेम में विह्वल होने पर कहा है कि वीरों का वीर रस पूर्ण कठोर कर्तव्य स्नेह मर्यादा का उल्लघंन करने वाला होता है। मनु ने प्रत्येक वर्ण के लिए अलग--अलग वेष-भूषा का वर्णन किया है। (क्षत्रियों के लिए मूंज की बनी मेखला पहनने का निर्देश दिया है)। भास ने भी 'अविमारकम्' नाटक में अविमारक की पहचान क्षत्रियोचित वेश व गुणों से ही कराई है। महावीर चरित नाटक में भवभूति ने मनु के ही समान दुर्दान्तों का दमन, यज्ञ समान व क्षत्रियों का कर्तव्य बताया। कालिदास ने क्षत्रियतेज को 'मालविकाग्निमित्र' नाटक में इतना अधिक बताया है कि सामान्यजन द्वारा उनके समीप जाना भी कठिन है। अभिज्ञान शाकुन्तलम् में क्षत्रियों के लिए वानप्रस्थ आश्रम में वन में रहना कुलव्रत बताया गया है।

मनु ने वैश्य के लिए व्यापारिक शिक्षा का ज्ञान व अच्छे व्यापार के लिए विभिन्न भाषाओं का ज्ञान होना अनिवार्य बताया है, जिससे कि देश विदेशों तक व्यापारिक उन्नति, देश की प्रगति व अधिक धन उपार्जन हो सके। वैश्य को अन्न उत्पादन व खपत का उचित ज्ञान होना भी मनु ने आवश्यक कहा हैं। मनु ने वैश्य का कर्तव्य धर्म पूर्वक धन की वृद्धि करते हुए जीवों के लिए अन्न उत्पादन करना बताया है। महाकवि भास ने अपने नाटकों में ब्राह्मण की श्रेष्ठता क्षत्रिय की वीरता के साथ वैश्य की गुणवत्ता भी प्रदर्शित की गई है। चारुदत्त नाटक में (वैश्य पुत्र) वणिक संवाहक बसन्त सेना द्वारा परिचय पूछे जाने पर गर्व से अपना परिचय वणिक पुत्र बताता है व अपने वैश्योचित कर्म का उल्लेख गौरवान्वित होकर करता है।

मनु ने चतुर्थ वर्ण शूद्र मानकर उसका कर्म उपरोक्त वर्णों की सेवा द्वारा जीविका उपार्जन बताया है। मनु ने यद्यपि शूद्र को निम्न जाति वाला माना है, परन्तु शूद्र भी अच्छे कार्य करे तो उत्कृष्ट जाति को प्राप्त कर सकता है उन्होंने आगे कहा है कि यदि ब्राह्मण भी कोई निन्दनीय कर्म करे तो वह ब्राह्मणत्व को छोड़कर शूद्रत्व को प्राप्त कर लेता है साथ ही मनु का कहना है कि वित्त, बन्धु, वय कर्म और विद्या इन पांचों गुणों की अधिकता जिस वर्ण में होगी वही मान्य होगा।

भवभूति ने 'उत्तर रामचरित' नाटक में शूद्र शम्बूक को तपस्या करते हुए दिखाया है। शूद्र को भी तपस्या का अधिकार है। वह तपस्या से ब्राह्मण के समान ऊंचा उठता हुआ प्रदर्शित किया गया है। उसकी तपस्या का प्रतिफल दिखाया है भगवान राम के दर्शन, जिन्हें प्राप्त करने के लिए सब तपस्या करते हैं वे स्वयं उसे ढूंढते हुए आते हैं व ब्रह्मलोक प्राप्त करने का आशीर्वाद देते हैं। इस प्रकार मनु का यह कथन कि दस दशक में पहुंचा हुआ शूद्र भी मान्य होगा, भवभूति ने शम्बूक के माध्यम से सत्य सिद्ध किया है।

वेदों व स्मृतियों में चार वर्णों के अतिरिक्त वर्णेतर जातियों का वर्णन भी मिलता है। जिन्हें शूद्र से भी निम्न माना गया है, यजुर्वेद में इन्हें अरण्य से सम्बोधित किया जाता है। व्यास स्मृति में इन्हें अन्त्यज व मनुस्मृति में मनु ने निम्न जातियों को वर्णसंकर कहा है व वर्णेतर जातियों के अन्तर्गत माना है। भास के सभी नाटकों में अन्त्यज कहलाने वाली जातियों का वर्णन स्थान - स्थान पर मिलता है। भवभूति के नाटकों में भी वर्णेतर जातियों के अन्तर्गत नट भट सूत आदि का वर्णन मिलता है। कालिदास ने वर्णेतर जातियों में सूत और धीवर का वर्णन किया है।

महाकवि कालिदास ने अन्त्यज के माध्यम से वंश परम्परागत कार्यों के महत्व का अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार द्वारा बहुत ही सुन्दर वर्णन किया है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्म में आस्थावान व गर्वित होना चाहिए एक मछली पकड़ने वाले सामान्य नागरिक के कथन के माध्यम से कालिदास ने समाज को सन्देश दिया है। यहां कालिदास ने भास की 'अविमारक' नाटक में अन्त्यजों के विषय में यह उक्ति कि अकुलीनों में चरित्र व ज्ञान का अभाव होता है, गलत सिद्ध कर दिया है। इसी प्रकार भवभूति ने भी उत्तर राम चरित में शूद्र शम्बूक को तपस्वी दिखाकर भास के उक्त कथन 'अकुलीनों' के चरित्र निर्मल नहीं होते' को अनुचित ठहराया है। व्यवहारिक रुप में प्रत्येक व्यक्ति चाहें वर्णों के कर्म नित्य प्रति करता है।

वैदिक संहिताओं में वर्ण-व्यवस्था

डा० सत्यव्रत राजेश
दयानन्द नगरी, ज्वालापुर-हरिद्वार

वैदिक संस्कृति के अनुसार मानव जीवन को दो प्रकार से विभक्त किया गया है, एक कार्य की दृष्टि से और दूसरा आयु की दृष्टि से। कार्य की दृष्टि से किए विभाजन को वर्ण तथा आयु की दृष्टि से किए विभाजन को आश्रम कहते हैं। इस लेख में वर्ण के विषय पर ही विचार किया जाएगा। समाज संचालन के लिए चार प्रकार के व्यक्तियों की आवश्यकता होती है, वे है—शिक्षक, रक्षक, पोषक तथा सेवक। या यों कहो कि समाज के सम्मुख चार समस्याएँ खड़ी मिलती हैं। वे है अज्ञान, अन्याय, अभाव तथा असहयोग। इनके निवारण की जो दीक्षा लेते हैं वे क्रमणः ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य और शूद्र कहलाते हैं। यह वर्ण विभाजन भी जन्म के आधार पर न होकर कार्य अथवा रुचि के आधार पर होता है। क्योंकि बाध्य करके कोई कार्य कराया जाएगा तो व्यक्ति न तो उस कार्य को ठीक प्रकार से कर सकेगा तथा न उस कार्य को करके उसे प्रसन्नता ही होगी। इसके विपरीत रुचि के अनुसार कार्य मिलने पर व्यक्ति उसे ठीक ढंग से भी करेगा तथा उसे करने में उसे प्रसन्नता भी होगी। यह भी यथाथ है कि शिक्षक तथा उपदेशक के बिना समाज में अज्ञान तथा अन्ध परम्पराएं पैर फैलाएंगी रक्षक के बिना मत्स्यन्याय फैल जाएगा, बड़ा छोटे को खा जाएगा, अन्याय अत्याचार तथा अराजकता का बोल बाला हो जाएगा तथा सम्मार्ग एवं विशुद्ध परम्पराओं का लोप हो जाएगा तथा लोग मनमानी करने लगेंगे। पोषक के बिना अभाव की विभीषिका समाज को निगलने को तैयार हो जायगीं, धर्म कर्म का लोप हो जाएगा तथा मानव भेड़िया बन जाएगा। सेवक के बिना मुख्य काम करने वाले चूल्हे चौके, वस्त्र तथा बरतन धोने तथा झाड़ू बुहारी में लगे रहेंगे। इस प्रकार राष्ट्र के मस्तिष्क उच्च वैज्ञानिक कार्यों के लिए कम से कम समय निकाल सकेंगे और राष्ट्र की अकथनीय हानि होगी। इसी लिए वेद ने चार वर्णों में समाज को विभक्त किया है जो पूर्णतः वैज्ञानिक है।

वेद में अनेक स्थानों पर चार वर्णों का उल्लेख हुआ है। एक मन्त्र में सरल मार्ग से चलने वाले तथा विद्या रूपी धन वाले आचार्य से कहा गया है– कि क्या आप मुझे

जन समुदाय के अन्दर गोपाल (शूद्र) बनाओगे या राजा (क्षत्रिय) बनाओगे या सोमपायी ऋषि (ब्राह्मण) बनाओगे या अमृत-असीम धन दोगे ?[1]

हमारे ब्राह्मणों में दीप्ति-तेज भर दो, हमारे क्षत्रियों मे तेज भरो, वैश्य और शूद्रों में तेज भरो तथा तेज से मुझे भी तेजस्वी बना दो।[2] इस मन्त्र में भी चारों वर्णो का नामोल्लेख पूर्वक कथन हुआ है। एक मन्त्र में परमेश्वर कहते है कि– जैसे मैंने इस कल्याणी वाणी अर्थात् वेद को सब मनुष्यों अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रिय, शूद्र तथा अर्य अर्थात् वैश्य– अर्यः स्वामिवैश्ययोः अष्टाध्यायी के लिए उपदेश किया है (वैसे तुम भी सबके लिए इसका उपदेश करो)।[3] यजु० ३०,५ में भी चारों वर्णो का उल्लेख करते हुए कहा है कि ब्रह्मज्ञान और वेदप्रचार के लिए ब्राह्मण राज्य संचालन के लिए क्षत्रिय पशु तथा प्रजापालन के लिए वैश्य तथा प्रेम से सेवा करने तथा शुद्धि करने वाले शूद्र को तप के लिए सब राष्ट्र में उत्पन्न करो।[4] एक अन्य मन्त्र चारों वर्णों का उल्लेख करते हुए कहता है– मुझे देवों–विद्वानों ब्राह्मणों में प्रिय बना, क्षत्रियों में प्रिय बना, सब देखते हुओ का प्रिय बना तथा शूद्र तथा वैश्यों का प्यारा बना।[5] अर्थात् वेद के ही एक मन्त्र में हीं दर्भ के समान पापियों को चुभने वाले राजा से कहा है— आप मुझे ब्राह्मण क्षत्रिय शूद्र तथा वैश्यो का प्रिय बनाओं।[6]

इस प्रकार वेद के अनेक मन्त्रों में वर्णचतुष्टय का उल्लेख मिलता है। कहीं एक दो या तीन वर्णो का भी उल्लेख हुआ है यह प्रसंगानुसार ही है।

१– कुविन्मा गोपां करसे जनस्य कुविद्राजान मधवन्नृजिषिन्।
कुविन्म ऋषि पपिवासं सुतस्य कुविन्मे वस्वो अमृतस्य शिक्षाः। ऋ० ३,४३,५।।

२- रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु नस्कृधि।
रुचं विश्येषु शूद्रेषु मयिधेहि रुचा रुचम्।।

३– यथेमा वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः। ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च ।।यजु० २६,२।।

४– ब्रह्मणे ब्राह्मणं क्षत्राय राजन्यं मरुद्भ्योवैश्य तपसे शूद्रम।।

५– प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु। प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये।। ।।अ० १९ ६२.१।।

६– प्रिय मा दर्भ कृणु ब्रह्मराजन्याभ्याँ शूद्राय चार्याय ।।अथर्व० १९.३२.८।।

मुख के समान गुणों वाला इस समाज में ब्राह्मण है, भुजाओं के गुण वाला क्षत्रिय, अरु तथा पेट के गुणयुक्त वैश्य तथा पैरों के गुणवाला शूद्र है। मुख में तीन गुण विशिष्ट हैं– ज्ञान, तप तथा त्याग। सारी ज्ञानेन्द्रियों का केन्द्र मुंह है, चेहरा है। कान नेत्र जिह्वा नासिका का मुख्यतया तथा त्वचा का सामान्यता केन्द्र मुंह ही है। इसी प्रकार समाज में ज्ञानविशिष्ट व्यक्ति ब्राह्मण माना जाएगा। मुख का दूसरा गुण है तप। शीत काल में सारे शरीर को वस्त्रों से ढकते हैं किन्तु यह यपस्वी सदैव खुला रह कर शीत ताप वर्षा के थपेड़ों को सहता रहता है। मुख का तीसरा गुण है त्याग। उत्पन्न होने से लेकर मरण पर्यन्त व्यक्ति जो भी खाता है वह मुंह से हीं खाया जाता है। किन्तु मुंह अपना कार्य करके उसे पेट को दे देता है। अपने पास नहीं रखता। ये तीन गुण जिसमें विशिष्ट हो वह समाज में ब्राह्मण माना जाएगा।

क्षत्रिय को भुजा के गुण वाला कहा गया है। हाथ के काम शोधन, कण्टकमोचन तथा ताड़न विशेष हैं। जैसे कि पिता घर का स्वामी होते हुए भी सन्तान का ध्यान रखना है तथा उनका पालन करता है उसी प्रकार के व्यवहार करने वाले को क्षत्रिय माना जाएगा।

वैश्य को ऋग्वेद तथा यजुर्वेद ने ऊरु तथा अथर्ववेद ने 'मध्यम्' अर्थात् उदर कहा है। ऊरु का कार्य गमनागमन है तथा पेट का काम है परिष्कृत करके अनुपयोगी को पृथक् करना तथा उपयोगी को शरीर के अनुरुप बना कर सारे शरीर को बांट देना। इसी प्रकार जो व्यक्ति व्यापारार्थ देश विदेश में आए जाए, वहां से उपयोगी वस्तुओं ला कर उसे समाज के अनुरुप बनाकर फिर सारे समाज में वितरण करे तथा जो यहां उपयोगी नहीं है या उपयोग से अधिक है उसे बाहर विदेश में निकाल दे, वह व्यक्ति वैश्य कहा जायेगा।

पैरों का काम मुख, बाहु तथा उदर आदि के भार को वहन करना हैं। जो व्यक्ति ब्राह्मण क्षत्रिय तथा वैश्य के दैनिक कार्यो के भार को अपने जिम्मे ले लेता है तथा उन्हें अपने कार्यो को करने के लिये अधिक से अधिक अवकाश प्रदान करता है वह समाज में शूद्र कहा जायेगा।

महर्षि दयानन्द ने भी यजुर्वेद २२.२२, ३१.११, २६.४७, ७ ४६, ३०.५ तथा १८.४४ में वेद तथा ईश्वर को जानने वाला, ब्राह्मण पद का अर्थ किया है। १०.१८ में 'ब्राह्मणानाम्' का अर्थ 'ब्रह्मवेद भक्तानाम्' किया हैं। यजुर्वेद ३०.५ में - ब्रह्मणे ब्राह्मणम् का भीं यही भाव हैं। क्षत्र का अर्थ भी उन्होंने यजु० २०.१० में क्षताद्रक्षके क्षत्रियकुले' किया है। ३०५ में आए-क्षत्राय राजन्यम् का भी यही भाव है। यजु. ३१ ११ में वैश्य का अर्थ उन्होने-यो यत्र तत्र विशति प्रविशति तदपत्यम् किया है। मरुदम्यो यजु० ३०.५ का भी ऐसा ही भाव है। 'शूद्रम' का अर्थ उन्होने ३०.५ में उन्होने 'प्रीत्या सेवक शुद्धिकरम्' किया है। वहां–तपसे शूद्रम्–का भाव भी द्वन्द्व सहन करके समाज की प्रेम से सेवा करना तथा उसकी शुद्धि करना शूद्र का कार्य बतलाया है।

समाज में शूद्र की स्थिति—

यद्यपि मध्यकाल में शूद्रों की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो गई थी। उन्हें अस्पृश्य बताकर समाज से बहिष्कृत सा कर दिया था। वेदपाठ का उन्हें अधिकार नहीं था। वेदाध्ययन करने पर उन्हें दण्ड का विधान था। उन्हें श्मशान जैसा अपवित्र भी कहा गया था। अन्य भी अनेक विसंगतियों का उन्हें शिकार बनाया गया था। किन्तु वेद में एक भी ऐसा प्रमाण नहीं मिलता जिससे शूद्र को ऐसा कहा गया हो। वेद में तो एक ही परिवार में विभिन्न वर्णों के लोगों के प्रेम पूर्वक रहने के संकेत मिलते हैं। ऋग्वेद के एक मन्त्र में कहा है कि मैं शिल्पी हूं, पिता वैद्य तथा माता पत्थर का कार्यं करने वाली है। धन के इच्छुक हम विभिन्न कार्य करते हुए एक ही घर में ऐसे रहते है जैसे एक ही गोष्ठ में अनेक गाएं प्रेम से रहती हैं।[1]

युगद्रष्टा महर्षि दयानन्द ने अपने ग्रन्थों में इस मान्यता का प्रबल रूप से खण्डन किया है। उनके अनुसार शूद्र भी वैदिक समाज का एक अंग है। वर्णों में कार्यभिन्नता होती हैं। आचार व्यवहार भिन्नता नहीं। जहां तक पद्भ्यां शूद्रों अजायत का प्रश्न है। महर्षि जी ने पद्भ्याम् का अर्थ सेवा निरभिमानाभ्याम् किया है। यह अर्थ है भी युक्त। क्योंकि जिस मन्त्र के उत्तर में यह मन्त्र है वहां पूछा गया था। कि जिस पुरुष का विधान किया गया है उसे कितने विभागों मे कल्पित, किया गया है। उसका मुख बाहु उरु तथा पैर कौन हैं। जब प्रश्न ही यह नहीं किया था कि कौन किससे उत्पन्न हुआ है तो उत्तर में यह कैसे मान लिया जाए कि ब्राह्मण आदि मुखादि से उत्पन्न हुए हैं। अत: वैदिक वर्ण व्यवस्था समाज के लिए एक आदर्श है।

१- कारुरहं ततो भिषगुपल प्रक्षिणीनना। नानाधियो वसूयवोऽनु गा इव तस्थिमः ॥९ ११२३॥

'वैदिक वर्णव्यवस्था का वैज्ञानिक आधार'

डा० सभापति शास्त्री

'चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागशः'

गीता के इस कथन में वर्णो की वैज्ञानिकता अधिक प्रतीत होती है। त्रिगुणात्मिका प्रकृति से उत्पन्न इन चारों वर्णो की वैज्ञानिकता केवल गुणों से ही सिद्ध हो सकती है। पुरुषसूक्त में उद्धृत 'ब्राह्मणोस्य मुखमासीत्' से प्रतीत होता है कि जिसमें रजगौण और सत्व प्रधान है वह ब्राह्मण है। 'बाहू राजन्यः' क्षत्रिय में रज प्रधान और सत्व गौण होता है। वैश्य में तम गौण और रज प्रधान होता है तथा शूद्र में केवल तमस प्रधान है। इसी लिए गुणों के अनुसार ही इनके कर्म भी निश्चित होते हैं।

यत् क्रतुर्भवति तत् कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तत् अभिसम्बद्यते। फलश्रपृकरता।

उपर्युक्त सिद्धान्त श्रुति, तर्क एवं अनुभव से नितान्त वैज्ञानिक प्रतीत होता है। जन्मान्तरों की कर्मफलवासना से ही जन्म माना गया है। अतः इसका (मलदोष) का निराकरण भी केवल कर्म द्वारा ही सम्मति है किन्तु उस कर्म द्वारा जो कर्म फलाकांक्षा से रहित हो गीता में कहा है—

स्वे स्वे कर्मव्यभिरतः संसिद्धि लभते नरः।

तथा

स्वकर्मणा तमम्यर्च्य सिद्धि विन्दति मानवः।

उन गुण और कर्मो के अनुसार समस्त स्मृतियों में चारों वर्णो के कर्मो का निर्धारण किया है।

स्वामी विवेकानन्द ने कहा है मैंने सारे विश्व में घूमकर देखा है कि वे समस्त आचार्य और चिन्तक एक सामाजिक वर्णव्यवस्था का निर्माण करने में प्रयत्नशील रहे हैं किन्तु उन्हें असफलता ही हाथ लगी, यह भारत में केवल उसकी मनीषा से ही सम्मत हुआ और आज भी समाज को चार वर्णो में नहीं बांटा जा सकता जिसे प्रकृति ने स्वयं विभाजित कर रखा है।

प्रस्तुत संदर्भ में गीता के इन श्लोकों को देखा जा सकता है —

यदहङ्कार माश्रित्य न यात्सेति मन्यसे ।
मिथ्यैष व्यवसायस्ते प्रकृतिस्त्वां नियोक्ष्यति ।
स्वभावजेन कौन्तेय निबद्धः स्वेज कर्मणा ।
कर्तुं नेच्छसि यन्मोहात् करिष्यसि अवशोपि तत् ।

यहां स्वभाव और प्राकृत पर्यायवाची ही है। वर्तमान जन्म में प्रवृत्ति और निवृत्ति, सुख दुःखादि की सिद्धि के हेतु होने के कारण पूर्वजन्म के पाप पुण्यादि कर्म संस्कारों को स्वभाव कहते है और यही मानव की मूल प्रकृति है। अतः हम वैदिक वर्णव्यवस्था की वैंज्ञानिकता को गुण कर्म विभागशः के नियम से नियमित कर सकते हैं।

वर्तमान राजनीति और वर्ण-व्यवस्था

वर्तमान में वर्ण-व्यवस्था पर बहुत आक्षेप लगाए जाते हैं और इसी के ऊपर भारत की अवनति वा दयित्व रखा जाता है। कुछ राजनीतिक पार्टियां सम्पूर्ण मनुवादि व्यवस्था पर ही लाञ्छन लगाकर उसका तिरकार करती है। उनके अनुसार वर्ण-व्ययस्था ने ही समाज में विद्वेष- फूट व संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कि गई है। इस वर्ण-व्यवस्था के उन्मूलन में ही भारत का हित निहित है पर यदि गम्भीरता से विचार किया जाय तो उपर्युक्त आपेक्ष निमूंक ही सिद्ध होता है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जो राजनीतिक पार्टियां वर्ण-व्यवस्था को वांछित करती है, वे स्वयं वर्ण-व्यवस्था को प्रोत्साहित कर अपना संकुचित स्वार्थ सिद्ध करने की चेष्टा करती हैं। वर्ण-व्यवस्था के दुरुपयोग से भले ही समाज में कुछ बुराइयां उत्पन्न हो गई है पर उनका समाधान वर्ण-व्यवस्था के उन्मूलन मैं नहीं वरन् उसके सदपयोग में निहित है। आज के राजनीतिज्ञों ने अपने दृष्टि-दोष के कारण समाज का जितना अहित किया है उतना शायद ही किसी अन्य ने किया हो। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम उनकी माया को विदीर्ण कर उनके वास्तविक अवांछनीय चेहरे को समाज के समक्ष उजारा करें। आज दार्शनिकों का यही परम कर्तव्य है। यही दार्शनिकों का युग-धर्म है।

समाज का जैविक सिद्धान्त

जैविक सिद्धान्तो में समाज की उपमा एक जीवित प्राणीयों से की गई है जिस प्रकार शरीर अनेक अंगों से मिलक बना है उसी प्रकार समाज भी अनेक अंगों से निर्मित हुआ है। जिस प्रकार शरीर केवल विभिन्न अंशों का समुच्चय ही नहीं होता, अंशों से पृथक उसका अस्तितव होता है, उसी प्रकार समाज भी व्यक्तियों केवल समूह नहीं है, व्यक्तियों से पृथक भी उसका एक अस्तित्व होता है। जिस प्रकार शरीर से पृथक् उसके अंशों की कल्पना नहीं की जा सकती, ठीक उसी प्रकार समाज से पृथक् व्यक्तियों के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। उपर्युक्त विवेचन का तात्पर्य यह है कि समाज और व्यक्ति के बीच अंगी और अंग का सम्बन्ध होता है।

समाज और उसमें रहने वाले व्यक्तियों के बीच जैविक सम्बन्ध पाया जाता है। समाज के जैविक सिद्धान्त के निम्ननिहितार्थ हैं :—

(१) समाज तथा उसके विभिन्न अंगों के बीच अन्योन्याश्रय या अपृथक्सिद्ध सम्बन्ध पाया जाता है।

(२) जिस प्रकार शरीर के विभिन्न अंगों के कार्य पृथक्-पृथक् होते हुए भी उनमें परस्पर अपूरकता पाई जाती है, उसी प्रकार समाज के विभिन्न अंशों के कार्य पृथक्-पृथक् होते हुए भी उनमें परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध पाया जाता है। जिस प्रकार शरीर के विभिन्न अंगों के कार्य में पृथकता होते हुए भी सम्पूर्ण शरीर के हित-साधन में एकनिष्ठता होती है उसी प्रकार समाज के विभिन्न वर्गो अथवा वर्णो के कार्य में पृथकता होते हुए भी समाज के हित-साधन में एक निष्ठता होती है।

कुण्ठा व नैराश्य से युक्त समाज

कोई भी सार्थक कार्य करने में असमर्थ होता है। आरक्षित वर्ग समाज में ठीक प्रकार अभियोजित भी नहीं कर पाता क्योंकि वह हीनता-ग्रन्थ (Inferiorty Complex) से सदा ग्रस्त रहता है। ऐसा देखा गया है कि जो आरक्षण के आधार पर उच्च पदों पर आसीन हो जाते हैं वे स्वजातीय व सवर्गीय वर्गों को पहचानने से भी इनकार करते हैं।

आज भारतीय राजनीति में जो विपर्यय और अराजकता दिखाइ देती है उसका प्रमुख कारण यह है कि विभिन्न राजनीतिक पार्टियां सभी वर्णो या वर्गों का हित-साधन न कर केवल कुछ वर्ण के ही हित-साधन का उपक्रम करती हैं। वे विभिन्न वर्णो में प्रतिद्वन्दिता, विद्वेश और घृणा उत्पन्न कर अपना स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयत्न करती है। इससे समाज का अहित तो होता ही है, उनका भी अहित होता है। केवल एक वर्ण या जाति को पुरस्कृत करने तथा अन्य वर्णों को तिरस्कृत करने से कोई भी राजनीतिक पार्टी स्थायी अर्जित नहीं कर सकती। अपनी-अपनी शक्ति लगाकर अपने-अपने कार्यो द्वारा सभी वर्णो का हित करते रहें।

यदि इस नियम में कहीं व्यक्तिक्रम दिखाई पड़ता है तो इसका कोई न कोई बाह्य प्रबल कारण को दूर कर आनुवंशिक गुणों कों उजागर किया जा सकता है। अत: वर्ण और जाति दोनों एक दूसरे से बिल्कुल भिन्न नहीं है। जातियों के अनुरक्षण से विभिन्न वर्णों की विशेषताओं को सुरक्षित रखा जा सकता है। शास्त्रों मे वर्ण-संकर की निन्दा इसलिए की जाती है क्योंकि वे वर्णगत् व जातिगत विशेषताओं को नष्ट कर देते हैं। मनुस्मृति में स्पष्ट कहा गया है :—

जिस समाज में वर्णों को दूषित करने वाले वर्ण—संकर अधिक पैदा होते है वह समाज में या राष्ट्र की उन व्यक्तियों के साथ नष्ट हो जाता है।[2]"

जातीय अथवा आनुवंशिक संस्कार इतने प्रवल होते हैं कि उन्हें दूर करना कठिन ही नहीं वरन् असम्भव भी होता है। इस सम्वन्ध में विश्वामित्र व वशिष्ठ का उदाहरण उल्लेखनीय है। विश्वामित्र एक क्षत्रिय राजा थे पर वरिष्ठ एक ब्राह्मण ऋषि थे। विश्वामित्र के बार-बार तप करने पर भी वे वशिष्ठ ऋषि के ब्राह्मणतत्व को प्राप्त नहीं कर सके। उनका आनुवंशिक गुणा सदा उन्हें ब्राह्मणत्व प्राप्त करने से रोकता रहा। इस उदाहरण से स्पष्ट है एक वर्ण से दूसरे वर्ण अथवा एक जाति से दूसरी जाति में संक्रमण कितना कठिन कार्य होता हे।

भारत के ऋषि—महार्षियों का यह भी ध्यान था कि सब प्रकार के बलों की उन्नति समाज में की जाय किन्तु उन बलों के दुरुपयोग से समाज को किसी प्रकार का कलेश न हो। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने अपनी व्यवस्था में एक बल का नियन्त्रण दूसरे बल द्वारा करने का प्रावधान किया। नियन्त्रण निग्रह और अनुग्रह दोनों द्वारा सम्भव होता है। इस दृष्टि से शूद्र-वल का नियन्त्रण वैश्य बल द्वारा, वैश्य बल का नियन्त्रण क्षत्रिय बल या शासन बल द्वारा तथा क्षत्रिय बल का नियन्त्रण ब्रह्म-बल द्वारा करने का प्रावधान किया गया। ब्रह्म-बल आध्यात्मिक बल है। इसके नियन्त्रण की कोई आवश्यकता महसूस नहीं की गई क्योंकि आध्यात्मिक बल का दुरुपयोग आध्यात्मिक बल को ही समाप्त कर देता है।

यस्मिन्नेते परिध्वंसा जायन्ते वर्णदूषकाः।
राष्ट्रि कैः सह तद्राष्ट्रं क्षिप्रमेव विनश्यति ॥

अन्तिम निष्कर्ष –

समाज में वर्ण–व्यवस्था रूचि-वैचित्र्य के आधार पर निर्मित की गई है सभी की रूचि एक समान कभी नहीं हो सकती । अतः समाज मे वर्ण-व्यवस्था एक स्वभाविक उपज है । इसका उन्मूलन कभी भी संभव नहीं है । इसी बात को भगवान श्री कृष्ण ने गीता में इस प्रकार व्यक्त किया है—

> चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणा कर्म विभागशः ।
> तस्य कर्तारमपि मां विद्वयकर्तारमव्ययम् ॥

भगवान द्वारा सृष्ट होने का तात्पर्य यह है कि वर्ण-व्यवस्था किसी न किसी रूप में समाज मे अवश्य विद्यमान रहेगी । अतः जो राजनीतिक पार्टियां उनके उन्मूलन की बात करती है वे वर्ण-व्यवस्था के कर्म को नहीं समझती । समाज में प्रत्येक वर्ण और जाति को अपने वर्ग के हित साधन का पूरा अधिकार है किन्तु यदि उस हित साधन से समाज का अहित हो तो उसे उसका परित्याग कर देना चाहिए । वर्ण-व्यवस्था किसी बर्ण या वर्ग के हित साधन के लिए निर्मित की गई है जो सम्पूर्ण समाज का हित करता है वह परमात्मा के कार्य का ही सम्पादन करता है वह परमात्मा के कार्य का ही सम्पादन करता है । भारत वर्ष में आरक्षण-व्यवस्था जिससे किसी वर्ग–विशेष का भले ही हित-साधन होता हो पर सम्पूर्ण समाज का तो अहित ही होता है अतः देश आरक्षण का जितना शीघ्र परित्याग कर दे उतना ही उसका भला होगा ।

महर्षि दयानन्द की दृष्टि में वर्ण-व्यवस्था एक अर्थ वैज्ञानिक आधार

डा० विक्रमकुमार विवेकी

आर्य समाज के प्रवर्तक स्वामी दयानन्द सरस्वती वैदिक वर्ण व्यवस्था को सामाजिक अव्यवस्था के कारण उत्पन्न दुःखों का निवारक एवं सुखमूलक-व्यवस्था का कारक मानते हैं। सम्पूर्ण भूमण्डल में दुख का मूल कारण "निर्धनता" है तथा अज्ञान, अन्याय व अभाव के कारण ही निर्धनता उत्पन्न होकर विविध दुःखों का कारण व माध्यम भी बनती है। इन दुःखों की निवृत्ति हेतु विभिन्न महापुरुषों ने विविध प्रयत्न किये है। स्वामी दयानन्द ने भी एतद्विष्यक अनेक विचारों की अभिव्यक्ति की है। चूंकि स्वामी दयानन्द अध्यात्म के उद्गाता होने के साथ-साथ भौतिक जगत् की भी अनेक समस्याओं को सुलझाने वाले थे।

आर्य समाज ने किया, नहीं किया

आर्य समाज ने अपने संस्थापक महर्षि के द्वारा प्रदर्शित विभिन्न आदर्शों को लेकर समाज में प्रबल आन्दोलन किये हैं, परन्तु समाज की प्रमुख समस्या निर्धनता व आर्थिक विषमता के निवारण में उदासीनता दिखाने के कारण आज वह अपने प्रवर्तक की निर्वाण-शताब्दी को मानने के बाद स्वयं निर्वाणोन्मुख हो रहा है। आर्यसमाज ने शास्त्रार्थ द्वारा असत्य खण्डन, सत्य मण्डन, कर्तव्य कर्मकाण्ड आदि का परिपालन व गुरुकुल और स्कूल कालेज आदि के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन आदि स्तुत्य प्रयास तो बहुत किये, परन्तु वह पड़ौसी की भूख में "भाग्यवाद" को ही कारण मानता रहा। महर्षि दयानन्द के दिल में विषमता के विरुद्ध दहकती आग को आर्यसमाज का नेतृत्व नहीं पहचान पाया। यही कारण है कि दयानन्द के अनुयायी एक शताब्दी की दीर्घावधि में एक गांव को भी पूरा आर्यसमाजी नहीं बना पाये, जबकि उसी अवधि में कार्ल-मार्क्स के अनुयायियों ने उसके प्रमुख कार्यक्रम "आर्थिक-शोषण-विरोध" को लेकर आज दुनियां की दो तिहाई से भी ज्यादा आबादी को अपना समर्थक बना लिया है।

ऐसी बात नहीं कि महर्षि दयानन्द के पास शोषण–व्यवस्था के विरुद्ध कोई कार्यक्रम ही नहीं था। वे तो एक सर्वांगीण कार्यक्रम दे गये हैं, जिसका कार्ल-मार्क्स के पास भी अभाव है। वह अद्भुत कार्यक्रम क्या है, उसको वर्णव्यवस्था के माध्यम से बतलाना ही यहां पर हमारा ध्येय है।

वैदिक समाज व्यवस्था (वर्ण-व्यवस्था)—

वर्तमान समाज में दो आर्थिक व्यवस्तुएं प्रचलित हैं. दोनों ही अधूरी हैं। वे हैं—पूंजीवादी व्यवस्था और साम्यवादी व्यवस्था है। पूंजीवादी व्यवस्था में पैसा कुछ लोगों के पास अनुचित तरीकों से इकठ्ठा हो जाता है और समाज की अधिकांश जनता अभाव, गरीबी व शोषण के कारण दुःख और कष्टों को झेलती रहती है। दूसरी ओर साम्यवादी व्यवस्था में भी अनेक दोष हैं। सभी को एक जैसा ही लाभ मिलने से व्यक्ति में विशेष उन्नति करने का उत्साह नहीं रहता, व्यक्ति की शक्ति और योग्यता का पूर्ण सदुपयोग नहीं हो पाता। परन्तु वैदिक समाज व्यवस्था में उपर्युक्त दोष नहीं हैं। हमारे विचार में पूंजीवादी व्यवस्था की अपेक्षा "साम्यवादी व्यवस्था" श्रेयस्कर है। परन्तु साम्यवाद के दोषों से रहित "वैदिक समाज-व्यवस्था" सर्वोत्तम है। पूंजीवादी व्यवस्था में लोग रोटी कपड़ा, और मकान के बिना दुःखी रहते हैं। साम्यवादी व्यवस्था में सबको रोटी, कपड़ा और मकान तो मिल जाता हैं, परन्तु भौतिकता की परिधि में ही लिपटी हुई यह व्यवस्था अध्यात्म से अछूती रह जाती है जो कि मानव का एकमात्र और अन्तिम उद्देश्य है। वैदिक समाज व्यवस्था में कोई भूखा तो मरेगा ही नहीं, साथ ही उसे मानसिक और आत्मिक सन्तुष्टि के साथ जीवन के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एक स्वस्थ व स्वच्छन्द वातावरण भी मिलेगा।

वस्तुतः, स्वामी दयानन्द द्वारा अनुमोदित वर्ण-व्यवस्था एक अद्वितीय समाज व्यवस्था है, जिसकी कोई तुलना नहीं हो सकती। वर्णाश्रम व्यवस्था के माध्यम से सबको इच्छानुसार प्रगति का वातावरण व अवसर मिलेगा। सब को जीने के साधन मिलेंगे। किसी का शोषण नहीं हो सकेगा। वर्णाश्रम-व्यवस्था का उद्गम स्रोत वेद स्वयं कहता है कि कोई व्यक्ति भूख के कारण नहीं मरेगा।[1]

---

१. न वा उ देवाः क्षुधमिद्धं ददुः। (ऋग्० १०.११७ १)
अर्थात् परमात्मा ने निश्चय से ही भूख को मृत्यु का कारण नहीं बनाया है।

स्वामी दयानन्द के मन्तव्य—

स्वामी दयानन्द समाज से "असमानता" और "शोषण" की समाप्ति के लिए व्यक्ति के बचपन से ही उस "समानता" की बात करते हैं[1], जो व्यक्ति व सम्पत्ति के ऊपर राज्य के नियन्त्रण के बिना असम्भव है। वे बच्चे पर माता-पिता का स्वाधिकार शिशु-अवस्था तक ही मानते हैं। बाद में उस बच्चे के प्रति कर्तव्य को सरकार के कन्धों पर डाल देते हैं।[2] जिसके अनुसार वे माता-पिता जो अपने बच्चे को शिशु-अवस्था के बाद सरकार को नहीं सौंपेंगे वे दण्डनीय होंगे। इस मन्तव्य के अनुसार राष्ट्र में स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालय आदि पाठशालायें सभी राष्ट्रीयकृत होंगी। उनमें से एक जैसी ही रहन-सहन व विद्यार्थी अध्ययन की समाप्ति तक माता-पिता के साथ उनका किसी भी प्रकार का सम्पर्क नहीं रहेगा।[3]

जब तक छात्र विद्याध्ययन में रत होंगे तब तक उनके माता-पिता अपनी ड्यूटी में संलग्न होंगे। अपने-अपने गुण-कर्म-स्वभाव व योग्यता के अनुसार वे चाहे "ब्रह्मणत्व" को धारण कर अध्यापन, अनुसन्धान व विज्ञानोन्नति में लगे होंगे, "क्षत्रियत्व" को धारण कर सेना, पुलिस आदि के रूप मैं सुरक्षा में संनद्ध होंगे, "वैश्यत्व" को अपनाकर कृशि, गोपालन, वाणिज्य, कारखाने आदि के द्वारा वस्तुओं के उत्पादन के माध्यम से राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरी कर रहे होंगे या "शूद्रत्व" को स्वीकार कर समाज के लोगों की अनेकविध सेवा शुश्रूषा रूपी कर्तव्य को निभा रहे होंगे।

---

१. सब को तुल्य वस्त्र, खान-पान, आसन दिये जायें चाहे वह राजकुमार या राजकुमारी हो, चाहे दरिद्र के सन्तान हो, सबको तपस्वी होना चाहिए।

सत्यार्थप्रकाश (तृ०समु०)

२. इसमें राजनियम और जातिनियम होना चाहिए कि पांचवे अथवा आठवें वर्ष के आगे कोई अपने लड़कों और लड़कियों को घर में न रख सके। पाठशाला में अवश्य भेज देवें, जो न भेजे वह दण्डनीय हो।

सं० प्र० (तृ०समु०)

३. उनके माता-पिता अपने सन्तानों से वा सन्तान अपने माता-पिताओं से न मिल सकें और न किसी प्रकार का पत्र व्यवहार एक-दूसरे से कर सकें जिससे संसारी चिन्ता से रहित होकर केवल विद्या बढ़ाने की चिन्ता रखें।

स० प्र० (तृ०समु०)

सन्तान-परिवर्तन—

स्वामी दयानन्द के इन उदात्त विचारों से एकसुनही समाज-व्यवस्था स्पष्टतया सामने उभर कर आती है— प्रत्येक शिशु जन्म के बाद ५ या ६ वर्ष तक माता-पिता के पास रह कर शैशव वितायेगा। तदनन्तर विद्योपार्जन की अवस्था तक वह सरकार के अधीन व सरकारी व्यवस्था में ही रहेगा। विद्योपार्जन कर स्नातक होने के पश्चात् यदि वह छात्र अपनी योग्यता व स्वीकृत-वर्ण के अनुसार पैतृक व्यावसाय को ही सम्भाल सकेगा तो उसे ही (सरकारी व्यवस्थानुसार) सम्भालेगा, नहीं तो सरकार उसे उसकी योग्यता के अनुसार दूसरे परिवार (वर्ण) में भेज देगी, जहां उसके योग्य व्यवसाय उसें अवश्य ही मिलेगा, बेरोजगार नहीं रहेगा।

आपाततः देखने में यह व्यवस्था बड़ी अटपटी एवं अव्यावहारिक सी लगती है, परन्तु इसी व्यवस्था द्वारा समाज से विष्मता मिट सकती है और शोषण को समाप्त किया जा सकता है। क्योंकि यही एक मात्र व्यवस्था है जिसके कारण एक व्यक्ति को एक ही अर्थोपार्जन का साधन और वह भी अवश्य मिलेगा। यदि व्यक्ति पैतृक वर्ण के योग्य होगा तो वह उसी व्यवस्था को सम्भाल लेगा। अर्थात् उस व्यक्ति का अपने पिता के व्यवसाय के साधनों पर अधिकार (वह भी सर्वथा सरकारी नियन्त्रण के साथ) रहेगा। यदि व्यक्ति पैतृक वर्ण के योग्य नहीं बन सकेगा तो उसे सरकार के द्वारा किसी अन्य व्यवसाय के साधनों पर अधिकार दिलवाया जायेगा। स्वामी दयानन्द की समाज व्यवस्था में वर्ण परिवर्तन की यह बात एक क्रान्तिकारी भावना से ओत-प्रोत है।[1] उपर्युक्त सन्तान-परिवर्तन की बात सम्पत्ति के सर्वथा "राष्ट्रीयकरण" की व्यवस्था से ही सम्भव है।

---

१. प्रश्न— जो किसी के एक ही पुत्र वा पुत्री हो वह दूसरे वर्ण में प्रविष्ट हो जाय तो उसके मां बाप की सेवा कौन करेगा और वंशच्छेदन भी हो जायेगा। इसकी क्या व्यवस्था होनी चाहिए।

उत्तर— न किसी की सेवा का भंग और न वंशच्छेदन होगा क्योंकि उनको अपने लड़के लड़कियों के बदले स्ववर्ण के योग्य दूसरे सन्तान विद्या सभा और राजसभा की व्यवस्था से मिलेंगे। इसलिए कुछ भी अव्वस्था न होगी।

कर्म से, न कि जन्म से

वर्ण व्यवस्था में व्यक्ति को जन्म के आधार पर, व्यवसाय, सम्पत्ति व जाति आदि नहीं मिलते अपितु गुण, कर्म, स्वभाव एवं योग्यता के अनुसार उसे व्यवसाय, सम्पत्ति व जाति आदि सरकारी व्यवस्था के माध्यम से ही उपलब्ध कराये जाते हैं।[1] इससे हर एक व्यक्ति को अर्थोपार्जन का साधन और वह भी अवश्य ही मिलता है। जबकि पूंजीवादी व्यवस्था में जन्म से एक व्यक्ति ब्राह्मण भी होता है, साथ में बहुत सारी उसकी जमीन भी होती है, २–३ दुकानें भी चलाता है, कुछ मकान किराए पर भी चढ़ाए हुए होते हैं, तो दूसरे व्यक्ति को एक भी काम नहीं मिल पाता। वह मजबूर होकर पहले वाले व्यक्ति के खेत में या दुकान से पैसों पर काम

---

१. प्रश्न — भला जो रजवीर्य से शरीर हुआ है वह बदलकर दूसरे वर्ण के योग्य कैसे हो सकता है?

उत्तर — रज वीर्य के योग से ब्राह्मण शरीर नहीं होता, किन्तु .... देखो जिसका पिता श्रेष्ठ उसका पुत्र दुष्ट और जिसका पुत्र श्रेष्ठ उसका पिता दुष्ट तथा कहीं दोनों श्रेष्ठ या दुष्ट देखने में आते हैं। इसलिए तुम लोग में भ्रम में पड़े हो।... जो कोई रज–वीर्य के प्रयोग से ...—..... माने और गुण कर्मों के योग से न माने तो उसे पूछना चाहिए कि जो कोई अपने वर्ण को छोड़ नीच, अन्त्यज हो गया हो तो उसको भी ब्राह्मण क्यों नहीं मानते। यहां यही कहोगे कि उसने ब्राह्मण के कर्म छोड़ दिये इसलिए वह "ब्राह्मण" नहीं है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि जो ब्राह्मणादि उत्तम कर्म करते हैं वे ही ब्राह्मणादि और जो नीच भी उत्तम वर्ण के गुण कर्म स्वभाव वाला होवे तो उसको भी उत्तम वर्ण में और जो उत्तम वर्णस्थ होगे नीच काम करे तो उसको नीच वर्ण में अवश्य गिनना चाहिए। .... अर्थात् चारों वर्णों में जिस वर्ण के सदृश जो जो पुरुष व स्त्री हो वह-वह उसी वर्ण में गिना जावे यह गुण कर्मों से वर्णों की व्यवस्था कन्याओं की सोलहवें वर्ष और पुरुष की पच्चीसवें वर्ष की परीक्षा में नियत करनी चाहिए। सं० प्र० (व०समु०)

करने को बाध्य हो जाता है। पहले व्यक्ति पर सरकार का कोई भी नियन्त्रण न होने से वह दूसरे व्यक्ति का मनचाहा शोषण करता है। मेहनत दूसरा व्यक्ति करता है जब कि फल पहला व्यक्ति पाता हैं। दूसरा व्यक्ति कम पैसे मिलने के कारण अपनी मूलभूत आवश्यकताओं, रोटी, कपड़ा मकान आदि को अच्छी तरह नहीं जुटा पाता, जबकि पहला व्यक्ति जन्म के आधार पर अपना व्यक्तिगत अधिकार जतलाकर सारे उत्पादन को अपना बना लेता है और अपार धनराशि एकत्र करके विलासिता करता है।

"वैदिक समाज व्यवस्था" में ऐसा अन्याय व शोषण नहीं हो सकेगा। क्योंकि वर्ण व्यवस्था के कारण व्यक्ति को विद्या, रक्षा व्यापार या सेवा में से एक ही ड्यूटी मिलेगी। उसको अपनी ड्यूटी निभाने के लिए जिन साधनों की अपेक्षा होगी वह सब सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे। उन साधनो को अपना समझता हुआ पूरी निष्ठा के साथ वह अपने कर्तव्य को निभाएगा, जब कि वस्तुतः वे साधन हमेशा के लिए उसके नहीं होंगे। वे साधन, उसे अपने पुत्र को (यदि वह उसके लायक होगा तब) अन्यथा, किसी अन्य योग्य पुत्र को (जिसकी व्यवस्था सरकार करेगी) देने होंगे। जैसे कि आजकल सेना, पुलिस, बैंक, कार्यालयों व शिक्षणालयों आदि में होता है। जिस प्रकार सैनिक, पुलिस, कार्यालय के कर्मचारी या स्कूल, कालेज के प्राध्यापक प्रयोग में आने वाले अस्त्र-शस्त्र, कुर्सी, मेज या भवनों को अपना समझकर काम करते हैं परन्तु सेवा—निवृत्ति के बाद उन पर उनका अधिकार समाप्त हो जाता है, उसी प्रकार वैश्य लोगों के कर्तव्य के साधन खेत, ट्रैक्टर व कल—कारखाने आदि पर भी सेवानिवृत्ति के बाद उनका अधिकार समाप्त हो जाना चाहिए। ऐसा होने से किसी भी व्यक्ति के पास अनावश्यक पैसा इकट्ठा नहीं होगा तथा हरेक व्यक्ति को अर्थोपार्जन का एक साधन अवश्य ही मिल जायेगा। इस प्रकार वर्णों पर राज्य का अंकुश रहने से समाज की आर्थिक व्यवस्था सुन्दर बन जायेगी।

वर्णाश्रम व्यवस्था में योग्यता व रूचियों का भेद—

यहां यह ध्यातव्य है कि वर्णाश्रम—व्यवस्था की पद्धति में सर्वथा साम्य के सिद्धांत को स्वीकार नहीं किया जाता, क्योंकि पूर्ण साम्य मनुष्य-स्वभाव के विपरीत है।

वेद में इस बात को स्पष्टतया स्वीकारा गया है।[1] वहां मनुष्यों की योग्यता, रूचियों, प्रवृत्तियों व कामों के मौलिक भेद को माना गया है। अत: इस मौलिक भेद को ध्यान में रखकर ही वर्णाश्रम-व्यवस्था में लोगों को यथायोग्य पारिश्रमिक या दक्षिणा दी जाती हैं। वेतनमान के अनुपात की भिन्नता के साथ-साथ मान और प्रतिष्ठा के अनुपात की भिन्नता का भी निर्धारण किया जाता है। चारों वर्णों के लोगों को आलम्बन पदार्थ (रोटी, कपड़ा, मकान) प्राप्त करने के लायक पारिश्रमिक अनिवार्यतया मिलेगा। यदि राष्ट्रीय औसतन धन–सम्पत्ति अधिक होगी तभी योग्यता व काम के अनुसार अन्य लोगों को अनुबन्ध पदार्थ (रेडियो, फ्रिज, कार, टैलिविजन, टेलीफोन) आदि के लिए अधिक सम्पत्ति दी जायेगी। यदि राष्ट्र में अतिरिक्त धन-सम्पत्ति योग्य व्यक्तियों को देने के लिए नहीं होगी तो उन्हें मान-सम्मान देकर ही उनका गौरव माना जायेगा। ऐसा नहीं होगा कि योग्य व्यक्तियों को पहले आलम्बन व अनुबन्ध पदार्थ उपलब्ध करा दिये जायें और दूसरी और अन्य लोगों को आलम्बन पदार्थ भी नसीब न हो सकें, जैसा कि आजकल हो रहा है। वर्णाश्रम-पद्धति में लोगों मे पारिश्रमिक का अनुपात देश, काल परिस्थिति के अनुसार राष्ट्रीय धन सम्पत्ति की औसत को देखकर ही निर्धारित किया जायेगा। वेद में धन-सम्पत्ति का इस प्रकार सुन्दर विभाजन करने वाले राजा का आह्वान किया गया है।[2]

यदि योग्यता व रूचि आदि के भेद के अनुसार यथोचित पारिश्रमिक या दक्षिणा नहीं दी जायेगी और "साम्यवादि-व्यवस्था" के अनुसार सब को एक समान ही पारि–श्रमिक दिया जाएगा तो समाज में अनेक दोष उत्पन्न होंगे। कठिन परिश्रम से लोग

---

१. समौ चिद्धस्तौ न समं विविष्ट:
सं मातरा चिन्न समं दुहाते।
यमयोश्चिन्न समा वीर्याणि
ज्ञाती चित्सन्तौ न समं पृणीत:॥ (ऋग्० १०.११७.६.)

२. विभक्तारं हवामहे वसोश्चित्रस्य राधस:। (ऋग्० १.२१.७.)

कतरायेंगे । मन लगाकर काम न करने से उत्पादन कम होने के कारण राष्ट्र की आवश्यकताएं ही पूरी नहीं होंगी । यही कारण है कि रूस में साम्यवाद पूरा नहीं चल पाया । उन्हें अपने "समानता" के आदर्श से नीचे उतर कर व्यवस्था में परिवर्तन करना पड़ा । वहां प्रमुख लोगों तथा सर्वसाधारण लोगों की सुविधा व आराम में अन्तर करना पड़ा ।

भाग्य (कर्मफल) नहीं, सामाजिक अव्यवस्था –

स्वामी दयानन्द द्वारा अनुमोदित वर्णाश्रम-व्यवस्था में "भाग्य" को तो माना जाता है, "भग्यवाद" को नहीं । वर्णाश्रम व्यवस्था में वर्ण भिन्नता के योग्यता भिन्नता आदि के सभी लोगों की आर्थिक अवस्था बिल्कुल एक जैसी नहीं होगी । आर्थिक स्थिति के अनुपात में न्यूनाधिकता के कारण किसी के पास कम तदपेक्षया कुछ अधिक पैसा तो रहेगा ही । परन्तु वह अन्तर किसी को खुलने वाला नहीं होगा, जैसा कि आज है । लोग अपनी कमाई का ढंग से स्वतन्त्र रूप में उपभोग कर सकेंगे, परन्तु दुरूपयोग नहीं करेंगे । दुरूपयोग करने पर राजा उनके धन को छीन सकता है । किसी के पास परिश्रम पूर्वक तथा ईमानदारी के साथ कमाने के बाद भी पैसा यदि अधिक जमा हो जाएगा तो वह उसे अपनी इच्छा से राष्ट्र के अच्छे कामों में लगाएगा, दान देगा । यदि दान न देकर वह उसका दुरूपयोग करने की चेष्टा करता है तो वेद उसके धन को जबरदस्ती अच्छे कामों में लगवाने का कर्तव्य सरकार को देता है ।[1]

इस तरह लोगों को स्वेच्छापूर्वक अपनी कमाई का उपभोग तथा दान आदि करने की स्वतन्त्रता देने से लोगों में उत्साह, प्रतिस्पर्धा तथा ममत्व की भावना भी रहती है । सब एक दूसरे से अधिक धन का उत्पादन करके उसे अच्छी तरह से लगाने की प्रतिस्पर्धा मे जुट जाते हैं । सभी लोगों के कठोर परिश्रम से राष्ट्र में किसी भी प्रकार के उत्पादन की कमी नहीं होती, सभी के पास यथेष्ट धन–सम्पत्ति हो जाने के कारण राष्ट्र में असमानता, निर्धनता, शोषण व अन्याय का नामोनिशान भी नहीं रहता । कोई भी व्यक्ति भूखा, नंगा व बेसहारा नहीं रहता और सभी को वेद के अनुसार सौ गुणे सामर्थ्य से कमाने व हजार गुणे सामर्थ्य से दान देने का स्वर्णावसर भी मिल जाता है ।[2] इस व्यवस्था के कारण आज कल की तरह ऐसा नहीं

---

१. सम्राट् आदितसन्नं दापर्यात ……. ।
(यजु० ६.२४०, देखें स्वामी भीष्य)

२. शतहस्त समाहर सहस्रहस्त संकिर । अथर्व० ३.२४.५.

होता कि एक व्यक्ति तो करोड़ों रुपये दान देने में असमर्थ बन जाये और दूसरा व्यक्ति मजबूरी व निर्धनता के कारण एक रूपया भी दान देने में असमर्थ बना रहे।

वर्णाश्रम व्यवस्था में कर्मफल के सिद्धान्त को ठुकराया नहीं गया है। पूर्वजन्म के कर्म व उसके फलों को स्वामी दयानन्द मानते हैं। जैसे जीवों का मनुष्य, अश्व, गौ, हस्ती, सर्प, कीटादि योनियों में जन्म लेना ही सबसे बड़ा "कर्मफल" है। मानव योनि में आकर शक्ति, योग्यता व रूचिभिन्नता आदि के कारण व्यक्ति का अतिश्रेष्ठ व अल्पश्रेष्ठ आदि रह जाना, तथा उसके कारण आर्थिकावस्था की न खलने वाली न्यूनाधिकता से उत्पन्न सुख-दुख भिन्नता भी "कर्मफल" ही है। परन्तु प्रभु द्वारा समान रूप से प्रदत्त भौतिक पदार्थों का[1] कुछ व्यक्तियों या प्रशासन द्वारा गलत बंटवारा कर लेना "भाग्य" या "कर्मफल" नहीं अपितु "सामाजिक अन्याय" है।

सदुपयोगवाद—

हम यहां एक और स्पष्टीकरण करना चाहते हैं। प्रश्न हो सकता है कि वर्ण-व्यवस्था में भी जब लोगों के पास अर्थ की न्यूनाधिकता (चाहे वह न खलने वाली हो) होगी तो अधिक अच्छी आर्थिक स्थिति वाला व्यक्ति कुछ साधनों को अधिक रूप में संचित कर लेगा, जिससे न्यून स्थिति वाला व्यक्ति साधनों के अभाव में परेशान हो सकता है। परन्तु "वैदिक समाज व्यवस्था" में इसका भी समाधान सन्निहित है। वह है— धन का सदुपयोग व दान। एक उदाहरण से यह स्पष्ट हो जाता है— एक बस में पचास सीटें हैं। एक व्यक्ति शुद्ध कमाई के पैसों के बल पर यदि २५ सीटों की टिकटें खरीद कर अपने कब्जे में कर लें और वे खाली पडी रहें तथा दूसरी और ४६ व्यक्ति शेष २५ सीटों की परिधि में ही रहने को मजबूर कर दिये जायें तो इस स्थिति को कोई भी बुद्धिजीवी नहीं स्वीकारेगा। ऐसी स्थिति में एक व्यक्ति

---

१. समानी प्रपा सह वो अन्न भागः
समाने योक्त्रे सह वो युनज्मि।
सम्यञ्चोऽग्निं सपर्यतारा नाभिमिवाभितः ॥
(अथर्व० ३.३०.६, देखें सायण (भाष्य)

को एक ही सीट देने की बात का सब लोग समर्थन करेंगे। इसी तरह कोई व्यक्ति यदि पैसे के बल पर ५–७ कोठियां बना लेता है और लोगों को सीमेंट, लोहा आदि समान एक कमरा बनाने के लिये भी नहीं मिल पाता तो इस सामाजिक अव्यवस्था को भी राजा दूर करेगा। यदि उपभोग करने के बाद भी कोई व्यक्ति आवश्यकता से अधिक पैसों या साधनों का दुरूपयोग व व्यर्थ संचय करेगा तो राजा उसे अन्यों को दिलायेगा।

सब प्रकृति का उपभोग सुखपूर्वक करेंगे। भाई–भाई की तरह रहकर एक-दूसरे के दुःख में काम आयेंगे।[1] अपने "व्रत" को पालन करने के लिये उन सब में पारस्परिक एक विचित्र सहानुभूति मिलेगी। वे सब अपने बैंक-बैलेंस को अधिक से अधिक बढ़ाने में ही तत्पर नहीं होंगे अपितु उसका आवश्यक उपभोग करने के बाद उसे दूसरे की सुख सुविधा में ही लगाने को लालायित रहेंगे। व्यक्ति अपने सहारे भाई को ही भाई नहीं समझेगा, अपितु विश्व के किसी भी व्यक्ति का दुःख दर्द उसे अपना ही दुःख–दर्द महसूस हो। ऐसे पवित्र वातावरण में न किसी को किसी के शोषण की जरूरत पड़ेगी, न कहीं हिंसा होगी और सारा विश्व एक विशाल परिवार के रूप में परिवर्तित हो जायेगा।

उपसंहार—

इस प्रकार हम देखते है कि स्वामी दयानन्द के क्रान्तिकारी आर्थिक-मन्तव्य वर्ण-व्यवस्था की नींव पर आधारित है, इन मन्तव्यों के आधार पर हम विश्व में सुख शांति का सम्राज्य स्थापित कर सकते हैं। वर्ण-व्यवस्था पर आधारित यह अद्भुत वैदिक अर्थव्यवस्था साम्यवादी व पूंजी वादी दोनों प्रकार की दूषित व्यवस्थाओं से श्रेष्ठ है। यह व्यवस्था मनुष्यों की स्वभाविक प्रवृत्तियों पर आधारित है और पूर्ण वैज्ञानिक है।

---

१. अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते
सभ्रातरो वावृधुः सौभगाय। (ऋग्० ५.६०.५)

वर्ण-व्यवस्था

डॉ० मधु चावला
२५० राजा गार्डन नई दिल्ली—१५

स्वेच्छा से चतुरंग वरण—

समाज को पुरुष कल्पित किए जाने का सर्वप्रथम परिणाम, अपनी-अपनी रुचि के अनुरूप वृत्त वरण कर लेना है। प्रत्येक व्यक्ति, इस बात में स्वतन्त्र है कि वह अज्ञान के दूरीकरणार्थ ज्ञान के केन्द्र 'समाज-पुरुष' का मुख बनना वरण करे, अथवा अन्याय के दूरीकरणार्थ बल और वीर्य का केन्द्र समाज पुरुष की बाहु बनना वरण करे, अथवा अभाव के दूरी करणार्थ अन्न, जल और प्राण के भण्डार समाज पुरुष का उदर बनना वरण करे, अथवा शरीरस्थी महान् रिपुः 'आलस्य' के दूरीकरणार्थ गति स्थिति और तप के केन्द्र समाज—पुरुष के चरण बनना वरण करे।

इस प्रकार सारा समाज चार अंगों में विभाजित हो जाएगा। 'वरण' से पूर्व प्रत्येक व्यक्ति स्वतन्त्र होगा किन्तु वरणोपरान्त उसके शक्ति और अधिकार मर्यादित हो जाएगें और उस स्वयं वृत्त अवयव के अनुरूप कुशलता प्राप्त करना उसके लिए अनिवार्य हो जाएगा। इस अनुबन्ध के आधार वर्णव्यवस्था के तीन मौलिक सिद्धान्त की सृष्टि होती है।

वर्ण—व्यवस्था के तीन मौलिक सिद्धान्त—

(क) कौशल
(ख) शक्ति प्रतिमान
(ग) अधिकार

(क) कौशल—

प्रत्येक मनुष्य सब प्रकार के कार्यों में कुशल नहीं हो सकता। किन्तु प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई अलौकिक शक्ति निहित है। यदि वह सर्वज्ञ बनने की अपेक्षा उसी अन्तः शक्ति को एकाग्र होकर समुन्नत करने में लगे तो (उसके द्वारा) समाज के सुख में निरन्तर वृद्धि हो सकती है। उसे अपने वरण की हुई दिशा में कौशल प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए। समाज के विधान (पर इस मन्त्र) के आधार पर वह लोक-कर्म तीन भागों में बांटा जा सकता है—

(१) प्राकृत पदार्थों को शारीरिक श्रम तथा बुद्धि कौशल द्वारा मनुष्य-जीवन के लिए उपयोगी बनाकर मानव–समाज की दरिद्रता (अभाव) को दूर करना। इस दिशा में कौशल प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम वैश्य होगा।

(२) काम-क्रोध-लोभादि मानव-स्वभाव-सुलभ दुर्बलताओं के कारण होने वाले अन्याय को शासन और दण्ड व्यवस्था द्वारा दूर करना तथा सद्व्यवहार को प्रचलित करना इस दिशा में कौशल प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम क्षत्रिय होगा।

(३) मानव-समाज के लिए हितकारी, सब प्रकार के ज्ञान को प्राप्त करने में तथा अज्ञान को नाश में जीवन लगना। इस दिशा में कौशल प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम ब्राह्मण होगा।

सर्वप्रथम यह आवश्यक हैं कि प्रत्येक व्यक्ति इन तीनों में से किसी विवेष कार्य को सबसे भली प्रकार सम्पादित कर सकता है, इसका सूक्ष्म अन्वेषण स्वयं के चिन्तन और विशेषज्ञों के सहयोग से करे। तत्पश्चात अपनी शाखा में समस्त शक्ति को एकाग्र करके अधिक से अधिक कौशल प्राप्त करे।

यह कौशल वैदिक वर्णव्यवस्था का पहला सिद्धान्त है।

(ख) शक्ति प्रतिमान—

इस प्रकार कौशल प्राप्त करने वाले मनुष्यों में, पारस्परिक व्यवहार के नियम भी बनने आवश्यक है। इस विषय को समाज–पुरुष के चतुर्धा विभक्त अवयवर्मों से समझा दिया गया है। प्रत्येक अवयव की योग्यता, शक्ति और अधिकार-क्षेत्र पृथक्-पृथक् रखे गए हैं, —जिससे समाज में सन्तुलन बना रहे। उनमें से ज्ञान की खोज और अज्ञान को दूर करना सबसे बड़ा कार्य है, क्योंकि अन्याय के विरुद्ध लड़ने वाले तथा पाकृत पदार्थों से सम्पत्ति उत्पन्न करने वाले शेष दोनों ही ज्ञान के बिना अन्धे हैं। ज्ञान, इन दोनों को उत्पन्न कर सकता है, परन्तु ये ज्ञान को उत्पन्न नहीं कर सकते। (ज्ञान तथा अत्म-संयम के संगम- 'समाज-पुरुष' के मुख ब्राह्मण में अध्ययन—अध्यापन, यजन-याजन, अज्ञान–प्रतिकार और ज्ञान–प्रतिपादन इत्यादि की शक्ति निहित कर दी गई है।)

(तदनन्तर दूसरा स्थान, न्याय के स्थापन और अन्याय के दूरीकरण का है। इसके लिए व्यक्ति को बहु–शक्ति से युक्त किया गया है।) बाहु–शस्त्र धारण और शस्त्र द्वारा अन्याय पर अक्रमण तथा न्याय का संरक्षण दोनों क्षत्रिय में निहित कर दिये गये हैं। इस संस्था के बिना, समाज पुरुष के मुख, उदर और चरण (ब्राह्मण—

वैश्य-शूद्र) अपने कार्य सम्पन्न न कर पाएगा। राष्ट्र की दण्ड शक्ति के सुव्यवस्थित रहने पर ही इन तीनों की लक्ष्यसिद्धि सम्भव है। उस शक्ति को क्षत्रिय में निहित कर दिया गया है।

(तृतीय स्थान-अन्न-जलादि जीवन-सुविधाओं के स्थापन और उनके अभाव के दूरी करण का है।) इसके लिए व्यक्ति को अर्थ-संचय के प्रतीक उदर) को नियुक्त कर दिया गया है। अन्न-संचय, अभाव प्रतिकार और भाव-प्रतिपान-शक्ति उदर रूप वैश्य में निहित कर दी गई है। इस शक्ति के बिना समाज पुरुष की मुख-बाहु-चरण (ब्राह्मण-क्षत्रिय-शूद्र) रूप अंगत्रयी अपने कार्य—सम्पानद में सक्षम न हो सकेगी राष्ट्रीय अर्थ-शक्ति के सुदृढ़ होने पर ही वर्णत्रयी का स्वसाध्य सम्पादन सम्भव है। वह अर्थशक्ति वैश्य में निहित की गई है।)

(ग) अधिकार—

वर्णों का यह शक्ति-प्रतिमान उनके अधिकारों का जनक है (१) विद्याव्यसनी, ज्ञान प्रसारक और सद्भाव—विस्तारक ब्राह्मण वर्ण को समाज ने मुख्यता प्रदान की है—गौरव प्रदान किया है, किन्तु उसे धन-संचय, ऐश्वर्य-विलास तथा राज्य शासन के अधिकार से मुक्त रखा है।

(२) अन्याय—प्रतिकार तथा न्याय-प्रतिपादन में प्राणों में आहुति देने वाले व्यक्ति के हाथ में शासन-व्यवस्था सौंपी गई है। उसे प्रमुत्व प्रदान किया गया है और असद्धन्नतथा (सत्प्रतिष्ठापन के द्वारा स्वप्रभाव स्थापित करने का अवसर दिया है) किन्तु आदर उसे विद्याव्यसनियों से न्यून और लक्ष्मी सम्पति—निर्माताओं से अल्प दी गई है।

(३) सम्पत्ति उत्पन्न करने वालों को धन संचय और ऐश्वर्योपभोग का अधिकार दिया है, किन्तु उन्हें विप्रवत् गोरव और क्षात्रवत् प्रमुत्व नहीं दिया गया। यदि ऐसा न किया जाता तो किसी एक ही वर्ग में शक्ति के निहित हो जाने से अव्यवस्था, अनुशासन हीनता और अत्याचार प्रवृत हो जाते यही उनकी यथायोग्य दक्षिणा है। इसी की प्राप्ति के लिए उन्होने अपने-अपने वर्ण का वरण किया है।

अधिकार-परिभाषा—

किसी पदार्थ को उपयोग में लाने के लिए समाज जिस व्यक्ति को जिस अंश तक स्वतन्त्रता देता है उस अंश तक उसका उस पदार्थ पर अधिकार कहा जाता है। देखना यह है कि अधिकारों का आधार क्या हो ? इस विषय में इस समय तक दो पक्ष प्रचलित हैं—

(क) जन्माधिकारवाद

(ख) श्रमाधिकारवाद

जन्माधिकारवाद –

(१) जन्माधिकार वादियों का कहना है कि परमात्मा ने जिस मनुष्य को जिस कुल में जन्म दे दिया है उसे, उस कुल में जन्म लेने के कारण अपने पिता तथा पूर्वजों की सम्पत्ति, सुविधा, अवसर तथा जीवन-साधनों के उपयोग करने का जन्म सिद्ध अधिकार है।

मेरी दृष्टि में वर्तमान युग की सभी विपत्तियों मूल कारण यह जन्माधिकारवाद ही है। उन्नति के दो मूलमन्त्र हैं— एक 'भय' और दूसरा 'उत्साह'। समाज से 'भय' और 'उत्साह' को समाप्त कर देने के लिये — जन्माधिकारवाद से बढ़कर कोई दूसरा उपाय नहीं सोचा जा सकता। विशेषकर भय का तो इसमें सर्वथा लोप ही हो जाता है। यदि सम्पत्तिशाली पिता के पुत्र को यह 'भय' न हो कि दुरुपयोग करने पर उसकी सम्पत्ति छीनी भी जा सकती है और जन्मना शूद्र को यह उत्साह न हो कि वह योग्यता सम्पादन करके उन्नति प्राप्त कर सकता है-(उच्चतर वर्णाधिकार को पा सकता है) तो समाजिक उन्नति सम्पूर्ण मार्ग अवरूद्द हो जाता हैं।

इसलिए 'भय' और उत्साह दोनों का बाधक होने के कारण जन्माधिकारवाद समाज कल्याण का विघातक है। उसके द्वारा संसार का सुखी हो सकना असम्भव है।

श्रमाधिकारवाद—

(२) किसी पदार्थ पर किसी का अधिकार क्यों कर ? इस विषय में दूसरा वाद श्रमाधिकारवाद है। श्रमाधिकारवादियों का कथन है कि जिस किसी व्यक्ति ने सम्पति के उत्पन्न करने में श्रम किया है उसका उस पर स्वतः सिद्ध अधिकार है— किन्तु यह बात भी युक्ति की कसौटी पर सर्वथा खरी नहीं उतरती। प्रायः

देखा गया है कि यदि कोई व्यक्ति श्रमोपार्जित सम्पत्ति का दुरुपयोग करने लगे तो उसको समाज-विधान ऐसा करने से रोकता है। श्रमाधिकारवादी कहता है—यह मेरी कमाई है इसे जैसे चाहूं फूंकूं। उसका यह कहना ठीक ऐसा ही है जैसे कोई आत्महत्या करने वाले वाला व्यक्ति कहे कि यह शरीर मेरा हैं, मैं इसे रखूं चाहे फूंकूं। जिस प्रकार आत्महत्या करने वाले को राजनियम के आधीन, अपने अधिकार के दुरुपयोग करने से रोक दिया जाता है उसी प्रकार स्व-श्रमोपार्जित सम्पत्ति के भी दुरुपयोग करने पर उसे रोक दिया जाना चाहिए।

सदुपयोगवाद—

(३) इसके लिए तृतीय सिद्धान्त है—सदुपयोगवाद। किसी सम्पत्ति का अधिकार का आधार सदुपयोग हो। न जन्माधिकारवाद, न श्रमाधिकारवाद, अपितु सदुपयोग-वाद हो इसी सदुपयोगवाद का द्वितीय नाम वर्णव्यवस्था रखा जा सकता है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जन्म अथवा श्रम का योग्यता के निर्णय में कोई स्थान नहीं इसका अर्थ उल्टे यह जरूर है कि जन्म तथा श्रम भी सदुपयोग की सम्भावना में सहायक हो। जिस मनुष्य ने आयुर्वेदिक विद्या का अभ्यास किया है और उसके गृह पर कई पीढ़ियों से यह कार्य चला आता है तो उसकी योग्यता के बढ़ने की सम्भावना निःसन्देह अधिक है। और जिस व्यक्ति ने कोई पदार्थ श्रम द्वारा अर्जित किया है उसके द्वारा उसके दुरुपयोग की सम्भावना बहुत कम है। यह सब होते हुए भी उसके अधिकार का आधार 'सदुपयोग' ही है और सदुपयोग की सम्भावना ज्ञान और आत्म संयम के संयोग मे ही है।

सारांश—

उपर्युक्त विवेचन से यह निष्कर्ष निकला कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति आत्मबुद्ध होकर समाज पुरुष का मुख-बाहु-ऊरु-पाद में से कोई एक अंग बनना वरण करे। वह मुख बने तो समाज पुरुष का, बाहु बने तो समाज की ऊरु-उदर बने तो समाज पुरुष का कल्याण संभव है।

वर्ण-व्यवस्था तथा जाति-व्यवस्था एक विश्लेषण

डॉ० त्रिलोक चन्द
अध्यक्ष दर्शन विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

बड़े ही सूक्ष्म निरीक्षण के पश्चात् कर्म के आधार पर वर्ण-निश्चित होता था कि ब्राह्मण की सन्तान क्षत्रिय, वैश्य अथवा शूद्र हो जाय। कहने का भाव यह है कि किसी भी वर्ण से आयी सन्तान अपने कर्मों के अनुसार किसी भी अन्य वर्ण की हो सकती थी। शिक्षा-दीक्षा के पश्चात् समान स्वभाव वालों का आपस में विवाह किया जाता था और फिर वे पति-पत्नी उसी वर्ण के कहलाते थे और फिर उसी कार्य क्षेत्र में कार्यरत होते थे।

कर्म के आधार पर बनी यह वर्णव्यवस्था बहुत ही लम्बे समय तक सुचारू रूप में चलती रही। आगे चलकर मानव की संकीर्णताओं, स्वार्थ मोह, आलस्य आदि के कारण इसका ह्रास होना आरम्भ हो गया। उच्च वर्ण के मनुष्यों ने अपनी सन्तानों को भी उच्च वर्ण की रखना चाहा, भले ही वे शूद्र रहें हों। इस प्रकार धीरे-धीरे यह वर्णव्यवस्था कर्म से हट कर जन्म के आधार पर हो गयी। महाभारत काल में ही वर्णव्यवस्था के पतन के लक्षण स्पष्ट होने लगे थे। गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य को शिक्षा देने से इसलिए मना कर दिया था क्योंकि वह शूद्र कुल में उत्पन्न हुआ था। आगे चलकर तो शूद्र कुल में उत्पन्न होने वाले बालकों को शिक्षा से वंचित कर दिया गया क्योंकि वे जन्म के आधार पर ही शूद्र कहलाये जाने लगे। इस प्रकार हम निश्चित रूप में यह बात कह सकते है कि जन्म के आधार पर वर्णव्यस्था होने से सबसे अधिक हानि शूद्रों को हुई। उनके उत्थान के रास्ते ही बन्द हो गए।

कालान्तर में वर्णव्यवस्था की और अधिक हानि इसलिए हुई कि पढ़ने--पढ़ाने का प्रचलन धीरे-धीरे कम होता गया और आगे चलकर तो यह समाप्त प्रायः हो गया था। फिर एक समय ऐसा आया जब वर्ण के स्थान पर जाति का प्रयोग होने लगा। जबकि जाति तो सभी मनुष्यों की एक ही मानव जाति है। पतन का यह

सिलसिला यहीं पर नहीं रूका बल्कि आगे चल कर इन चार जातियों में से अनेकों जातियां बन गयी। ये सभी जन्म के आधार पर ही मानी जाती रहीं और आज तक मौजूद है। यद्यपि महर्षि दयानन्द जैसे समाज सुधारक महान पुरुषों ने वर्णव्यवस्था का वैदिक स्वरूप लाने का अथक प्रयास किया परन्तु जातिवाद की जड़े इतनी गहरी और मजबूत हो गयी थी कि उसे पूर्णरूप से जड़ से न उखाड़ा जा सका। आज भी जाति व्यवस्था बहुत प्रचलित है। यद्यपि शिक्षा और पाश्चात्य प्रभाव के कारण जाति व्यवस्था कुछ हल्की पड़ने लगी है। हमारे देश की सरकार ने भी इसको कम करने के प्रयास किये और इस दिशा में कुछ सफलता भी मिली परन्तु हमारे कुछ कर्णधार जो बाहर से जाति को नकारते है परन्तु भीतर से अपने स्वर्थं के लिए इसे पुष्ट करते रहे। आज तो ऐसा प्रतीत होता है कि जातिवाद फिर से बढ़ रहा है।

वर्णव्यवस्था जो कि कर्म के आधार पर रही और जाति व्यवस्था जो पूर्णरूप से जन्म के आधार पर है। ये दोनों आपस में मेल नहीं खाती है। वर्णव्यवस्था जहां अपने स्वभावनुकूल कार्य करने का अवसर प्रदान करती थीं जिससे राष्ट्र का अधिक से अधिक विकास होता था वहां जाति व्यवस्था में यह स्वतंत्रता नहीं है। जाति व्यवस्था में तो व्यक्ति कार्य करने में परतन्त्र था। उसका नाम और काम उसकी जाति के ही आधार पर था, चाहे वह उसके योग्य था या नहीं। इससे भिन्न-भिन्न कार्य क्षेत्रों में योग्यतम मनुष्यों का आना ही बहुत कम हो गया क्योंकि स्वभाव के प्रतिकूल होने पर भी अपनी जाति के आधार पर ही कार्य करना पड़ा जिससे उसकी मूल योग्यताओं का उपयोग न हो सका। शूद्र कुल से आने वाली योग्यताओं का तो रास्ता ही बन्द हो गया। कालान्तर में तो शूद्रों पर जो अत्याचार किये गये उनको जानकर भी हृदय कांप उठता है। सारा समाज जातियों में खण्डित होकर रह गया। अधिकतर लोग राष्ट्र की परवाह न करके अपनी-अपनी जाति के बारे में ही विचार करने लगे। कालान्तर में तो दूसरी जाति के प्रति उदासीनता ही नहीं बल्कि घृणा का भाव भी कहीं-कहीं होने लगा था। लोग अपने विवाह आदि सम्बध अपनी ही जाति में करने लगे थे और आज भी करते हैं इस प्रकार समूचा राष्ट्र जाति के कारण विघटित

होकर कमजोर होता गया और इतना पतित हुआ जाति भारत की परतन्त्रता का एक मुख्य कारण सिद्ध हुई। जाति व्यवस्था में न कि सबके उत्थान की क्षमता थी और न ही रूचि के अनुसार कार्य अपना कर अपने और राष्ट्र के उत्थान की कोई योग्यता थी। यद्यपि आजकल यह स्वतन्त्रता है कि मनुष्य जो उचित समझे, उसे अच्छा लगे और अवसर मिले वह यही कार्य कर सकता है परन्तु उसकी जाति जन्म के आधर पर ही मानी जाती है। अधिकतर मनुष्य नाम के साथ ही जाति बोधक शब्द लगाते हैं।

विद्वानों, समाज के कर्णधारों, बुद्धिजीवियों आदि सभी का यह कर्तव्य है कि जन्म के आधार पर जाति व्यवस्था के निराकरण में अपना सहयोग देवें।

वैदिक वर्ण-व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार

डॉ० (कु०) सुषमा

९०, द्वारिकापुरी

संस्कृत विभाग एस०डी० का० मु०नगर २५१००१

संस्कृत वाङ्मय में वर्ण शब्द रंग (रोगन), रूप, वंश, शब्द, ख्याति, प्रशंसा, वेषभूषा, छवि, चादर, आवरण, कुमगीत, हाथी की झूल, गुण-धर्म, धर्मानुष्ठान और अज्ञात राशि अर्थों में प्रयुक्त होता है।[1] अमरकोश में वर्ण शब्द द्विज अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, शुक्ल आदि रंग स्तुति और अक्षरों के अर्थ में लिया गया है।[2] वहीं एक अन्य स्थल पर कुछ के लिए वर्ण शब्द के प्रयोग का संकेत किया गया है।[3] किन्तु इस अर्थ में यह प्रयोग अनेक रंगों के वस्त्र के संयोजन के कारण हुआ है, ऐसा प्रतीत होता है। व्याकरण के अनुसार वर्ण शब्द की रचना वर्ण धातु से घन् प्रत्यय करके होती हैं। पाणिनि कृत धातु पाठ के अनुसार वर्ण धातु प्रेरणार्थक है। इस आधार पर वर्ण शब्द के विविध अर्थों में मूल अर्थ खोजने का प्रयत्न किया जाए, तो ऐसा लगता है कि रंग अपने रूप के करण नेत्रेन्द्रिय के माध्यम से चित्त को आकर्षित करते हुए प्रेरित करता है। ख्याति (स्तुति) व्यक्ति के चारित्रिक गुणों की ओर इंगित करती हुई जनसामान्य को विशिष्ट आदर्शमय जीवन-यापन करने की प्रेरणा देती है और अक्षर भाषा के प्रतिनिधि होकर विचारों को प्रेरित करते हैं। इसलिए वर्ण शब्द के उपर्युक्त तीन अर्थ ही मुख्य होने चहिए। आवरण छिपी हुई वस्तु को देखने की उत्सुकता उत्पन्न करके प्रेरणा का हेतु बनता है, अतः उसे भी मूल अर्थों में सम्मिलित किया जा सकता है।

जहां तक ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य शूद्र अर्थों में वर्ण शब्द के प्रयोग का प्रश्न है, हमें विचार करना होगा कि ये किस रूप में प्रेरणा के स्रोत हो सकते हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय वर्ण आदि शब्दों का प्रयोग मनुष्यों के वर्ग विशेष के लिए होता। है

---

१. संस्कृत-हिन्दी कोश, आप्टे, पृ० ९०१

२. वर्णो छिजादौ शुक्लादौ स्तुतौ वर्णं तु चाक्षरे। अमर कोश, ३/३/८७

३. प्रवेण्यास्तरणं वर्णः परिस्तोमः कुथो द्वयोः। अमरकोश- २/३/४२

इस प्रयोग के मूल हैं क्या हेतु है, यह प्रश्न ही प्रस्तुत गोष्ठी में विचारणीय विषय है। वर्तमान समाज में ब्राह्म आदि वर्ग कुल विशेष में जन्म लेने के कारण माने हैं। परन्तु एक अन्य विचारधारा के अनुसार कर्मविशेष के आधार पर वर्ग विशेष को ब्राह्मण आदि शब्दों से इंगित किया जाना चाहिए। इन दोनों पक्षों में प्रेरणार्थक वर्ण शब्द की संगति है या नहीं? इस प्रश्न का उत्तर ही वर्णव्यस्था में वर्ण शब्द के अर्थ का निर्णायक हो सकता है। समाज के वर्ग कुलविशेष के आधार पर किसी भी प्रकार की प्रेरणा देते हैं, ऐसा मुझे नहीं लगता। इसके विपरीत कुल-विशेष में जन्म लेने के कारण कर्तव्यों की चिन्ता किये बिना आदर, सम्मान आदि प्राप्तव्यों के प्रति स्वतः पात्रता मानने से कर्तव्य-पालन के प्रति शिथिलता की सम्भावना अवश्य होती है। अतः कुल-परम्परा से वर्ण-व्यवस्था मानना हमें वर्ण शब्द के मूल अर्थ में संगत प्रतीत नहीं होता। इसके विपरीत कर्मविशेष अथवा गुण–कर्म स्वभाव के अनुसार की गयी वर्ण-व्यवस्था निश्चित ही प्रेरणादायक होगी। वर्ण विशेष के वाचक ब्राह्मण, राजन्य (क्षत्रिय), वैश्य और शूद्र शब्दों का प्रयोग हमें सर्वप्रथम ऋग्वेद और यजुर्वेद के पुरुष–सूक्तों के मन्त्र में मिलता है।[1]

मन्त्र में 'अजायत' क्रिया को देखकर कुछ लोग मुख, बाहु आदि से ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि वर्गों की उत्पत्ति की कल्पना करते हैं। वह (कल्पना) न केवल अस्वा–भाविक हैं, अपितु मन्त्र के अभिप्राय से भी विपरीत है। अजायत क्रिया से पूर्व इस में दो और क्रियाएं हैं। इनमें प्रथम क्रिया है 'आसीत', जिसका अर्थ भूतकाल में अथवा भूतकाल से सत्ता का होना है। इससे ब्राह्मण का चिरकाल से मुख होना सूचित होता है। ब्राह्मण मुख किसका था? कोई वर्गविशेष किसी प्राणी का अंग विशेष-मुख-नहीं हो सकता। इससे स्पष्ट है कि ब्राह्मण को किसी व्यक्ति का अंग–विशेष निश्चय ही नहीं कहा गया है। हां, उसे किसी समाज या समूह का मुख माना जा सकता है। मुख शब्द का प्रयोग बोलने वाले अथवा निर्देश देने वाले अंग के

---

१. (क) ऋग्वेद १०/९०/१२
(ख) यजुर्वेद, ३१/११

लिए प्राय: होता है। क्योंकि निर्देश (प्रेरणा और आदेश) मुख्य रूप से मुख से ही दिया जाता है, हाथ आदि की चेष्टाएं इसमें सहायक तो हो सकती है, परन्तु इस प्रसंग में उन्हें प्रधानता नहीं दी जा सकती। इस आधार पर हम कल्पना कर सकते हैं कि जो व्यक्ति या वर्ग समाज का निर्देशक और पथ-प्रदर्शक रहा है, उसे ही इस मन्त्र में ब्राह्मण के रूप में इंगित किया गया है।

विविध आघात-प्रतिघातों से शरीर की सुरक्षा का कार्य बाहुओं द्वारा सम्पन्न होता है। यहां 'कृत:' क्रिया का प्रयोग रक्षा काउ त्तरदायित्व सौंपना इस अर्थको सूचित करता। इसलिए भी समाज की रक्षा करने वाले, पीडाहारी व्यक्ति अथवा वर्ग विशेश के लिए राजन्य (क्षत्रिय) शब्द का प्रयोग तर्कसंगत प्रतीत होता है। यही स्थिति उदरपूर्ति के लिए सामग्री जुटाने वाले वैश्य की है।

उपर्युक्त मन्त्र में 'अजायत' क्रिया प्रयोग केवल शूद्र के प्रसंग में हुआ है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि शूद्रों की उत्पत्ति बारम्बार होती रही है। यहां प्रश्न होता है कि 'होना' और 'उत्पन्न होना' इन दोनों क्रियाओं में मूलभूत अन्तर क्या है? 'होना' क्रिया सत्ता या स्थिति के सातत्य को सूचित करती है, 'जबकि उत्पन्न होना' पद सत्ता की आकस्मिक उपलब्धि को बोधित करता है इस आधार पर मैं कहना चाहूंगी कि ब्राह्मण आदि वर्गों में अपने-अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा प्राय: सतत रही है। परन्तु इन्हीं वर्गों में से एक आध व्यक्ति में अपने कर्तव्य-पालन की क्षमता का अभाव भी दृष्टिगत होता है। ऐसी स्थिति में उन्हें न तो विशिष्ट कर्तव्य-निर्वाह के लिए उत्तरदायी माना जा सकता था, जिससे उन्हें स्वतंत्रता पूर्वक कार्य करने का उत्तरदायित्व सौंपा जा सके और न ही आयोग्य मानकर समस्त कार्यो से अलग करना उचित माना जा सकता था। इसलिए उनके सामर्थ्य और श्रम का उपयोग करने के उन्हें ब्राह्मण आदि का सहायक बनाया जाता रहा है अर्थात् उनके (ब्राह्मण आदि के) पूर्ण निर्देशन में किसी कार्य के सम्पादन में उन्हें लगाया जाता रहा है। इस प्रकार योग्यता के अभाववश उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य न सौंपने के कारण ही उन्हें शूद्र वर्ग से रखा गया है। इस वर्ग में ब्राह्मण आदि वर्गों से व्यक्ति का प्रवेश उसकी अक्षमता

के कारण समय-समय पर होता रहता है। इसलिए 'अजायत' क्रिया का प्रयोग शूद्र वर्ग में कुल परम्परागत निरन्तरता का निषेध करता प्रतीत होता है, अर्थात् शूद्र वर्ग की कोई कुल परम्परा नहीं रही है। उसकी सन्तति को इस वर्ग का सदस्य स्वभावतः नहीं माना जाता रहा है। योग्यता अर्थात् कार्य-सम्पादन में अक्षमता की स्थिति में भले ही शूद्र की कोई सन्तान इस वर्ग में रह जाए।

उपनिषदें भी वर्ण–व्यवस्था के प्रसंग में गुण-कर्म-स्वभाव को ही महत्व देती प्रतित होती है। इसी कारण छान्दोग्योपनिषद् में अध्ययन के विषय में वेदों सहित अनेक विद्याओं के साथ ब्रह्मविद्या और क्षत्रविद्या का नामतः परिगणन किया गया है।[1] विद्याओं के ये दोनों नाम ब्राह्मण और क्षत्रियों के गुण-कर्म से सम्बन्धित होने का ही संकेत देते हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् में गार्गी के प्रश्न का अन्तर देते हुए याज्ञवाल्य स्वीकार करते हैं कि ब्रह्मविषयक ज्ञान को प्राप्त करके ही ब्राह्मण अपने जीवन के लक्ष्य को पूर्ण करता है।[2] इसलिए एक अन्य प्रसंग में वही कहा गया है कि ब्राह्मण उस परमतत्त्व को जान कर प्रज्ञावान् बने।[3] तत्त्वज्ञान ब्राह्मण का सबसे मुख्य गुण होता। तत्त्वज्ञान के कारण उसके हृदय के सर्वविध संशय मिट जाते है और वह इतना प्रामाणिक हो जाता है कि उसका जीवन ही आदर्श बन जाता है। इसी कारण तैत्तिरीय उपनिषद् में स्नातक को दीक्षान्त उपदेश देते हुए कहा गया है कि तुम्हें जीवन में जब भी कभी कर्तव्याकर्तव्य विषयक अथवा आदर्शचरित्रविषयक विचिकित्सा हो, उस समय तुम्हें श्रेष्ट ब्राह्मणों के पास जाकर

---

१. (क) अध्येमि · देवविद्याम् ब्रह्मविद्याम् भूतविद्याम् क्षत्रविद्याम्।
छन्दोग्योपनिषद् ७/१/२

(ख) विज्ञानेन वै ऋग्वेदं विजानाति······ देवविद्यां ब्रह्मविद्यां भूतविद्यां क्षत्रविद्याम् नक्षत्रविद्याम् ~····। छान्दोग्योपनिषद्, ७/७/१

२. अथ य एतदक्षरं गार्गी विदित्वा अस्माल्लोकात् प्रैति स ब्राह्मणः।
बृहदारण्यक उपनिषद्, ३/८/१०

३. तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः।
बृहदारण्यक उपनिषद्, ४/४/२१

बैठना चाहिए और उनके जीवन का अवलोकन करना चाहिए। वे जीवन में जैसा व्यवहार करते हों, तुम उसे प्रामाणिक मानो और वैसा ही आचरण करो।[1] बृहदारण्यक उपनिषद् में भी ब्राह्मण को सर्वविध संदेहो से रहित होने के कारण समस्त पापों और राजसिक विकारों रहित माना गया है।[2]

वर्ण—व्यवस्था में गुण-कर्म-स्वभाव के महत्त्व को समझते हुए ही शिखा-सूत्र (यज्ञोपवीत) रहित सन्यासी के लिए भी ब्राह्मण शब्द का प्रयोग किया जाता है। इस तथ्य की पुष्टि जाबाल उपनिषद् से होती है। जहां महर्षि अत्रि के प्रश्न का उत्तर देते हुए याज्ञवल्य कहते हैं—यतः संन्यासी यज्ञोपवीत के अभाव में भी शुचि (पवित्र) अद्रोही, रागद्वेष आदि से रहित और भिक्षाजीवी होता है, अतः उसे ब्राह्मण हो माना जाता है।[3] किसी को ब्राह्मण अथवा क्षत्रिय केवल विद्यावान् होने से ही नहीं कहा जाता, जबतक वह विद्या उसके स्वभाव का अंग न बन जाए, उसका गुण न बन जाए। इस रहस्य को बृहदारण्यक उपनिषद् में अत्यन्त सहजभाव से प्रकट करते हुए कहा गया है कि ब्राह्मण को चाहिए कि वह पाण्डित्य को निःशेष कर, पूर्णविद्वान् होकर, सरलता से निरभिमान होकर बालभाव से जीवन जीने की इच्छा करे। जब सरलता रूप बालभाव और पाण्डित्य जीवन में प्रतिष्ठित हो जाए, तो वह मुनिभाव को अपनाने का प्रयत्न करे। जीवन में मुनिभाव के प्रतिष्ठित हो जाने

---

१. ये के च अस्मच्छ्रेयांसो ब्राह्मणाः। तेषां त्वया आसनेने प्रश्वसितव्यम्। अथ यदि ते कर्मविचिकित्सा वा वृत्तविचिकित्सा वा स्यात्। ये तत्र ब्राह्मणाः संमर्शिनः।······ यथा ते तत्र वर्त्तेरन् तथा तत्र वर्त्तेथाः। अथाभ्याख्यातेषु ये तत्र ब्राह्मणाः संमर्शिनः।······ धर्मकामाः स्युः। यथा ते तेषु वर्त्तेरन् तथा तेषु वर्त्तेथाः। तैत्तिरीयोपनिषद् १/११/३-५

२. विपापो विरजो अविचिकित्सो ब्राह्मणो भवति।- बृहदारण्यक उपनिषद्, ४/४/२३

३. अथ ह एनमत्तिः पप्रच्छ याज्ञवल्क्यम्···अयज्ञोपवीती कथं ब्राह्मणः स होवाच ······ शुचिरद्रोही भैक्षणो ब्रह्मभूयाय भवति। जाबाला उपनिषद्—५

पर वह पूर्ण ब्राह्मण बनता है। इसके बिना किसी को ब्राह्मण समझना आर्त अर्थात् कष्ट कर है।[1] ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि वर्णों में गुण-कर्म-स्वभाव की महत्ता होने के कारण ही शरीर की रक्षा करने वाले प्राणों को भी क्षत्र (क्षत्रिय) कहा जाता है।[2]

वाधूल स्मृति में गुणकर्म स्वभाव के अनुसार वर्ण-व्यवस्था की स्वीकृति का संकेत बहुत स्पष्ट रूप से प्राप्त होता है। वहां कहा गया है कि शान्त स्वभाव वाला, मन को वश में रखने वाला, क्रोध के वश में न होने वाला, आत्मजयी और जितेन्द्रिय श्रेष्ठ व्यक्ति शूद्र ही होता है—

शान्तं दान्तं जितक्रोधं जितात्मानं जितेन्द्रियम्।
तमग्रयं ब्राह्मणं मन्ये शेषाः शूद्रः प्रकीर्तिता। ।।[3]

लघु आश्वलायन स्मृति में यह स्वीकार किया गया है कि किसी भी कुल में उत्पन्न व्यक्ति यदि अपने कर्म का परित्याग कर देता है, पराधीन वृत्ति होकर जीता है, वह व्यक्ति अधीतविद्य होता हुआ भी शूद्र के समान हो जाता है। इसी प्रकार जो द्विज वेदों का अध्ययन न करके अन्यत्र परिश्रम करता है, वह श्रेष्ठ कुल में उत्पन्न होकर भी कुलसहित शूद्र हो जाता है—

यश्च कर्मपरित्यागी पराधीनस्तथैव च।
अधीतोऽपि द्विजश्चैव स च शूद्रसमो भवेत् ।।
अनधीत्य द्विजो वेदानन्यत्र कुरुते श्रमम्।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः ।।[4]

---

१. तस्माद् ब्राह्मणः पाण्डित्यं निर्विध बाल्येन तिष्ठासेत्। बाल्यं च पाण्डित्यं च निर्विद्य अथ मुनिरमौनं च मौनं च निर्विद्य अथ ब्रामहृणः। अतोऽन्यदर्त्तिम्। बृहदारण्यक उपनिषद्, ३/५/१

२. क्षत्रं प्राणो वै क्षत्रं प्राणो हि वै क्षत्रं त्रायते ह एनं प्राणः क्षणितोः प्रक्षत्रमत्रमाप्नोति।— बृहदारण्यक उपनिषद्, ५/१३/४

३. वाधुल स्मृति, १९३½, पृ० सं० २६४१।

४. लघु आश्वलायन स्मृति, २२/२२-२३

यहां पूर्व पद्य में द्विज को विद्यावान् होते हुए भी कर्मपरित्यागी होने से शूद्र के समान होने की बात कही गयी है, जब कि द्वितीय पद्य में विद्या का अभाव होने पर उसका पूर्णतः शूद्र होना स्वीकार किया गया है।

इसी प्रकार वाधूल स्मृति में कहा गया है कि अन्य गुणों के होते हुए भी गृहस्थ ब्राह्मण यदि यज्ञ-यागादि नहीं करता, तो वह ब्राह्मण नहीं रह जाता पतित हो जाता है—

कृतदारो न वै तिष्ठेत् क्षणमप्यग्निना विना।
तिष्ठेत चेद्द्विजो ब्राह्मं त्यक्त्वा तु पतितो भवेत् ॥[1]

इसी स्मृति में एक अन्य स्थल पर यह भी कहा गया है कि जो विप्र मोहवश विधिपूर्वक देवाराधन नहीं करता अर्थात् सन्ध्योपासन और अग्निहोत्र आदि नहीं करता न ही बलिवैश्वदेव यज्ञ करता है, वह निश्चय ही शूद्र हो जाता है—

देवताराधनं चैव वैश्वदेवं यथाविधिः।
न कुर्याद्यदि मोहेन स चण्डालो न संशय ॥[2]

कपिल स्मृति के अनुसार तीन अथवा चार बार हिरण्यगर्भ दान करने से शूद्र मौञ्जीबन्धन अर्थात् यज्ञोपवीत धारण करने का अधिकारी हो जाता है और यज्ञोपवीत धारण करने के अनन्तर वह पूर्ण ब्राह्मण हो जाता है—

हिरण्यगर्भत्रितयदानमात्रेण तत्क्षणात्।
हिरण्यगर्भदानस्य चतुर्वारकृतस्य तु।
महिम्ना वृषलस्यापि मौञ्ज्यामधिकृतिर्भवेत् ॥
ततोऽपि कृतया मौञ्ज्या शूद्रो ब्राह्मण्यमृच्छति।[3]

कपिलस्मृतिकार की यह भी मान्यता है कि श्रेष्ठ ब्राह्मण किसी भी व्यक्ति के गुण-कर्म स्वभाव को देखकर यह निर्धारित करता है कि वह अमुक वर्णविशेष का है, जिसके फलस्वरूप अतिशय हीन कुल में उत्पन्न व्यक्ति भी उच्च वर्ण का अंग (सदस्य) हो जाता है—

---

१. वाधूलस्मृति, १५३, पृ० २६३७।
२. वाधूल स्मृति, २२४, पृ० २६४४।
३. कपिलस्मृति ८८३½, ८६६-८६७½

अकर्तुमन्यथाकर्तुं कर्तुं सर्वं विचक्षणः ।
दुर्वर्णानपि सद्वर्णानवशात् कुरुते क्षणात् ।।[1]

कर्मणा वर्ण-व्यवस्था के प्रसंग में आचार्य मनु का वह वचन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, जहां उन्होंने व्यवस्था दी है कि गुण-कर्म–स्वभाव के अनुसार किसी भी वर्ण में परिगणित होने के बाद भी व्यक्ति यदि उस वर्ण के अनुकूल कर्मों का आचरण नहीं करता है, तो वह न केवल दास अर्थात् शूद्र हो जाता है, अपितु उसे एक प्रकार से दण्ड के रूप में शत्रुओं का दास होना पड़ता —

स्वेभ्यः स्वेभ्यस्तु कर्मभ्यश्च्युता वर्णा ह्यनापदि ।
पापान्संसृत्य संसारान्प्रेष्यतां यान्ति (दस्युषु) शत्रुषु ।।[2]

महाभारत के शान्तिपर्व में सत्य, दान, अद्रोह, क्रूरता का अभाव (दया), त्रपा, अघृणा (प्रेम) और तप आदि गुण जिन लोगों में प्रतिष्ठत हैं, उन्हें ब्राह्मण कहा गया है —

सत्यं दाममथाद्रोह आनृशंस्यं त्रपा घृणा ।
तपश्च दृश्यते यत्र स ब्राह्मण इति स्मृतः ।[3]

इस पद्य में 'दृश्यते' और 'स्मृत' क्रियाए स्पष्ट रूप से सूचित करती हैं कि कि उपर्युक्त गुणों को देखकर ही कुछ विशिष्ट लोगों के लिए ब्राह्मण शब्द का प्रयोग किया जाता रहा है, जन्म के कारण नहीं ।

इसी प्रकार जिन लोगों में युद्ध आदि की प्रवृत्ति, वेदाध्ययन के प्रति अनुराग, जनसामान्य से कर लेने तथा ब्राह्मण आदि को दान देने की प्रवृत्ति है, उन्हें क्षत्रिय कहा जाता है—

क्षत्रजं सेवते कर्म वेदाध्ययनसंगतः ।
दानादानरतिर्यस्तु स वै क्षत्रिय उच्चते ।।[4]

---

१. कपिलस्मृति ८८२
२. मनुस्मृति १२/७०
३. महाभारतशान्तिपर्व, १८६/४
४. महाभारत शान्तिपर्व, १८६/५

यहाँ सेवते संगतः, रतिः और उच्चते पद स्पष्ट संकेत करते हैं कि उपर्युक्त गुणों अथवा स्वभाव के कारण ही किसी व्यक्ति को क्षत्रिय माना जाता रहा है।

इसी प्रकार वेदाध्ययन की अभिरुचि के साथ-साथ जिन लोगों में वाणिज्य, पशुरक्षा, कृषि आदि के माध्यम से धनसंग्रह की प्रवृत्ति विद्यमान है, उनकी वैश्य संज्ञा होती है—

वणिज्या पशुरक्षा च कृष्यादानरतिः शुचिः।
वेदाध्ययनसम्पन्नः स वैश्य इति संज्ञितः॥[1]

इस पद्य में भी रतिः सम्पन्नः और संज्ञितः पद सूचित करते हैं कि कुछ विशेष गुणों के कारण ही कुछ लोगों की वैश्य संज्ञा होती रही है। इसी पद्य में शुचिः पद स्पष्ट रूप से स्वभाव का ही बोधक है, जिसका सम्बन्ध कुल विशेष से नहीं जोड़ा जा सकता।

इसके विपरीत जो लोग सर्वविध उचित-अनुचित भोजन में रूचि रखते हैं, जिनको सद-सद् कर्म की चिन्ता नहीं है, शुचिता का ध्यान नहीं है, जिन्होंने वेदाध्ययन छोड़ रखा है और और स्वभाव से अनाचारी हैं, वे शूद्र माने जाते है—

सर्वभक्षरतिर्नित्यं सर्वकर्मकरोऽशुचिः।
त्यक्तवेदस्त्वनाचारः स वै शूद्र इति स्मृतः॥[2]

शूद्र की परिभाषाभूत इस पद्य में सर्वभक्षरतिः, सर्वकर्मकरः अशुचिः, त्यक्तवेदः और अनाचारः पद व्यक्ति विशेष के स्वभाव को ही सूचित करते हैं।

न वै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणों न च ब्राह्मणः।[3]

महाभारतकार का यह भी मानना है कि पूर्वकाल में समाज का ब्राह्मण आदि वर्गों में विभाजन था ही नहीं। सभी सात्त्विक प्रकृति के थे, सूर्य के समान तेजस्वी थे और ब्रह्मा के पुत्र होने के कारण ब्राह्मण कहे जाते थे। परन्तु कलान्तर में समाज में कुछ लोग काम आदि भोगों के प्रति आसक्त हो गये, तीक्ष्णता और क्रोध उनका

१. महाभारतशान्तिपर्व, १८६/६
२. महाभारतशान्तिपर्व, १८६/७
३. महाभारतशान्तिपर्व, १८६/८

स्वभाव बनने लगा, वे अपने मूल धर्म को भूलने लगे, राग सम्पन्न हो गये, ऐसे लोगों को क्षत्रिय कहा जाने लगा। जो लोग अपने मूलधर्मों को छोड़कर गोपालन, कृषि आदि से धन संग्रह में जुट गये, वे वैश्य कहलाये तथा जो हिंसा, असत्य और लोभ आदि से ग्रस्त होकर उचित-अनुचित सभी प्रकार के कर्म करने लग गये, जिनकी शुचिता नष्ट हो गयी, वे शूद्र मान लिये गये। इस प्रकार समाज के वे वर्ग कर्मों के कारण ही बने। कर्मों के कारण ही उनके वर्णों (रंगों) में भी कुछ परिवर्तन आ गया। फलतः इन वर्गों को ब्राह्मण आदि वर्णों की संज्ञा दी गयी।[1]

महाकवि कालिदास ने रघुवंश गत इन्दुमति स्वयवर के प्रसंग में सुनन्दा द्वारा मगधराज परंतप का वर्णन कराते हुए 'राजा प्रजारञ्जनलब्धवर्णः[2]' वाक्य में कर्म से वर्ण की प्राप्ति की और संकेत किया है।

बौद्धपरम्परा में श्रीमद्भगवद्गीता के समान प्रतिष्ठित धम्मपद में भी यह माना गया है कि जन्म, गोत्र अथवा वंश से कोई व्यक्ति ब्राह्मण नहीं होता। जिसमें सत्य, धर्म और शुचिता गुण विद्यमान हैं, वही ब्राह्मण होता है।[3] इस ग्रन्थ में ब्राह्मण के गुणों का वर्णन ४१ श्लोकों में हुआ है। उनके अनुसार जिनमें मन, वचन और कर्म से दुष्कृत का अभाव है और संयम की प्रतिष्ठा है, वह ब्राह्मण है।[4] ब्राह्मण स्थिर बुद्धि, मेधावी, मार्ग और अमार्ग को जानने वाला तथा प्रशस्त धर्म का अनुष्ठाता होता है।[5] ब्राह्मण व्रती, क्रोधहीन, शीलवान् विद्वान, जितेन्द्रिय और मोक्षमार्ग का पथिक होता है।[6] रागद्वेष, दम्भ और दुरभिमान आदि दुर्गुण उसमें होते हैं[7] इत्यादि।

---

१. महाभारत शान्तिपर्व १८८/१, १०-१४ २. रघुवंश ६/२१

३. न जटाहि न गोत्तेन न जच्चा होति ब्राह्मणो।
यम्हि सच्चं च धम्मो च, सो सुखी सो च ब्राह्मणो ।। धम्मपद, ३९३
[न जटाभिर्न गोत्रेण न जात्या भवति ब्राह्मणः।
यस्मिन् सत्यं च धर्मश्च स शुचिः स च ब्राह्मणः ।।]

४. धम्मपद, ३९१ ५. धम्मपद्र, ४०३

६. धम्मपद, ४००

७. यस्स रागो च दोसो च मानो मक्खो च पातितो।
सासपोरिव औरग्गा तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं ।। धम्मपद, ४०७
[यस्य रागश्च द्वेषश्च मानो भ्रक्षश्च पातितः।
सर्षय इवाराग्रात् तमहं ब्रवीमि ब्राह्मणम् ।।]

इस प्रकार हम देखते हैं कि इन सभी प्रसंगों में ब्राह्मण आदि के गुण-कर्म स्वभाव का ही वर्णन हुआ है।

इस प्रकार निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते हैं कि समाज के संगठन में वर्ण–व्यवस्था का होना अनिवार्य है और यह वर्ण-व्यवस्था गुण–कर्म और स्वभाव के आधार पर प्रारम्भ की गयी थी और आज भी गुण-कर्म स्वभाव के आधार पर समाज मे उपयोगी हो सकती है। कुल-परम्परागत संस्कार भले ही गुण–कर्म और स्वभाव के निर्माण में और व्यवसाय को अपनाने में सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हो, फिर भी कुलपरम्परा के आधार पर वर्ण-व्यवस्था को स्वीकार करना किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत नहीं हो सकती, अतः उस वर्गीकरण को वर्ण–व्यवस्था कहा जाना भी उचित नहीं हो सकता।

"वैदिक वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार"

डॉ० जे०एस० मलिक

परियोजना अधिकारी

प्रौढ़, सतत शिक्षा एवं प्रसार विभाग, गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

वर्ण व्यवस्था को भारत के इतिहास में प्रमुख स्थान प्राप्त है। वर्ण व्यवस्था समाज का एक ऐसा वैज्ञानिक आधार है जो वैदिक काल से लेकर आज तक सम्पूर्ण भारत में विद्यमान है भले ही इस समय समाज विभिन्न जातियों एवं प्रजातियों में विभक्त हो गया है, लेकिन वर्ण व्यवस्था की संरचना एवं वैदिक आश्रम व्यवस्था का स्वरूप अभी भी हमारे सम्मुख स्थित है। समाज में कर्म तत्व सदियों से विद्यमान रहे है जैसे रंग, भेद, ऊंच–नीच, धर्म, मर्यादाएं तथा गुण कर्म आदि। इन सबके कारण समाज का विभाजन अनिवार्य रहा होगा। प्राचीन इतिहास का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में समाज "आय" तथा 'दास' वर्ग में विभाजित था।[1] ऋग्वेद के प्रारम्भिक काल में त्वचा को भेद परक आधार माना गया है। इसीलिये भी आर्य तथा दास में भेद का अवलोकन होता है। 'आर्य' तथा 'दास' के संघर्ष का वर्णन ही मिलता है।[2] दास को अव्रत, मृध्रवाच, अनास तथा अक्रतु कहा गया है अर्थात देवताओं की आज्ञा को अस्वीकार करने वाला, कटुवाणी वाला, चपटी नाक वाला तथा यज्ञ न करने वाला। आर्यो को सदाचरण एवं सदवृत्तियों को अपनाने वाला बताया गया। इस प्रकार पूर्व वैदिक काल में रक्तगत, शरीरगत तथा सस्कारगत प्रजातीय भेद रहा। इसीलिये दोनों वर्गो का अस्तित्व अलग-अलग बना रहा। परस्पर विचारों, निर्दिष्ट कार्यो और अधिकारों के संघर्ष ने समाज को एक ऐसी चुनौती दी जिसके कारण समाज का विभाजन करना अनिवार्य हो गया तथा समाज के विभाजन का वैज्ञानिक आधार तैयार किया गया, जो कर्म व गुण के आधार को पुष्ट करता है।

---

१. ऋग्वेद २.२.४. यो दासं वर्ण मद्यरंक:

२. ऋग्वेद १.१७९.६, ३.३४.९

इस प्रकार वर्णों के नैतिक नियम समाज को कर्तव्य परायणता में बांधते है। भारतीय वर्ण व्यवस्था सामाजिक वर्गों की महत्ता और उनके कर्मों की प्रतिष्ठा से सम्बद्ध है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास एवं उत्थान सुरक्षित है। अपने वर्ण के कर्मानुसार तथा पुर्नजन्मों के आधार पर मनुष्य अपने संस्कारों को पुष्ट बनाता है। मानव जाति में समानता होते हुए गुण कर्म में अन्तर निहीत है तथा वर्णों में विभाजित होने पर आपस में गहरा सम्बन्ध भी है।

वर्ण-व्यवस्था की वैज्ञानिकता कर्म थी, न कि वंश से क्योंकि जब मनुष्य वर्णानुसार कर्म न करता था वह उस वर्ण से पतित कर कर्मानुसार एवं गुण-धर्म के आधार पर अन्य वर्ण में स्थापित कर दिया जाता था। मनुष्य का मान जन्म स न हाकर कम से था। सुधारवादी आज भी मनुष्यों के कर्म एव गुण के आधार पर ही मनुष्य का मूल्यांकन करते है तथा उनके कतव्यों को स्वीकार करते हैं। इसी कम प्रधान चिन्तन के कारण स्वाभाविक विकास एव गति थी, जो मनुष्य की उन्नति को सुनिश्चित करती थी तथा उसको अग्रसर होने में मार्ग प्रशस्त करती थी।

ऋग्वैदिक काल के प्रारम्भ में ऐसी पुष्ट वर्ण व्यवस्था नहीं थी जो उत्तर वैदिक काल में स्थापित हो गयी थी। प्रारम्भ में समाज के दो समूह ही अस्तित्व मे थे आर्य तथा अनार्य। इन दोनों समूहों में शरीर रचना, रंग तथा आचार-विचार म काफी अन्तर विद्यमान था। आर्य गौर वर्ण, ऊचे कद, उन्नत नासिका और आकर्षणयुक्त व्यक्ति व्यक्तित्व तथा अनार्य कृष्ण वर्ण अनुन्नत नासिका (चपटी) तथा अनाकर्षित व्यक्तित्व वाले थे। इन दोनों वर्गों के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यों मे भी अन्तर था। इसलिए अनार्यो को अनास [बिना नाक वाला] अव्रत [व्रत न करने वाला], अक्रतु [यज्ञ न करने वाला], अब्रहमन [पूजा न करने वाला] अदेवयु [देवताओं के प्रति अनासक्त] अक्रमण [कर्महीन] अयज्ञ [यज्ञ न करने वाले] अन्यव्रत [व्रत न रखने वाले] देवभिषु [देवताओं को अपशब्द कहने वाले] कृष्ण योनि आदि शब्दो से सम्बोधित किया गया है। इस प्रकार प्रारम्भिक काल मे समाज इन्ही दो वर्गों में चल रहा था, इसी बीच आर्यों का समाज कार्यों, गुण, रंग एवं धर्म के कारण वर्गीकृत होने लगा।

आर्यों के समाज में प्रारम्भ में दो वर्ण स्थापित किये गये-प्रथम ब्राह्मण द्वितीय क्षत्रिय और बाद में वैश्य-तीसरे वर्ण की स्थापना की गयी जो क्रमश: प्रथम वर्ग मन्त्र रचना, मन्त्र पाठ, याज्ञिक कार्य तथा पोरोहित्य कार्य से सम्बद्ध था। द्वितीय वर्ग शौर्य, युद्ध, समाज रक्षा और क्रूरता से सम्बद्ध था और तीसरा सामान्य लोगों का समूह था जिसे वैश्य कहा गया। यह व्यवस्था उत्तर काल में पुष्ट हो गयी, जो चार वर्णों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र में विभक्त थी। यह वर्ण व्यवस्था, वह वर्ण व्यवस्था थी जिसके द्वारा आर्यों ने सर्वश्रेष्ठ समाज की स्थापना की, जो आज तक विद्यमान है। इसके द्वारा मनुष्य के सब कार्य एवं अधिकार नियत कर सुसंस्कृत समाज का गठन किया।

कालान्तर में वर्ण व्यवस्था में भी परिवर्तन हुए हैं। वैदिक काल में मनुष्य अपने श्रेष्ट कर्मों के आधार पर उच्च वर्ग में अपना स्थापन करना जीवन का लक्ष्य मानता था। श्रेष्ठता के प्रयास में बाह्मण तथा क्षत्रिय में प्रतिस्पर्धा रही, जिससे समय-समय पर कई ब्राह्मणों ने पुरोहित कार्य छोड़ शास्त्र धारण किये तथा कई क्षत्रियों ने ब्राह्मण धर्म अपनाया जिनमें विश्वामित्र, विदेह शासक जनक, प्रवाहण जाबलि, अश्वपति केकय और विद्वान शासक अजात शत्रु जैसे क्षत्रियों ने पोरोहित्य, याज्ञिक क्रियायें तथा दार्शनिक गवेषणाओं में पारंगत होकर ब्राह्मण कर्म किया तथा ब्राह्मणों में भी क्षात्र धर्म स्वीकार करने वालों में मुख्य द्रोणाचार्य व परशुराम थे। कालान्तर में पुष्य मित्र शुंग ने भी क्षात्र धर्म स्वीकार कर शुंग वंश की स्थापना की। कण्व, सातवाहन, वाकाटक आदि राजवंश भी ब्राह्मण थे। इन लोगों ने अपने-अपने धर्म एवं कर्म बदले लेकिन वर्ण नहीं बदल पाये। इस विवरण से ज्ञात होता है कि वर्ण व्यवस्था कितनी मजबूत थी। इस सामाजिक वैदिक व्यवस्था का आधार कड़े संघर्ष एवं तप के बाद न्यायोचित व्यवस्था के अन्तर्गत तैयार किया गया।

वैदिक युग में मनुष्य श्रेठ कर्म कर श्रेष्ठ वर्ण-व्यवस्था के अन्तर्गत स्थित होना चाहता था लेकिन आज परिस्थितिवश मनुष्य शूद्र अर्थात निम्नवर्गीय बनाना चाहता है, यह अव्यवस्था का ही द्योतक है। आज समाज की स्थिति अव्यवस्थित हो चुकी है।

इस समय के चिन्तन और प्राचीन काल के चिन्तन में रात-दिन का अन्तर आ चुका है। समाज जाति-उप जातियों में विभक्त होने के कारण अपनी वैज्ञानिकता खोता जा रहा हैं। वर्तमान चिन्तकों एवं विचारकों के लिये समाज की व्यवस्थी एक कड़ी चुनौती के रूप में खड़ी होती जा रही है। उस समय नैतिक मूल्य एवं अनुशासित जीवन का ह्रास हो रहा है तथा समाज अराजकता, अनैतिकता की और बढ़ रहा है। मानव भौतिक सुखों में इहीलोक तथा परलोक की सिद्धि मानता है, जो वैदिक सभ्यता और आदर्शों को ग्रसती जा रही है।

आज भी यदि समाज वैदिक सिद्धान्तो एवं व्यवस्था को अंगीकार करता है तो हर क्षेत्र में प्रगति सम्भव है। और प्रगति के लिये वैदिक व्यवस्था की वैज्ञानिकता को स्वीकार करना होगा।

जाति एवं वर्ण-व्यवस्था

गुलजार सिंह चौहान
सहा० पुस्तकालयाध्यक्ष

एक ही जन्म में कर्म के अनुसार वर्ण परिवर्तन हो सकता है जाति और वर्ण को एक मान लेना उचित नहीं है। आज हमारे देश में जाति-भेद की समस्या उग्र रूप धारण किये हुए है। सर्व प्रथम हम जाति शब्द को देखते हैं। जाति शब्द की शास्त्रीय परिभाषा इस प्रकार है— "समान प्रसवात्मिक जाति"।

अर्थात् जो प्राणी अपने जैसी सन्तान पैदा करने की सामर्थ्य रखता हो, उस प्राणी वर्ग की एक जाति होती है। जैसे- भेड़, बकरी की सन्तान भेड़, बकरी ही होगी कुत्ता नही। गाय और बैल की सन्तान गाय और बैल ही होगी, भेड़ बकरी नही। इसी प्रकार मनुष्य की सन्तान मनुष्य ही होगी, पशु नहीं। अर्थात मनुष्य चाहे किसी भी रंग या किसी देश का हो, उसकी सन्तान हमेशा मनुष्य ही होगी। अतः जाति का सम्बन्ध जन्म के साथ जुड़ा हुआ है। अर्थात जाति शब्द का अर्थ ही जन्म है। इस प्रकार जाति और वर्ण एक ही हो सकते क्योंकि जाति का सम्बंध जन्म से है और वर्ण का सम्बन्ध कर्म से है। वर्ण बदल सकता है जबकि जाति नही।

डा० राधाकृष्णन् का भी यही मत है कि वर्ण-व्यवस्था कर्म पर आधारित है जन्म पर नही। आपके अनुसार कुछ ऐसे उदाह ण है जिनमें व्यक्तियों और समूहों ने अपना सामाजिक वर्ण वदल लिया था। विश्वामित्र, अजमीढ और पुरामीढ को ब्राह्मण वर्ण में स्थान दिया गया था, और यहां तक कि उन्होंने वैदिक ग्रन्थों की रचना भी की यास्क ने अपने निरुक्त में बताया है कि सन्तानु और देवापि दो भाई थे, उनमें एक क्षत्रिय राजा बना और दूसरा ब्राह्मण पुरोहित। दास कन्या इलुषा के पुत्र कवष ने एक ज्ञ में ब्राह्मण पुरोहित का कार्य किया था। भागवत में बताया गया है कि धष्ट्र नामक क्षत्रिय जाति उन्नत होकर ब्राह्मण बन गई थी।

वर्ण व्यवस्था की कई व्याख्याएं की गई हैं। ठीक व्याख्या करने वालों में महर्षि दयानन्द सरस्वती का स्थान सबसे ऊपर है। ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका [पृष्ठ २३४] में महर्षि ने कहा है कि यह विशेष जाना चाहिये कि प्रथम मनुष्य जाति सबकी एक है,

सो भी वेदों से सिद्ध है। वेद में श्रेष्ठ मनुष्य को आर्य और दुष्ट मनुष्यों को दस्यु कहा है। समाज में श्रेष्ठ और दुष्ट दोनो ही प्रकार के मनुष्य रहते हैं। जब बच्चे का जन्म होता है तब वह अबोध होता है और बडे होने पर उसमें वैसे संस्कार पडते हैं वह वैसा ही बन जाता है। जो बच्चा व अच्छे संस्कारो से वंचित रह जाता है उसमें दुष्ट वृत्तियां विकसित हो जाती है। और वह वैसा ही बन जाता है। जन्म काल से लेकर शिक्षा काल तक व्यक्ति का कोई वर्ष नही होता जन्म से चाहे वह किसी भी वर्ण का हो लेकिन शिक्षा ग्रहण करते हुए वह अपनी रूचि के अनुसार जिस पाठ्यक्रम में विशेष दक्षता हासिल कर लेता है वही उसका वर्ण हो जाता है। व्यक्ति वर्ण का चुनाव स्वयं करता है और इसमें वह अपने गुरू की सहायता भी लेता है।

महर्षि दयानन्द सरस्वती ने जन्म के आधार पर वर्ण व्यवस्था का घोर विरोध किया। उनका कहना था कि यदि किसी का पिता अंधा है तो क्या उसका पुत्र भी अपनी आंख फोड़ लेवे। यदि किसी का पिता कुकर्मी हो तो क्या उसका पुत्र भी कुकर्म को ही करे? नही, जो पुरुषों के उत्तम कार्य हों उनको ग्रहण करना चाहिए और जो दुष्ट का कार्य हो उनका त्याग कर देना चाहिये। काशी में एक व्यक्ति ने महर्षि स जाति भेद के बारे में जानना चाहा तो महर्षि दयानन्द ने कहा कि ब्राह्मणवादि वर्ण जन्मगत नही हो सकते, यदि ऐसा हो तो एक ब्राह्मण के दो पुत्रों मे यदि एक मुसलमान और एक ईसाई हो जाये तो क्या फिर भी वे ब्राह्मण ही कहलायेगें यदि नहीं तो ब्राह्मणत्व कहां रहा इससे यह सिद्ध है कि जो उत्तम कर्म करते है वे ही ब्राह्मादि और जा उच्च वर्ण होकर नीच कर्म करे तो उसको नीच वर्ण में गिनना चाहिए। महर्षि ने यह भी कहा कि जो व्यक्ति धर्म कर्महीन हो जाये उनके यज्ञोपवीत उत्तर देने चाहिए। अर्थात चाहे वह ब्राह्मण के घर में जन्में हो लेकिन अब शुद्र माने जायेगें और उन्हें यज्ञोपवीत धारण करने का कोई अधिकार नही है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि शिशु चाहे किसी का हो अर्थात ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और चाहे शूद्र का हो सभी समान है। सभी को शिक्षा प्राप्ति के समान अवसर मिलने चाहिये। इसलिए गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली पर जोर दिया गया है। जहां सभी के बच्चों का एक साथ रहना, खाना-पीना, पढ़ना लिखना होता है। अतः हमारा यह मत है कि महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा बताई गई वर्ण व्यवस्था ही सच्ची वर्ण व्यवस्था है और उसी को अपनाने में राष्ट्र की उन्नति संभव है।

वर्ण-व्यवस्था और इसकी समसामयिकता

डॉ० कृष्ण कुमार
मिश्रा बाग, हनुमानगढ़ी कनखल (हरिद्वार)

प्राचीन समय में भारतीय समाज का संघटन वर्ण-व्यवस्था के आधार पर हुआ था। ये वर्ण चार थे- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। वर्ण परम्परा की रक्षा करना राज्य का धर्म था।[1]

वर्ण-व्यवस्था का प्रारम्भ

भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था के प्रारम्भ के संकेत 'ऋग्वेद' में उपलब्ध होते हैं। महाभारतकार ने ऋग्वैदिक वर्ण व्यवस्था को स्वीकार करके इसी पद्धति से समाज का विभाजन चार वर्गों में किया था।[2]

वर्ण पद की निष्पति/वृजवरणे धातु से हुई। इसका अर्थ है- वरण करना, चुनना मनुष्य अपने स्वभाव एवं योग्यता के आधार पर अपने वर्ण को चुनता है। प्रारम्भिक काल में यह वर्ण-व्यवस्था गुण-कर्मानुसार रही होगी, क्योंकि उससे पूर्व सम्पूर्ण प्रजा का वर्ण एक ही था।[3] वर्णों का विभाजन उनके व्यवहार के अनुसार किया गया।

परन्तु कालान्तर में वर्ण का निर्धारण जन्म के आधार पर किया जाने लगा। अब यह वर्ण के स्थान पर जातिगत हो गया परन्तु जन्म के आधार पर वर्ण-व्यवस्था

---

१. (क) वर्णानामाश्चमाणाञ्च राजा सृष्टोऽभिक्षिता ।।मनुस्मृति ७ ३५।।

(ख) व्यवस्थितार्यमयदिः कृतवर्णाश्रम स्थितिः ।

त्रय्या हि रक्षितो लोकः प्रसीदति न सीरति ।।अर्थशास्त्र-शिक्षासमुद्देश।।

२. ब्राह्मणों मुखतः सृष्टों ब्रह्मणा राजसत्तम ।

बाहुम्यां क्षत्रियः सृष्ट उसम्यां वैश्य एव च ।।

वर्णानां परिचयार्थ त्रयाणां भरतर्षभ ।

वर्णश्चितुर्थं : पश्चात् पद्भ्यां शूद्रोविनिर्मितः ।। महाभारत-शान्तिपर्व ७२.४.५ ।।

३. अमरेन्द्र भया बुद्ध्या प्रजाः सृष्टास्तथा प्रभो ।

एकवर्णाः समभाषा एक रुपाश्च सर्वशः ।। रामायण ३.१०.१६ ।।

को महाभारतकार द्वारा चुनौती दिये जाने पर भी यह प्रयत्न सफल नहीं हो सका। वर्ण का आधार जन्म प्रतिष्ठित हो गया। मनु ने ब्राह्मण कुल में उत्पन्न व्यक्ति को चाहे वह विद्वान् हो या मूर्ख, ब्राह्मण ही माना। वह देवता के समान महान होगा।[1] कालिदास के समय तक वर्ण निर्धारण को जन्म के आधार पर प्रतिष्ठित मान लिया गया था। भारत वर्ष में अभी तक यह व्यवस्था सामान्यतः जन्मानुसार ही प्रचलित है। गुण-कर्म का अधिक महत्व नहीं रहा हैं। यह वर्णगत धर्म अब जातिगत हो गया है।

वैदिक युग का समाज गुण-धर्म के आधार पर चार वर्णों में विभक्त था, जो कालान्तर में जन्म के आधार पर चार जातियों में विभक्त रहा। वर्णों का आधार जन्मगत हो जाना आर्यों के हिन्दुओं के लिए बहुत अधिक हानिकारक रहा। ऐतिहासिक प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि हिन्दू समाज के पतन और पराधीनता के लिए यह जन्मगत वर्ण-व्यवस्था बहुत अधिक उत्तरदायी है। अपने महत्व और प्रभुत्व को बनाये रखने के लिए ब्राह्मणों ने जो कि विधि निर्माता थे वर्णों को जन्मगत निश्चित करके जो रुप दिया उसने हिन्दू समाज को छोटे छोटे वर्गों में विभक्त करके पतन के गढ़े में धकेल दिया। बौद्ध धर्म के ह्रास तथा ब्राह्मण धर्म के पुनसन्थान के युग में यह घटना और भी अधिक प्रबल रूप से हुई।

यह बहुत अधिक विस्मयजनक और कष्ट दायक है कि जिस हिन्दू जाति में इतनी अधिक उदारशीलता और ग्रहणशीलता थी, जिसने सारे विश्व में विदेशों में आर्य धर्म और सभ्यता का प्रसार किया था, इस देश में प्रवेश करने वाली सभी आक्रमण कारी जातियों यूनानी, पर्थियन, शक, हूण, कुषाण आदि को अपना अभिन्न अंग बना लिया था, वह हिन्दू समाज इतना अधिक सकीर्ण कैसे हो गया। इस अनुदारता और संकीर्ण मनोवृत्ति का मुख्य कारण वर्णों का जन्मगत हो जाना और उनमें पारस्परिक सम्बन्धों का कठोर हो जाना ही है। इस कारण निम्न वर्णो मे उत्पन्न होने वाले बालकों के और व्यक्तियों के उन्नति के द्वार बन्द हो गये हिन्दू समाज से बाहर के व्यक्तियों को म्लेच्छ मान कर उनके साथ सभी प्रकार के सम्बन्धों का परित्याग कर दिया गया। कहीं हम बाह्यम्लेच्छों के सम्पर्क से दूषित न हो जावें, इस कारण समुद्र-यात्रा और अन्य विदेश यात्राओं को पाप समझा जाने लगा।

१. अविद्वांश्चैव विद्वांश्च ब्राह्मणो दैववत् तहत् ॥ मनु० ९.३१७ ॥

वर्ण-व्यवस्था की इस कठोरता ने हिन्दू समाज को अकल्पनीय हानि पहुंचायी। वैदिक युग में वर्णो में परस्पर वैवाहिक सम्बन्ध मान्य थे। इनमें रुकावट नहीं थी। अनुलोभ और प्रतिलोभ विवाहों से उत्पन्न सन्ताने अपनी योग्यता और रुचि के आधार पर अपने वर्णो को प्राप्त कर लेती थीं। वर्ण-व्यवस्था के कठोर रूप से जन्मगत हो जाने पर परस्पर विवाह के सम्बन्ध समाप्त हो गये। यदि कभी परस्पर संयोग और विवाह के सम्बन्ध हो भी गये तो उनसे उत्पन्न सन्तानों को वर्ण संकर समझा गया। इनको जाति से बहिष्कृत कर शूद्रो के तुल्य माना गया।

इस समय ब्राह्मणों की श्रेष्ठता का प्रतिपादन करने वाले मनु ने अनुलोभ विवाह की अनुमति तो दे दी, अर्थात् उच्च वर्ण का व्यक्ति निम्न वर्ण की कन्या से तो विवाह कर सकता था, परन्तु यह भी अधिक सम्मानजनक नहीं था। इससे उत्पन्न सन्तान वर्णसंकर थी और उसको अपने पिता का वर्ण नहीं मिल सकता था। मनु ने प्रतिलोभ विवाह का निषेध किया निम्न वर्ण के पुरुष के संयोग से उच्च वर्ण की कन्या में उत्पन्न सन्तान को अति निकृष्ट माना गया। शूद्र पुरुष ब्राह्मण कन्या में यदि सन्तान को उत्पन्न करता है तो वह सन्तान चाण्डाल होगी[1] तथा उसकी सामाजिक स्थिति पशुओं से भी अधिक गिरी हुई होगी। इसका परिणाम यह हुआ कि जाति बहिष्कृत वर्णसंकरो की संख्या बहुत अधिक हो गई। उनको हिन्दू समाज का बहुत बड़ा कलंक माना गया।

इस जन्मगत वर्ण-व्यवस्था ने शूद्रों को बहुत अधिक हीन अवस्था में कर दिया उनके सम्पूर्ण गौरव और अधिकार को यहां तक कि सम्पत्ति के अधिकार को भी छीन लिया गया। उच्च वर्णो ने शूद्रों पर अकथनीय अत्याचार किये। उनके साथ सभी प्रकार के सामाजिक सम्बन्धों का निषेध कर दिया गया। विवाह आदि सम्बन्धो का तो कहना ही क्या है साथ बैठकर खान-पान भी बन्द हो गये थे। शूद्रों का एक मात्र कार्य अन्य वर्णो की सेवामात्र हो गया। समाज में इनकी अवस्था इतनी हीन और अपमानजनक हो गई कि इनका स्पर्श करना और छाया पड़ जाना भी पाप समझा जाने लगा।

---

१. मनुस्मृति १०.१२ ॥

इसका अवश्यम्भावी परिणाम यह हुआ कि पद-दलित शूद्र वर्ग में आत्महीनता के भाव तो भर ही गये, उनमें अपनी जाति, धर्म और देश के प्रति गौरव और प्रेम के भाव भी नष्ट हो गये। इस अवस्था में उन्होंने अपने सनातन वैदिक धर्म का परित्याग करके अन्य धर्मों को स्वीकार करने में भी कोई संकोच नहीं किया। पहले तो उन्होंने मनुष्य मात्र के प्रति समभाव का उपदेश देने वाले बौद्ध धर्म को अपनाया। जब भारत पर मुसलमानों और ईसाईयों के आक्रमण हुए और उन्होंने शूद्रों को समानता का दर्जा देने की घोषणा की तो अनेक शूद्र इन धर्मों में दीक्षित हो गये। हीन वर्ण के ये व्यक्ति बड़ी संख्याओं में मुसलमान और ईसाई हो गये।

बौद्धिक कार्य करने वाले ब्राह्मणों ने शारीरिक श्रम को हीन दृष्टि से देखा था शारीरिक श्रम से जीविका उपार्जन करने वालों को उन्होंने शूद्र की कोटि में रखा। इसका परिणाम यह हुआ कि क्षत्रिय और वैश्य भी शारीरिक श्रम को हेय दृष्टि से देखने लगे। ऐसे पेशे, जिनमें कि शारीरिक श्रम अपेक्षित था, शूद्रों के लिये निर्धारित कर दिये गये। पहले शिल्पियों को वैश्य समझा जाता था। राज, बढई, कुम्हार, सुनार, लौहार, ठठरे आदि शिल्पी जो वैश्य वर्ग में आते थे, शारीरिक श्रम करने के कारण शूद्र वर्ग में ढकेल दिये गये। इसका स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि जाति से बहिष्कृत और सामाजिक सम्मान से वंचित इस वर्ग ने बड़ी संख्या में हिन्दू धर्म का परित्याग करके अन्य धर्मों की दीक्षा ली। यही कारण है कि आज भारत में कारीगरों में हिन्दू कम ही दिखाई देते हैं।

शिक्षा और विज्ञान की प्रगति में भी इस जन्मगत वर्ण-व्यवस्था ने बहुत बड़ा अवरोध उत्पन्न किया। शिक्षा देने का प्रमुख कार्य ब्राह्मण वर्ग का था। प्रथम तो उन्होंने शूद्रों को विद्या-अध्ययन के अधिकार से वंचित किया, तदनतर स्त्रियों को। इस प्रकार समाज का तीन चौथाई भाग विद्या प्राप्त करने के अधिकार से वंचित कर दिया गया।

कालान्तर में वेद आदि शास्त्रों को पढ़ने का अधिकार ब्राह्मण वर्ग का ही रह गया क्षत्रिय और वैश्य, जो पहले वेद-वेदाङ्गों की शिक्षा पाते थे और यज्ञ का अधिकार

रखते थे, केवल अपनी जीविका उपार्जन के लिये मात्र उपयोगी ही शिक्षा प्राप्त करके सन्तुष्ट रहने लगे शनैः शनै ब्राह्मणों में भी विद्या प्राप्त करने के लिए परिश्रम का उत्साह मन्द हो गया। ब्राह्मण को अपने जन्म के कारण ही समाज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो जाता था। अतः अध्ययन के श्रम के प्रति उनकी रूचि क्यों होती ?

अपने को जन्म के कारण ही ब्राह्मण श्रेष्ठ समझने थे। उन्होंने हिन्दुओं से भिन्न अन्य जातियों को म्लेच्छ कहा और उनके साथ सम्पर्क को दोषयुक्त माना। इस सम्पर्क से बचने के लिये विदेश यात्रायें भी बन्द हो गई। इससे भारत का वैदेशिक व्यापार तो बन्द हो ही गया विदेशों से ज्ञान का सम्पर्क भी समाप्त हो गया। विदेशों में होने वाले वैज्ञानिक आष्किारों, विशेष रूप से सैन्य विज्ञान से सम्बन्धित आविष्कारों से हिन्दू वंचित रहे। भारत वर्ष की पराधीनता में यह तथ्य बहुत महत्त्वपूर्ण है। भारत की सेनायें वीरता, सहास और संख्या में किसी भी आक्रमणकारी सेना से श्रेष्ठ होने पर भी उनकी वैज्ञानिक युद्ध प्रणाली और उनके नये ढंग के विकसित हथियारों के कारण पराजित हुई।

वर्ण-व्यवस्था की कठोरता के कारण अनेक वर्गों में विभाजित हुये हिन्दू समाज में वर्णो के पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता का अभाव रहा। परस्पर वैवाहिक और खानपान के सम्बन्ध तो समाप्त हो ही गये थे, उनमें संगठन भी नहीं रहा। वर्णो के कर्तव्य निर्दिष्ट थे, अतः प्रत्येक वर्ण अपने ही कार्य को करने में सक्षम था। सैनिक शिक्षा को प्राप्त करने और युद्धों में भाग लेने का अधिकार केवल क्षत्रियों का ही था। परन्तु सम्पूर्ण हिन्दू समाज में क्षत्रियों की संख्या अधिक नहीं थी। देश की अधिक जनसंख्या वैश्यों और शूद्रों की थी, जो सैनिक शिक्षा लेने और युद्धों में भाग लेने के अधिक़ार से वंचित थे। अतः विदेशी आक्रमणों के प्रति वे उदासीन ही रहे।

इसका परिणाम यह हुआ कि विदेशी आक्रमण होने पर देश की रक्षा करने के लिये उनका मुकाबला करने का उत्तरदायित्व क्षत्रिय राजाओं और उनके वेतन भोगी क्षत्रिय सैनिकों का रहा देश के बहु संख्यक समाज ने युद्धों में भाग नहीं लिया। इस कारण भारतीय सेनायें पराजित हुई। इसका दुष्परिणाम भारतीयों को पराधीनता

के रूप में भोगना पड़ा । यह देश शताब्दियों तक विदेशियों और विजातियों के अधिकार में रहकर दुःख भोगता रहा । भारत वर्ष पर मुसलमानों की विजय तभी हुई, जबकि हिन्दू समाज निर्बल हो गया और इसका पतन हो गया ।

आर्यो की हिन्दुओं की वर्ण-व्यवस्था में ऊपर कहे गये दोष वैदिक व्यवस्थाओं को भुला देने के कारण ही सम्भव हुये थे । वैदिक वर्णव्यवस्था में समाज के सभी वर्गों को समान रूप से उन्नति करने के अवसर दिये गये थे । किसी भी वर्ण के परिवार में उत्पन्न व्यक्ति अपनी योग्यता, परिश्रम तथा रुचि द्वारा योग्य वर्ण पा सकता था । एक ही परिवार के सदस्य विभिन्न वर्णों के ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र वर्ण के हो सकते थे । अतः वर्णो में परस्पर विरोध और भेदभाव के अवसर नहीं थे ।

समाज के सर्वाङ्गीण विकास के लिये यह व्यवस्था बहुत उत्तम थी । अपनी योग्यता और क्षमता के द्वारा अपने अनुरूप कार्य को प्राप्त करके भी विभिन्न वर्णों को अपनी अन्य आवश्यकताओं के लिये अन्य वर्णों पर निर्भर रहना पड़ा था । विद्या, तप और बौद्धिक श्रेष्ठता के कारण ब्राह्मण को यद्यपि समाज में श्रेष्ट स्थान प्राप्त था, तथापि वह शासक नहीं था । व्यवस्था पर उसका नियन्त्रण नहीं था । प्रशासनिक सुविधाओं, आर्थिक आवश्यकताओं और घरेलू कार्यो के लिये उसे क्रमशः क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र का आश्रय लेना होता था । इसी प्रकार क्षत्रिय शासकों के प्रशासनिक कार्यो पर ब्राह्मणों का अंकुश रहता था और धन की प्राप्ति के लिये वे वैश्यों पर निर्भर थे । इस प्रकार एक वर्ग अपने कार्यो को करते हुये भी अन्य वर्णो के सहयोग के बिना जीवन-यापन नहीं कर सकता था । अपने-अपने स्थान पर सभी वर्णो का महत्त्व और सम्मान था । वैदिक मन्त्रों में सभी वर्णों के लिये प्रेम तथा सद्भाव की प्रार्थना की गई है ।[1]

वर्ण-व्यवस्था का जो प्राचीन रूप रहा और कालान्तर में वह जिस रूप को धारण करता गया, उसका पाश्चात्य विचारकों ने भी गहन अध्ययन किया हैं । एक और जहां उन्होंने इसकी कटु आलोचना की है[2], वहीं दूसरी ओर प्रशंसा भी की है ।[3] समाज के संगठन की यह परम्परा अद्भुत है । इसका सादृश्य अन्यत्र दुर्लभ है । वर्तमान समय में भी यह किसी न किसी रूप मे अस्तितव में है ही ।

१. रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु न स्कृधि ।
रुचं वैश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचा रुचम् ॥ यजुर्वेद १८.४८
२. Ancient law Main— पृ० १७
३. Vision of India पृ० २६२–२६३

वैदिक वर्णव्यवस्था का ऊपर का रूप प्रायः सभी सभ्यताओं में किसी न किसी रूप में मिल सकता है। समाज को शिक्षकों की और विधि निर्माताओं की आवश्यकता होती है। शासन-व्यवस्था के संचालन के लिये प्रशासकों की तथा देश रक्षा के लिये सैनिकों की आवश्यकता रहती है। समाज की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये कृषक, पशुपालक, उपयोगी-शिल्पी-व्यापारी होते हैं। शिल्पी विविध सामानों का निर्माण करते हैं। विविध सेवाओं को सम्पन्न करने के लिये सेवक भी रहते हैं। वैदिक ऋषियों ने इन आवश्यकताओं का वर्गीकरण करके सामाजिक आवश्यकताओं को चार वर्गों में विभक्त किया था। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्णों की व्यवस्था हुई।

वर्णों के इस विभाजन ने समाज की बौद्धिक, प्रशासनिक और आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योग दिया था। सर्वथा वर्ग हीन समाज की कल्पना अक्रियात्मक और असम्भव है। विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिये वर्गों की रचना किसी न किसी रूप में करनी ही होती है। इसमें दोष तभी उत्पन्न होता है, जब किसी की योग्यता एवं क्षमता का विचार न करके, वंशपरम्परा को आधार बना कर उसके कार्य को सुनिश्चित कर दिया जावे। वैदिक वर्णव्यवस्था के मूलरूप को भुला देने के कारण ही हिन्दू समाज में जातिगत और वर्णगत संकीर्णतायें उत्पन्न होकर देश और जाति का पतन हुआ।

वैदिक वर्णव्यवस्था वस्तुतः समाज के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने का मार्ग था। यह सामाजिक आवश्यकताओं के समाधान का परमप्रभु ने प्रणति किया था और ऋषियों ने इसको प्रवर्तित किया था। अपनी सभी सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति इस मार्ग में है। इसमें वर्णगत विशेष या भेदभाव का कोई स्थान नही है। वर्तमान युग में जो समाज में जातिगत विद्वेष तथा भेद के भाव दृष्टिगोचर होते है, उनका मूल कारण यही है कि समाज के नेताओं ने वर्ण को जाति के रूप में परिवर्तित कर उसको जन्मगत स्वरूप दे दिया। आज भी सामाजिक जातिगत विद्वेष और भेदभाव की चिकित्सा यही है कि वर्णों का आधार जन्म को न मान कर गुण-कर्म एवं योग्यता-क्षमता को प्रदान किया जावे। यही वैदिक संकल्पना है और यही परमप्रभु परमात्मा का आदेश है।

वैदिक वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार

डॉ० जय किशन प्रसाद खण्डेलवाल
वृन्दावन शोध संस्थान वृन्दावन

यजुर्वेद में उल्लिखित "आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो"। (२२ २२)

इत्यादि वैदिक प्रार्थनाएं राष्ट्रिय एकता को प्रस्तुत करती है। वैदिक संस्कृति में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं था सभी को अपनी-अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य आवंटित था, सभी मिलकर समाज की उन्नति में सहायक होते थे।

वैदिक आदर्शों से अनुप्राणित वर्णव्यवस्था में ऊंच-नीच का भाव नहीं था। इसका आधार मानवता के सम्मान के लिए था। इसीलिए इस व्यवस्था को अत्यन्त महत्वपूर्ण माना गया है। "न मानुषात् श्रेष्ठतरं हि किंचित्" का उद्घोष मानवीय गौरव की भावना को अभिव्यक्त करता है। शूद्र वर्ण के व्यक्तियों ने भी वैदिक ऋषित्व के सम्मानपूर्ण पद को प्राप्त किया है। ऋग्वेद में भी कहा है—

"अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते सं भ्रातरो वावृधुः सौभगाय।" (ऋ. ५ ६०.५)

वेद स्पष्ट घोषित करता है कि न कोई बड़ा है न छोटा है— ये सभी भ्राता सौभाग्य के लिए साथ-साथ बढ़ते हैं। इसी आधार पर अथर्ववेद (१९.६२.१) में मनुष्यों को निर्देश दिया है— "प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये।" कि शूद्र और आर्य सबका प्रियत्व देखें।

यजुर्वेद (१८ ४८) में परमेश्वर से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र सबमें समान रूप से शोभा या दीप्ति का आधान करने की प्रार्थना की गई है, जिससे सबका समान कल्याण हो और कोई भी अपमानित न हो— रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु नस्कृधि।

रुचं विश्येषु शूद्रेषुमयि धेहि रुचा रुचम्॥ (यजु० १८.४८)

सबकी समान समृद्धि से ही समाज की समृद्धि संभव है। समाज के सभी अंगों के स्वस्थ रहने पर समाज उचित दिशा में प्रगति कर सकता है। समस्तसमाज में बन्धुत्व, मित्रता की भावना वैदिक समाज व्यवस्था का आदर्श है। इसीलिए यह निश्चय व्यक्त किया गया कि हम एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखते हैं— मित्रस्य

चक्षुषा समीक्षा महे (शुक्ल यजु. ३६.१८) तभी यह सदिच्छा व्यक्त होती है कि सब दिशाएं हमारी मित्र हो जाएं— सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु (अर्था १६.१५.६) इस भावना के आधार पर ही वेद का आदेश है कि मनुष्य सब ओर से मनुष्य की रक्षा करें— पुमान् पुमांसं परियातु विश्वत: (ऋ. ६.७५.१४) यह है व्यापक विश्व-परिवार की वैदिक भावना। इसमें ऊंच–नीच का कहीं लेशमात्र भी अवकाश नहीं है। वैदिक परिवार-रचना न तो जाति भेद के आधार पर थी और न वंश परम्परा की सीमित परिधि के भीतर।

वेदों में चारों वर्णों के कर्तव्यों का यथास्थान विधान किया गया है। ब्राह्मण को शिक्षा, क्षत्रिय को रक्षा, वैश्य को व्यापार और शूद्र को शिल्प का कार्य विशेष रूप से दिया गया है—

ब्रह्मणे ब्राह्मणं क्षत्राय राजन्यम्, मरूद्भ्यो वैश्यं तपसे शूद्रम् (यजु. ३० ५)

वेदों में चारों वर्णो को यज्ञ करने का अधिकार प्रदाद किया गया है। पंचजना: शब्द के द्वारा ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य और शूद्र के अतिरिक्त अति शूद्र को भी यज्ञ करने अधिकार दिया गया है।—

जना यदग्निमयजन्त पंच (ऋ० १०.४५.६ यजु०—१२ २३)

वेदों में सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के लिए सहभोज और सहपान का भी प्रावधान है क्योंकि खानपान में सहभागी होने पर ही समाज के प्रत्येक वर्ण के लोगों में आत्मीयता का भाव जाग्रत होता है—समानी प्रपा सह को अन्भाग: (अर्था. ३.३०.६)।

वैज्ञानिक आधार—

वैदिक वर्ण व्यवस्था में योग्यता के अनुसार कार्य करने का विधान है। गुण-कर्म के विभाग से वर्ण–व्यवस्था की गई है। जाति के आधार पर यह व्यवस्था नहीं है किन्तु कर्म के अनुसार इसकी व्ययवस्था है इस व्यवस्था के अनुसार चारों वर्णो की समाज को आवश्यता है सबका समान महत्व है, ऊंच नीच का कोई भेदभाव नहीं है। कोई अपने विशेष कुल में जन्म के कारण अस्पृश्य नहीं है। सबके समान सहयोग से ही समाज की उन्नति संभव है। सभी नें समस्त कार्यो को करने की क्षमता नहीं होती। अत: यह पूर्णतया स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक वर्ण-व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार है और उसका उद्देश्य समाज एवं राष्ट्र की पूर्ण समृद्धि है। इस व्यवस्था से सामाजिक जीवन सुखमय एवं परिपूर्ण होता है।

यास्ककालीन वर्ण-व्यवस्था

डॉ० दिनेशचन्द्र धर्ममार्तण्ड
वेद विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार-२४६४०४ (उ०प्र०)

वेदों को यथार्थरूप से समझने एवं तदनुकूल आचरण करने के लिए निर्मित षडङ्ग या वेदाङ्ग साहित्य में यास्क प्रतीत निरुक्त का महत्व पूर्णस्थान है। आचार्य यास्क ने इसमें न ३४ वेदमन्त्रों और ३२ शाखा मन्त्रों की पूर्ण या आंशिक व्याख्या की है।[1] आवश्यकतानुसार इसमें जहां सांस्कृतिक, दार्शनिक एव मनोविज्ञान आदि के विविध विषयों से सम्बन्धित विशेष - परिवेश को ध्यान में रखा गया है, वहीं कहीं-कहीं समाज-विज्ञान को भी यास्काचार्य ने अनावृत किया है। क्योंकि कोई भी रचना तत्कालीन वातावरण से अछूती नहीं रहती इसलिए यास्कीय विरुक्त भी अपने समय की सामाजिक परिस्थिति से अछूना नहीं रहा है। एतत्सम्बन्धी स्थान-स्थान पर निरुक्त में निर्दिष्ट संकेतों के विवेचन से तत्कालीन समाज की एक धुंधली सी झलक मिलती है। इन संकेतों के स्रोत मुख्य रुप से यास्कीत निर्वचन और उनके मन्त्रों की व्याख्या है। जिनका दोहन करके यास्क कालीन सामाजिक वर्ण-व्यवस्था की पृष्ठभूमि देने का प्रयास है।

यास्क के समय में सामाजिक संगठन बहुत सुगठित, सुश्लिष्ट तथा निर्दोष था। समाज का आधार वर्णव्यवस्था थी, जाति-व्यवस्था नहीं। समाज में ५ जन थे :— १ ब्राह्मण २. क्षत्रिय ३. वैश्य ४ शूद्र तथा ५. निषाद। उनमें प्रथम चार जन वर्ण कहलाते थे और पांचवा जन सम्भवत: आर्यों भिन्न किन्तु आर्यो के रीति तथा धार्मिक क्रियाओं को स्वीकार करने वालों का रहा होगा।[2] जैसा कि निरुक्त ३.८ में उल्लेख मिलता है :— 'पञ्चजना : ········चत्वारों वर्णा, निषाद पञ्चम इत्यौपमन्यव :। निषाद: कस्मात् ? निषण्णमस्मिन् पापक्रमिति नैरुक्ता:।'

---

१. द्र.: चन्द्रमणि विद्यालंकार पालीरत्नकृत वेदार्थ दीपक निरुक्तभाष्य की भूमिका।
२. द्र.: पं. शिवनारायण शास्त्री, नि०मी०, पृ० ३७०

नि० २.१० के अनुसार कोई क्षत्रिय अपना क्षात्र कर्म छोड़कर यदि ब्राह्मण का कर्म करने लग जाता था। वह पुरोहित बनकर यज्ञ भी करवाया करता था। इस सन्दर्भ में यास्काचार्य ने एक आख्यान का उल्लेख किया है :— 'स शन्तनुः कनीयानभिषेचयाञ्चक्रे। देवापिस्तपः प्रपेदे तमुवाच देवापिः पुरोहितस्तेऽसानि, याजयामि च त्वेति।'

अस्पृश्यता:— यास्ककालीन समाज में परस्पर छुआ-छूत भी नहीं थी। पञ्चजना मम होत्रं जुषध्वम् (ऋ. सं. १०.५४.४) में अग्निहोत्र करने वाले पञ्चजनों में औपमन्यव आचार्य ने समाज के पांचों अंगों के नाम गिनाये हैं। यदि आपसी स्पृश्यास्पृश्यता होती, तो पांचों जन यज्ञ में एक साथ कभी नहीं बैठ पाते।[1] हां सामाजिक ऊंच-नीच अवश्य था। अपने आचार की पवित्रता तथा विद्या की गरिमा से ब्राह्मण श्रेष्ठता की सीमा माना जाता था, तो निषाद तथा वृषल दूसरी सीमा। निषाद को तो पाप का अधिष्ठान ही समझा जाता था। जैसा कि लिखा है— 'ब्राह्मणवद् वृषलवत्' (नि० ३.१६) तथा, 'निषादः कस्मात् ? निषदनो भवति। निषण्णमस्मिन् पापकमिति नैरुक्ताः' (नि० ३,८)।

१. असूया। गुण में भी दोष-निकालते रहने की आदत।

२. कुटिलता (अनृजुता) छलकपट, आड़े-टेढ़े तरीके इस्तेमाल करना करते रहना।

३. असंयम। गुरु के आश्रम में रहने के नियमों के पालन में प्रमाद तथा इस प्रकार अनुशासन भंग करना।[2]

आचार्य :— नि० १.४ के अनुसार उस समय आचार्य के तीन कर्त्तव्य होते थे—

१. शिष्य को श्रेष्ठ आचरण सिखलाना - 'आचारं ग्राहयति'।

२. उसे विभिन्न शास्त्रों में पारङ्गत बनाना— 'आचिनोत्यर्थान्'।

३. उसकी बुद्धि को विशद बनाना — 'आचिनोति बुद्धिमिति वा।'

---

१. द्र. नि० ३ ८ में ऋ. सं. १०.५४.४ की व्याख्या।

२. विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय मा शेवधिष्टेऽहमस्मि।
अमूयकायानृजवेऽयताय न मा ब्रूया वीर्यवती तथा स्याम्॥

स्वयं यज्ञादि धार्मिककृत्य करना तथा गृहस्थ का पुरोहित बनकर उनके यज्ञादि धर्म-कृत्य कराना भी ब्राह्मण का प्रमुख कृत्य होता था। यज्ञादि धार्मिक प्रसंगों में पुरोहित को सबसे प्रथम प्रमुख - स्थान मिलता था। इसका संकेत यास्क ने नि. २.१२ में इस प्रकार किया है — 'पुरोहितः पुर एनं दधति'।

लोगों में आपेक्षिक श्रेष्ठता विद्या के आधार पर ही मानी जाती थी। किसी एक विद्या में निपुण पुरुष का बहुत सम्मान होता था। उससे अधिक सम्मान होता था पारोवर्यवित् अर्थात् शास्त्र के पारदृश्वा विद्वान् का। पारदृश्वा विद्वानों में भी जो जितना अधिक ज्ञानी होता था, उसका उतना ही अधिक सम्मान होता था:— 'यथा जानपदीषु विद्यातः पुरुषविशेषो भवति। पारोवर्यवित्सु तु खलु वेदितृषु भूयोविद्यः प्रशस्यो भवति।' नि० १.१६)

क्षत्रियः— क्षत्रियों में राजा का बहुत सम्मान होता था। राजा को अत्यन्त ऐश्वर्यशाली माना जाता था। जैसा कि निरुक्त और निघण्टु मे लिखा है—(१) राजा राजतेः (नि० २/१२) (२) इरज्यति। पत्यते। क्षयति। राजति। इति चत्वारः ऐश्वर्यकर्माणः। (निघण्टु २.२१)

३. वैश्य— उस समय वैश्य के लिए आम शब्द वणिक् था। व्यापार करना ही उसका प्रधान व्यवसाय होता था। माल को साफ-सुथरा रखना (ताकिग्राहक का आकर्षण हो) उसका प्रमुख गुण-होता था—'वणिक् पण्यं नेनेक्ति' (नि० २.१७)

—५. शूद्र और निषाद की सामाजिक स्थिति, उनके कर्त्तव्य आदि पर और कुछ प्रकाश डालने का अवसर निरुक्त में नहीं आया है। अतः हम उस पर अधिक कहने की स्थिति में नहीं है।

इस प्रकार उपर्युक्त लगभग २० प्रामाणिक संकेतों से निरुक्त में प्रतिबिम्बित यास्ककालीन सामाजिक वर्णव्यवस्था की एक धुंधली-सी झलक मिलती है, जिससे तत्कालीन भारतवर्ष के सामाजिक संगठन पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है।

वैदिक साहित्ये वर्णव्यवस्था

डा० वेदप्रकाश उपाध्याय: आचार्यत्रय:
एम्०ए०डी० फिल्०, डी० लिट्०
अध्यक्ष:- संस्कृत विभागे, पंजाब विश्वविद्यालयीये चंडीगढस्थे

वैदिक साहित्ये वर्णव्यवस्थाया: वैज्ञानिक आधार: प्राप्यते । 'वर्णोवृणोते[1] रिति निर्वचनाद् वर्ण शब्द: वरणत्वावच्छिनत्वव्यवच्छिन्नतत्रावच्छिन्न त्वव्यवच्छिन्नत्वममि-व्यञ्जयति न तु जन्मत्वावच्छिन्न त्वमवबोधयति । वर्णो वरणाद् जातिश्च जन्मना इति वर्णजातिशब्दद्वयं परस्परं भिन्नार्थबोधकतां गतम् इत्यत्र न काचिद् विप्रतिपत्ति:। 'गुणकर्माणि च दृष्ट्वा यथायोग्यं व्रियन्ते ये ते वर्णा:' इति महर्षिदयानन्दसरस्वती सम्मतं वर्णशब्दार्थबोधकं निर्वचनम् ।

शतपथब्राह्मणस्य पञ्चम काण्डे 'ब्रह्महिब्राह्मण:' इत्युक्त्वा ब्राह्मणस्य ब्रह्मत्वभाव: प्रतिपादित: ।[2] ब्रह्मणा वेदेन परमेश्वर स्योपासनेन च सह वर्तमानो विद्याद्युत्तमगुणयुक्त: पुरुषो ब्राह्मणो भवितुमर्हति[3] इति तु सर्वथा सत्यम् । क्षत्रियार्थवाचक: राजन्यशब्द: ऋग्वेद यजुर्वेदयोरुपलभ्यते । 'बाहू राजन्य: कृत:' इत्यत्र शतपथब्राह्मणे उक्तं वीर्यं वा राजन्यस्य यद्बाहू ।[4] ऋग्वेदादिभाष्यभूविकायामुक्तं महर्षिदयानन्द सरस्वतीमहोदयेन य: पुरुष इन्द्र: परमैश्वर्यवान् शत्रूणां क्षयकरणाद्युद्धोत्सुकत्वाच्च प्रजापालनतत्पर: क्षत्रियो भवितुमर्हति ।[5] वैश्यश्च परमेश्वरस्योरूस्थानीयो मत: । 'पशूनां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च[6] इति मनुस्मृतौ वैश्यकर्म प्रतिपादितम् । 'पद्भ्यां शूद्रो अजायत' इति श्रुते: शूद्रवर्णस्य परमेश्वर पादस्थानीयत्वं पुष्यति । यथा शरीरस्याधाररूपेण पादौ मन्येते तथैव शूद्रोऽपि समाजस्याधार: परमेश्वर पादस्थानीयत्वात् ।

---

१. निरुक्त २.३
२. शब्रा., ५.१.१.११
३. ऋग्वेदादि० पृ० २६७
४. शब्रा ५.४.३.१५—१७
५. ऋग्वेदादि. पृ० २६७
६. मनु० १ ९०

स्मृतिग्रन्थेष्वपि ब्राह्मण क्षत्रियाद्यर्थे वर्णशब्दः लालभ्यते। पुलस्त्यस्मृतौ प्रोक्तम्–वर्णमेकं समाश्रित्य योऽधिकारः प्रवर्तते। वर्णधर्मः स विज्ञेयो यथोपनयनं त्रिषु। (पुलस्त्य स्मृति ४)। वर्णविषये उच्चावचत्वनियमो नैव प्रवर्तनीयः। सत्यौदार्याहिंसादि-गुण सम्पन्नः शूद्रोऽपि ब्राह्मणो भवितुमर्हति। क्षत्रियकुले जातेन विश्वामित्रेण ब्राह्मणकर्म समाश्रितं स्वजीवने।[1] द्रोणाचार्यः कृपाचार्यः अश्वत्थामा जन्मना ब्राह्मणाः सन्तोऽपि कर्मणा क्षत्रियत्वं गता इति महाभारतस्य शल्यपर्वणि विशदीकृतम्।[2] क्षत्रियकुलोत्पन्नः गार्ग्यः ब्राह्मणः अभवदिति भागवत पुराणे स्पष्टम्।[3] पिशग्रनामा क्षत्रिय कुलोत्पन्नो राजकुमारो कर्मणा शूद्रतां जगाम। कैवर्तकन्यायां जातं व्यासं को न वेद। उर्वश्याः पुत्रं वशिष्ठं ब्राह्मणत्वेन सर्वे विद्वांसः जानन्ति। वज्रसूच्युपनिषदः शाङ्करभाष्ये एतादृशाः अनेके दृष्टान्ताः प्राप्यन्ते, येषु कर्मणा वर्णस्वीकारः समाजे प्रतिष्ठापितो बभूवेति सिद्धं भवति।

वैदिकसंहितासु प्रतिपादिता वर्णव्यवस्था वैज्ञानिकी वर्त्तते सार्वभौमसमाजस्य आधार त्वेन च स्वींकर्त्तु शक्यते। न केवलं भारतवर्षे अपितु ईरानदेशेऽपि समाजस्य विभाजनं चतुर्ष वर्णेषु आसीत्। पुरोहितः योद्धा–व्यापारी सेवकः इति चत्वारो वर्णाः इस्लाम–धर्मप्रचारात्पूर्वं तत्र तथैव आसन् यथा भारतवर्षे श्रुतिपादिताः चत्वारो वर्णाः स्वस्वकर्मणि निरताः प्रतिपादिताः। येन केनचिदपि पुरुषेण यः वर्णः क्रियते, तस्मिन् रतेन स्वकीय कर्माणि कर्त्तव्यभावनया विधेयानि। चतुर्षु वर्णेषु उच्चावचभावस्त्याज्यः, यतः सर्वे एक वर्णाः परस्परं पूरकत्वेन मता

एव वर्णाः परस्परं पूरकत्त्वेन मताः।

१. वाल्मीकीयं रामायणम् बालकाण्ड ७.४

२ महाभारत, शल्यपर्व ३०.१०–११

३. भागवतपुराण ९.२१, १९

'वैदिक वर्ण-व्यवस्था वैज्ञानिक आधारः'

डॉ० हरिगोपाल शास्त्री
प्राचार्यः
महाविद्यालय ज्वालापुरस्य

इदं नास्ति तिरोहितं समस्त शास्त्राटवी परिभ्रमण लब्धमहाविभूतीनां महतां सतां विदुषां यत् निर्धारित विषय घटकानां पदानां व्युत्पत्तिनिमित्तं प्रवृत्तिनिमित्तं वा यावज्जनो न जानीयाद् तावत् असौ विपन्नो वराको वक्ता यदा स्वमपि बोधयितुं न शक्नुयात् कथं तावत् परान् प्रत्यययायितुमसौ प्रयतेत। प्रथमं मया वैज्ञानिक आधारः इति सम्यक् विचारयतैव अग्रे धावितुं पार्यते नान्यथा।

कमनीय गुणालया महानुभावाः। प्रथमहम् वैज्ञानिक शब्दरहस्य जातमेव स्वलेखनी प्रचारणेन प्रकटयामि। वैज्ञनिक शब्दस्तावत् दाक्षिपुत्रानुसारेण समस्ताष्टाध्यायी घटकेन 'प्रयोजनम्' इति सूत्रेण प्रसिद्धिमाप्नोति, तेन च विज्ञानन्-प्रयोजनम् अस्य इति समुचितां व्युत्पत्तिमनुसरन् विज्ञानशब्दः प्रतीतिपथमलङ्करोति।

समस्त सारस्वतपारावारीणेन तत्र भवता भगवता महाभाष्यकृता 'गोनर्दीयेन' सूत्रेऽस्मिन् भणितं यत् प्रयोजनं फलं च कारणञ्च। तच्चेत्थम् प्रयोजयते तत् प्रयोजनम् उताहो प्रयोज्यते अनेन तदीय प्रयोजनम्। फलं साधनञ्च व्युत्पत्तिरियं प्रतीतिपथं अवतरत्येव शाब्दिकदार्शनिकालंकारिकादि समस्त शास्त्रार्णव मन्थायमान बुद्धिवण्डानामपरोक्षोऽयमर्थः।

महामहिमशालिनः अमूल्यमणि-माक्षिणयनिधयः, सरस्वती समुपासकाः सज्जनाः। प्रस्तुत विषयो गम्भीरो विचारणीयश्च। इदं तावत् अतिस्फुटं यत् विचारविषयतायाः संदिग्धतायाश्च कश्चनातिनिकटो अविनाभावसम्बन्धो धूम-धूमध्वजयोरिवास्ति। तथा च न्यायविदां रहस्यमय वचनम्-नासंदिग्धोविचार्यते। परन्तु विलसतिभिः तर्कप्रमाथ युक्तिभिः प्रमाणयितुं साधयितुमिवं शक्यते यद् वैदिक वर्णाश्रम व्यवस्थाया वैज्ञानिकता अनिच्छद्भिरपि सर्वैर्मानयितव्या। यदा भवद्भिः वैदिक वर्णव्यवस्था इति कथ्यते तदा अमुष्या प्रमाणिकता सुतरामेव स्वतः सिद्धां सम्पद्यते।

'यतोहि वेदे भवा वैदिकी' इति 'अध्यात्मादिभ्यः ठञ्' इति ठञ् प्रत्ययेन वैदिकी शब्दो सिद्धयति, वेदानां स्वतः प्रामाण्यम् सनेऽपि उच्चैशिशरसो दार्शनिक मन्यन्ते एव। यदा च प्रतिपादकस्य प्रामाणिकता कस्यापि नास्ति संदिग्धा तदा प्रतिपाद्यस्य वर्णव्यवस्थादिकस्य प्रमाणिकता विषये सन्देहोऽपि न जागर्ति कुतो विचारणीयता। बहवः खलु उच्चावच्च यज्ञानुष्ठानादयः मानवानां दैनन्दिनिक नित्य-नैमित्तिक आचारादयः आत्मानात्ममोक्षविद्या प्रभृतयः ऐहिकमुष्मिक फलकाः अनेके अन्ये च सिद्धान्ता विषयाश्च वेदे प्रतिपादिता, समेऽपि विषया सहृदयैर्विद्वद्भिरहम-हमिकया स्वीक्रियन्ते विशिष्ट ज्ञान जनकाः विलक्षणज्ञानफलकाः चामी इति मन्यन्ते। यथाहि दार्शनिकानां तत्त्वमस्यादि महावाक्यानां परिशीलनेन सर्वैरपि निरतिशय सुखरूपं मोक्षफलं बुध्यते।

ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत एवं प्रभृतिभिः ऐहिक परलौकिक फलं प्रयच्छद्भिः अनुष्ठाने प्रतिपादितम् सम्पन्नञ्च फलं, सत्यमेक असंदिग्धमेव मन्यन्ते भवन्तः तर्हि किमपराद्धम् वैदिकवर्णव्यवस्थाया वैज्ञानिकता भवनेन।

महानुभावा विद्वांसः मदीय विचारसरण्याम् इदमेव केवलं एकं विदुषां महनीयम् कर्तव्यमस्ति इत्याभति यद् जनतासु तत्तद् विषये प्रसृता प्रसारिता च भ्रान्तिरेव अपसारणीया। तथा च वैज्ञानिक शब्दस्य यथा मया शब्दानुशासन शास्त्रमनुसरता व्युत्पत्तिर्निवेदिता तदनुसारेण संक्षेपेण वैज्ञानिकतालंकृतया वर्णाश्रम व्यवस्थाया वैज्ञानिकता वैज्ञानिक शब्दान्वर्थकता च सुतरामेव विलसति। अनयैव व्यवस्थाया अनेकशोभारतस्य भारतस्य प्राचीना दार्शनिकाः औपनिषदिकाः कर्मकाण्डविषयकाश्च पन्थानः अनादिकालतः प्रचलिताः। अद्यावधि यावत् रेखामात्रमपि स्वावलम्बितम् अध्वानं विमुञ्चन्ति। यदा तु एतादृशीभिः व्यवस्थाभीर हीतानां अन्येषां पश्चिमादि देशानां प्राचीना व्यवस्थाः कस्मिंश्चिदन्धकारगर्ते निमग्ना न खलु जगति स्वजीवित चिह्नं धारयन्ति। अमूषु वर्णाश्रमादि व्यवस्थासु स्वार्थान्धरैव कैश्चिद् स्वदुरभिसन्ध्या जनतासु व्यामोहो वितान्यते। उचितं तु इदं यत् सम्प्रति सौमनस्य समन्वितया यया व्यवस्थया प्रजासु स्नेहस्य परस्पर भ्रातृभावस्य प्रबलः समुन्मेषो भवेत् सा सरणिः सर्वैरपि सज्जनै जनैः सम्मिलित प्रयासेन अङ्गीकर्तव्या अङ्गींकरणीया च। नास्ति जगति इद्दशोरोगो यस्य न स्यान्निदानम्। अस्मिंस्तु लघुतम लेखे विचारणीय विषयस्य सत्यपि बाहुल्य विस्तरादहम् बिभेमि। अतः यथा समयं व्याख्याय विषयं विरमामि। इत्यलम्।

"Scientific Base of Vedic Varna System"

Nagendra Nath Misra

HINDU SOCIETY is very ancient and complex. With the passage of time, many traditions and ideas, have got roots in our social organisation. Varna vyvastha, Dharma, Karma and Ashramas are some such systems, which cannot be seperated from our social organisation. With the advancement and spread of education, every system is being scientifically examined and put to the test of time. On the whole the Hindu Society's faith in Dharma and Karma remains unshaken and highly firm and every Hindu is bound to believe basically in the theory of Dharma end Karma.

MEANING OF VARNA

In Nirukta Shri Yaskacharya evolved the word Varna, from the root "Vri" giving the meaning of choice of Varna In this way, Varna is that which a person chooses according to his nature and his work. According to P.V. Kane the word V rna was applied to white complexioned Aryans and black complexioned slaves. At a later stage the word came to be used for the four social classes ie. Brahmin, Kshatriya, Vaishya and Shudra.

DIVISION OF LABOUR

The aim of the four Varna system in India was division of labour, similar to the division of labour of Plato and wells. The theory of division of labour is one of the fundamental theories of social organisation. It propounds that for an orderly progress of work in society, it is necessary that it be divided into classes according to natural tendencies. Dr. Bhagwan Das has divided labour under the Indian Varna system in the following classes :-

1) Teacher Class
2) Governing Class
3) Business Class
4) Physical Labourer Class

These are respectively the Brahmins, the Kshtriyas, the Vaishyas and the Shudras. Thus the responsibility of the Brahmins was to see to the proper execution of works like study for knowiedge and teaching, and other religious activities. The governoment of the state. defence and direction were left to the Kshatriyas while the Vaishyas carried on the Agriculture dairy farming and business. The Shudras served the other three Varnas. It is pertinent that this class division is not peculiar to India, it has been the comman feature of all the organised societies of the world.

EXCELLENT AND DEVELOPED SOCIAL ORDER

The Varna system is a developed social system. Social Stratification is found in all the societies but it is difficult to find one as systematic as the Indian Varna system. The object of this system is to put the different powers of man to proper and productive uses in order to maintain the solid, organised and balanced state of society. The Indian scholars-ancient medieval and modern, like Plato of Greece and other world-wide experts gave the highest position in society to Brahmins, experts in the field of thought and spirit. The second place was given to the protectors the Kshatriyas and third to the producer, the Vaishyas and the servants of the society in the fourth place. In the Varna system the higher classes get special rights and prerogatives but special responsibility corresponding to their authority is also attached to it. This is clear from the provision for punishment made by the penal authorities According to MANU, the retribution made for theft should be of the value of 8 times in the case of Shudra, 16 times if the person is a Vaishya, 32 times if a Kshatriya and 64 or 100 times If a Brahmin.

DECENTRALISATION

In this modern age we often talk of decentralisation of power and authority. In the Varna system there was clear glimpse of decentralisation of power. Cetralisation of all the powers of the society in the hand of one class may lead to exploitation and despo-

tism. In the Varna system the bower of shastra or power of know ledge. Power of arms, Powər of wealth, and power of labour were evenly distributed among the Brahmins, the Kshtriyas, the Vaishyas and the Shudras respectively.

In this way, society is made safe from the evil results of centralisation. The reward of their work differed. The Brahmins were rewarded in the form of respect, the Vashyas in wealth and Shudra in rest etc. Thus, by keeping respect authority and wealth seperate, the society was saved from the present day defects of cetralisation or localisation of power. In this way the Varna system showed a fine synthesis of the fundamentals of social organisation.

The system also resulted in harmonious division of work in the society. Each Varna had its own funtions to perform with the result that there was no vocational disharmony. The system thus helped in the preservance of social integrity. It provided such a sound constitution to the society that it saved it from shattering into pieces, inspite of many political and religious upheavals, which rocked the country during the post thousand years. Thus the system was rightly responsible for stability and contentment by which Indian society has been traced for centuries by others for dignity and decency of head and heart, at all levels.

FOOT NOTES

Since Independence in India every governoment is trying to end cast-system but still it persists because there were and still are certain favourable conditions for it. Some important changes in castesystem, which are evident in India presently are :—

a) The Brahmanic-cult has been challanged. However I feel the pros and cons of the particular issue should be studied before raising an issue just for the shake of opposition. I feel only the scientific analysis is the only solution, instead of fighting issues by differedt groups which will only divided our society.

b) Inter-cast marriages are increasing and should be encouraged as far as possible is healthy—spirit.

c) Orthodoxy of the orthodox people have come under severe criticism.

d) Criticising the Varna-system oulv for the shake of criticism, gives a sense of advancemet to few, who have attained power, Latest example - The removal of Sri T.S.R. Subramaniyam the chief secretary of Uttar-Pradesh (U.P.), only because he was a Brahmin and was not liked by particular section of the Ruling party members of U.P. Governoment. I feel the only solution is that "work-culture" should be gived credence than the Birth on the Varna of the person. It is time we should not stretch things too far only to create distrust among the Varnas.

e) It is pertinent and healthy that today people meet quite frequently irrespective of Varna-consideration at several functions. It is mainly owing to industrialisation and cosmopolitanism way of life.

f) Similarly—owing to scientific advancement and rapid technology and computer envirnoment the people do not follow the Varna-system rigidly. They follow concerned occupations of their choice. The parents irrespectives of Varna system should not be very rigid and allow ther children to choose their subject of study and career, with freedom. Any imposition and regimentation by parents to choose a career of their own liking for the sons and daughters will be counter productive. In fair play it is better to leave it to children However the parents can give guidence or can take the help of teachers, psychologists or career guidence bureau establised in the town or cities.

g) The political people often exploit the caste and Varna system to grind their own axe. Often we hear of "Vote-banks", where elections are fought on caste consideration. On the one hand owing to political patronage they talk of "Mandal Commission" while in reality they perpetuate their own family creed. It is time that the benefit should reach the common man, living in village.

पुस्तक समीक्षा

पुस्तक का नाम– ऋग्वेदीय ब्राह्मणों का सांस्कृतिक अध्ययन।

लेखक– डा० बलवीर आचार्य

प्रकाशक– विद्यानिधि प्रकाशन D– १५४८, गली नं. १०
समीप श्री महागौरी मन्दिर खजूरीखास
दिल्ली—११००९४

वैदिक साहित्य के बारे में भिन्न–भिन्न मत हैं। कुछ विद्वान् अपौरुषेय कहते हैं और कुछ जिनमें कि पाश्चात्य विद्वानों का बहुमत है उन्हें तत्कालीन जीवन का आर्थिक सामाजिक व सांस्कृतिक वर्णन मात्र मानते हैं।

प्रत्येक वेद के अपने ब्राह्मण हैं। प्रस्तुत पुस्तक के लेखक डा० बलवीर आचार्य वैदिक साहित्य व संस्कृत साहित्य के विद्वान् हैं। उनका अध्ययन भी गुरुकुलीय परम्परा से हुआ है। वर्तमान में वे महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में रीडर है।

प्रस्तुत पुस्तक में पशु हिंसा व पशुयज्ञ पर आठवें अध्याय में विशेष वर्णन किया गया है जो कि अब तक प्रकाशित अन्य ग्रंथों में अप्राप्य है।

प्रथम अध्याय विषय प्रवेश का है। इससे सांस्कृतिक ज्ञान की आवश्यकता, संस्कृति शब्द का अर्थ, ब्राह्मण शब्द का अभिप्राय, वर्ण विषय, ब्राह्मण साहित्य, रचना काल, ऋग्वेदीय ब्राह्मण ग्रन्थो का परिचय और भौगोलिक तत्त्व का वर्णन है। इसमें ब्राह्मण शब्द का वर्णन करता हुआ लेखक लिखता है— समाज का कथन है कि "जो परम्परा से मन्त्र नहीं वह ब्राह्मण है और जो ब्राह्मण नहीं वह मन्त्र है।" आपस्तम्ब परिभाषा सूत्र की व्याख्या में कपर्दी का कथन है कि "मनन करने से मन्त्र होते हैं तथा अभिधान करने से मन्त्र ब्राह्मण।" बौधायन धर्म सूत्र में 'वाक् को ब्राह्मण कहा है। उव्वट तथा महीधर ने श्रुति शब्द का अर्थ ब्राह्मण किया है। ब्राह्मण ग्रन्थों में प्रयुक्त ब्राह्मण शब्द "ब्राह्मण ग्रन्थ" तथा "सन्दर्भ विशेष" को द्योतित करता है। वेबर ने ब्राह्मण शब्द का अर्थ प्रार्थना किया है।

द्वितीय अध्याय में पारिवारिक संगठन का वर्णन है। इसमें गोत्र, प्रवर, परिवार में विघटन, दाम्पत्य जीवन एवं विवाह, धर्म का पालन आदि का वर्णन है। इसमें लेखक अध्याय के प्रारम्भ में लिखता है— परिवार का आधार यौन सम्बन्ध है, जबकि स्त्री–पुरुष के संयोग से सन्तान उत्पन्न होती है। तदनन्तर परिवार के माध्यम से ही सन्तान का लालन-पालन, भारण–पोषण, सेवा–शुश्रूषा होती है। परिवार ही गृहस्थ जीवन में मनुष्य अपने समस्त उत्तरदायित्वें का निर्वाह निठणपूर्वक करता है

और सभी पारिवारिक सदस्यों से व्यक्तिगत और भावनात्मक रूप में आबद्ध होता है। पारस्परिक सहयोग–भावना एवं कर्त्तव्य–बोध परिवार के सदस्यों का मूल आधार है।

तृतीय अध्याय में सामाजिक संगठन वर्णित है। इसमें संकलित विषय है—वर्णव्यवस्था का प्रारम्भ, सामाजिक स्थिति, धार्मिक कर्मकाण्ड का योग, राजसंस्था का योग, ब्राह्मण और राजनीति, क्षत्रिय शूद्र और वैश्यों के गुण कर्त्तव्य और सामाजिक स्थिति।

चतुर्थ अध्याय में तत्कालीन राजनीतिक संगठन का विषय संकलित है। इसमें राज्य की उत्पत्ति स्थापना, शासन पद्धति, साम्राज्य पद्धति, भौज्य पद्धति, स्वराज्य पद्धति, वैराज्य पद्धति, पारमेष्ठ्य पद्धति, राज्य पद्धति, राजा के गुण, कर्त्तव्य, शक्ति और अधिकार, राज्य की आर्थिक स्थिति आदि।

पञ्चम अध्याय में आर्थिक स्थिति के अन्तर्गत कृषि, पशु, वाणिज्य, शिल्पकला, आवास, परिधान, आदि।

षष्ठ अध्याय में वर्णित विषय है— ज्ञान एवं विज्ञान। इसके अन्तर्गत शिक्षा, शिक्षा केन्द्र, अध्यापन पद्धति आदि का वर्णन है।

सप्तम् अध्याय के अन्तर्गत ऋषि और देवता का वर्णन है। ऋषि नाम-गुणवाचक और संज्ञावाचक ऋषि मन्त्रद्रष्टा, मन्त्रकृत् शब्द पर विचार, देव शब्द का अर्थ आदि का वर्णन है।

अष्टम् अध्याय के अन्तर्गत यज्ञ का वर्णन है। इसमें देव पूजा, सङ्गतिकरण, दान, ऋग्वेदादि संहिताओं में द्रव्य यज्ञ का विधान नहीं, याज्ञिक कर्मकाण्ड का विकास और पशुहिंसा का प्रारम्भ, ऋग्वेदादि संहिताओं में पशु–यज्ञ का विधान नहीं है आदि का वर्णन है। ऋग्वेदादि संहिताओं में पशु यज्ञ का विधान नहीं इसके पक्ष में लेखक ने विद्वत्तापूर्वक तर्क दिये हैं।

शशिभानु विद्यालंकार
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

गुरुकुल-पत्रिका

शोध पत्रिका

MONTHLY RESEARCH MAGAZINE

सम्पादक :
डॉ० भारतभूषण विद्यालंकार

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

गुरुकुल पत्रिका

शोध पत्रिका

MONTHLY RESEARCH MAGAZINE

सम्पादक
डॉ० भारतभूषण विद्यालंकार
वेदाचार्य एम. ए. पी-एच.डी.
प्रोफेसर—वेद विभाग
एवं
निदेशक—श्रद्धानन्द वैदिक शोध एवं प्रकाशन केन्द्र

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

मार्च, अप्रैल, मई, जून १९९६	वर्ष–४७	संयुक्तांक चैत्र, बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ २०५३

मूल्य— २५ रुपये मात्र

सम्पादक मण्डल :

प्रकाशक : प्रो० श्याम नारायण सिंह
कुलसचिव
गु० कां० वि० वि०, हरिद्वार

मूल्य : २५ रुपये (वार्षिक)

मुद्रकः– किरण प्रिंटिंग प्रैस, कनखल हरिद्वार ☎ : 425975

विषय सूची :-

श्रुति-सुधा

वाचस्पते पृथिवी नः स्योना योनिस्तल्पा नः सुशेवा।
इहैव प्राणः सख्ये नो अस्तु तं त्वा परमेष्ठिन् पर्यग्निरायुषा।

वर्चसा दधातु ॥ अथर्व १३.१.१७ ॥

हे (वाचस्पते) वाणी के स्वामिन्! (नः पृथिवी स्योना) हमारे लिए पृथिवी सुखकर हो। (योनिः स्योना) हमारे लिए हमारा घर सुखदायी हो। नः तल्पा सुशेवा) हमारे लिए बिछौने सुखदायी हों। (इह एव नः सख्ये प्राणः अस्तु) यहां ही हमारे सख्य में प्राण रहे। हे परमेष्ठिन् (तं त्वा अग्निः आयुषा वर्चसा परि दधातु) तुझको यह अग्नि आयु और तेज से धारण करें।

हे वाणी (वेद) के प्रकटकर्ता परमात्मन्! अथवा आचार्य! यह सम्पूर्ण बिस्तारवती भूमि हमारे लिए सुखदायी हो। इस राष्ट्र में हमारे लिए कहीं भी किसी भी प्रकार का दुख न हो। हमारे घर व हमारे विश्राम के क्षण व साधन हमारे लिए कल्याणकारी हों। हे परमात्मन्! तुम्हारे सखा भाव से ही हमारे प्राण इस शरीर से संयुक्त हैं। हे परम सत्तावान्! इस अग्नि के माध्यम से हम दीर्घायु एवं तेज को धारण करें।

सम्पादकीय

वर्तमान में सम्पूर्ण राष्ट्र में जो उथल-पुथल मची है उसका मूल कारण है अलक्ष्मी! यह अलक्ष्मी है दूषित एवं भ्रष्ट तरीके से कमाया गया धन ! व्यक्ति जिस समय इसका संचय करता है उस समय वह इसके परिणाम के प्रति बिल्कुल नहीं सोचता । इसका एक निश्चित विधान है क्योंकि धन की तीन ही स्थितियां होती है । दान-भोग और नाश । दान के प्रति हम उदासीन हो गए हैं । उदासीन ही क्यों उसके प्रति उपेक्षाभाव करने लगे हैं । भोग की एक सीमा है, परन्तु मनुष्य के लोभ की कोई सीमा नहीं है । अतः नाश ही उसका निश्चित परिणाम होता है । हमारे नेतृत्व की यह दुर्बलता जग-जाहिर हो रही है । अभी न जाने कितने पर्दे उठने शेष है ।

यह देश सभी का पेट भरने में समर्थ है । परन्तु जब अन्न उत्पन्न करने का उद्देश्य सबका पेट भरना न होकर निर्यात करके पैसा कमाना हो, और वह पैसा विदेशी बैंकों में जमा करके राष्ट्र को नरक बनाता हो तो वह और भी निकृष्ट हो जाता है । नरक का अर्थ है नीचे गिरना इसकी भी कोई सीमा नहीं है । इस देश का आदर्श रहा है कि तेन व्यक्तेन भुंजीथा मागृधः कस्य स्विद्धनम् । अर्थी की क्षुधा का निवारण करके ही हम भोग करें । यह भूमि विश्व भरा है । यह सबका पेट भर सकती है । परन्तु लालसा एक को भी पूरी नही कर सकती है यह भोग की ओर खींचती हुई अप संस्कृति शीघ्र समाप्त होनी चाहिए । वेद के ऋषि के शब्दों में हमें यही कहना चाहिए ।

"या विभर्ति बहुधा प्राणदेजत् सा नो भूमि गोंष्वप्यन्ने दधातु"

वैदिक सात मर्यादायें

डॉ० दिनेश चन्द्र 'धर्ममार्तण्ड'
गु०कां० विश्वविद्यालय, हरिद्वार

विधाता की इस विभूतिमयी विश्वभूति में विविधता देखने को मिलती है। पदे-पदे परिवार समाज, संस्था और देश अपने-अपने नियम, कानून, व्यवस्था एवं सिद्धान्तों में आबद्ध दीखते हैं। नियमों के अनुसार समाज फलता-फूलता है। नियम रहित समाज जंगली और उच्छृङ्खल हो जाता है और वहां अराजकतत्व स्वतः ही पैदा हो जाते हैं। वेद इन नियमों को 'मर्यादा' नाम से अभिहित करता है। आचार्य यास्क ने मर्यादा को सीमा का पर्यायवाची शब्द माना है। और इसका अर्थ इस प्रकार किया है—'सीमा मर्यादा। विरतिव्यति देशाविति'।[1] एक भाष्यकार के अनुसार 'मर्यादा' उसको कहते हैं जो मानव का नाश करे या खाये।[2] श्रीपाददा सातवलेकर के अनुसार पाप से बचने की व्यवस्था को 'मर्यादा कहते हैं।[3]

मनुष्य इस सृष्टि की सर्वोत्कृष्ट[4] सुव्यवस्थित और अङ्ग-प्रत्यङ्गों से सुघटित (मर्यादित) कृति है। वह मनुष्य समाज की एक इकाई है। उसको भी अपनी मर्यादा (सीमा) में रहना पड़ता है। जो व्यक्ति मर्यादा में रहता है, नियमों में चलता है, वह मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाता है। जिस प्रकार नदी का जल जब तक अपने तटों के मध्य में, मर्यादा में बहता है तभी तक वह जीवन दायिनी व्यक्ति के रूप में स्वीकृत होता है। इसी प्रकार जब व्यक्ति सामाजिक सर्वहितकारी नियमों के पालन में अनुशासित होकर कार्य करता है तभी वह अपने जीवन को तो महान बनाता ही है बल्कि अपने समाज देश और जाति को भी ऊंचा उठाता है। वेद के अनुसासर सदाचार की ये मर्यादायें सात है—

"सप्त मर्यादाः कवयस्तत क्षुस्तासामेकामिदभ्यंहुरो गात्।
आयोर्ह स्कम्भ उपमस्य नीडे पथां विसर्गे धरुणेषु तस्थौ॥"
(ऋ. १०.५.६, अथर्व. ५.१६)

---

१. निरुक्त १६
२. देखो दयानन्द संस्थान, दिल्ली से प्रकाशित ऋग्वेद १०.५.६ का भाष्य।
३. देखो अथर्ववेद ५ १ ६ का सुबोध भाष्य।
४. नहि मानुजात् श्रेष्ठतरं हि किञ्चित् (महाभारत)।

अर्थात् तत्वदर्शी ज्ञानियों ने सात मर्यादायें (पाप से बचने की व्यवस्थाएँ) बनाई हैं। उनमें से एक का भी जो कोई उल्लंघन करता है, वह पापी बनता है और जो मनुष्य सातों मर्यादाओं से बचता हुआ पाप का भागी नहीं बनता, वह निश्चय से जीवन के स्तम्भ, उच्चतम शक्ति के धाम और जहां अनेक मार्गों की विसृष्टि नहीं, ऐसे सर्वाधार परमेश्वर में और धारक शक्तियों में स्थित होता है।

भाष्यकारों ने इन सात मर्यादाओं की भिन्न-भिन्न प्रकार से कल्पना की है। आ. यास्क ने अपने निरुक्त[1] में इस मन्त्र की व्याख्या करते हुए इन मर्यादाओं को इस प्रकार परिगणित किया है— "स्तेयं, तल्पारोहणं, ब्रह्महत्यां, भ्रूणहत्यां, सुरापानं, दुष्कृतस्य कर्मणः पुनः पुनः सेवां, पातके ऽनृतोद्यम् इति।" (१) चोरी न करना (२) व्यभिचार न करना (३) ब्रह्महत्या न करना (४) गर्भपात (भ्रूणहत्या) न करना (५) मद्यपान न करना (६) किसी बुरे काम की आदत न पड़ना, और (७) पाप हो जाने पर झूठ न बोलना।

सायणाचार्य्य ने अपने ऋग्वेदकभाष्य में इस मन्त्र का अर्थ करते हुए एक तो सात मर्यादायें वे ही स्वीकार की हैं जो आ. यास्क ने लिखी है। दूसरे मनु आदि ने अपने शास्त्रों में जो त्यागने योग्य कामज और क्रोधज दोष लिखे हैं उनमें से प्रधान सात को छाँटकर उनके परित्याग को सात मर्यादायें माना है[2]। वे हमेशा बचना चाहिये इस प्रकार हैं[3]— (१) मद्यपीना (२) जुआ खेलना (३) स्त्रियों में अत्यशक्ति (४) शिकम् खेलना (प्राणियों की हिंसा करना, मांस-भक्षण करना) (५) निरपराध को दण्ड देना (६) कठोर वाणी बोलना, और (७) दूसरों पर मिथ्या दोषारोप कदना।

---

१. नि० ६.२७

२. कामजेभ्यः क्रोधजेभ्यश्चोद् धृताः पानमक्षाः स्त्रियो मृगया दण्डः पारुष्यमन्यदूषणमिति सप्त मर्यादाः। यद्वा 'स्तेय गुरुतल्पा-रोहणं ब्रह्महत्यां सुरापानं दुष्कृतस्य कर्मणः पुनः-पुनः सेवां पातके ऽनृतोद्यम्' (नि. ६ २७) इति निरुक्ते निर्दिष्टाः सप्तमर्यादाः। (द्र. ऋ. १०.५.६, सायण भष्य।

३. पानमक्षाः स्त्रियश्चैव मृगया च यथाक्रमम्।
एतत्कष्टतमं विद्याच्चतुष्कं कामजे गणे॥
दण्डस्य पातनं चैव वाक्पारुष्यार्थदूषणे।
क्रोधजेऽपि गणे विद्यात्कष्टमेतत्त्रिकं सदा॥ मनु. ७ ५१

आचार्य उद्गीय[1] ने यास्काचार्य द्वारा परिगणित और वेङ्कट[2] ने मनुमहाराज द्वारा प्रतिपादित मर्यादायें ही स्वीकार की हैं। चाहे हम यास्क का अर्थ स्वीकार करें और चाहे सायण उद्गीय एवं वेङ्कट का। सभी ने जो मर्यादायें प्रतिपादित की है वे पूरी तरह से अनुकरणीय एवं पालन करने योग्य है। उनमें से किसी एक का उल्लंघन करना भी हमारे जीवन को घोर पापी बनायेगा। उनमें से अधिकांश के या सबके उल्लंघन का तो कहना ही क्या। आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति के शब्दों में तब तो मनुष्य का जीवन पाप से सना हुआ हो जायेगा[3]। इन मर्यादाओं का उल्लंघन मानव को अधोगति की ओर ले जाने वाला है। जिससे जीवन का तात्पर्य संयम से रहना है। संयम से जीवन व्यतीत करने से जीवन का आधार शक्तिशाली होता है और उत्तम दीर्घ जीवन प्राप्त होता है। इसके साथ ही साथ जो धर्मानुकूल व्यवहार करके अपने जीवन का आधार स्तम्भ बनता है, वह सबके लिए उपमा देने योग्य परमात्मा के स्थान में, स्थिर रहता है। यहां हम निम्न मर्यादाओं पर विस्तार से विचार करते हैं—

पहली मर्यादा है चोरी न करना, दूसरों का धन न चुराना। जो अपने अधिकार में वस्तु है केवल उसका ही उपयोग करना। दूसरों की वस्तु ढेले के समान देखनी और समझनी चाहिए। जैसा कि कहा भी है— 'परद्रव्येषु लोष्ठवत्।' यजु. ४०.१ 'मागृध कस्य स्विद्धनम्'-केअनुसार-दूसरे के धन को ललचाइ दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। धर्मशास्त्र कहते हैं—

"अन्यायेनागता लक्ष्मीः, खद्योत इव दीप्यते।
क्षणं प्रकाश्य वस्तूनि निर्वाणं केवलं तमः॥"

---

१. सप्त मर्यादा··· स्तेयं तल्पारोहणं ब्रह्महत्यां (या. ६.२७) इति। द्र.- ऋ. १०.५६ पर उद्गीथभास्य।

२. कामजेभ्यः क्रोधजेभ्यश्चोद्धृताः 'पानम् अक्षाः स्त्रियो मृगया दण्ड पारुष्यं वाक्पारुष्यम् अर्थभूषणम् (मनुस्मृ० ७/४८,५०) इति सप्तमर्यादाः ···। (देखो, ऋ. १०.५.६ पर वेङ्कटभास्य)।

३. वरुण की नौका, द्वि. भाग, पृ० १७३

अन्याय से आया धन खद्योत (जुगनू) की न्याईं चमकता है परन्तु देर तक प्रकाश कर पुनः अन्धेरा हो जाता है। अतः—

अकृत्वा पर संतापं, अगत्वा खल न म्रताम्।
असत्यञ्च सताम्मार्गम्, यत्स्वल्पं तद्बै वसु॥"

किसी को कष्ट न देकर, दुर्जनों के सामने न झुककर, और सन्मार्ग को न छोड़कर जो थोड़ा भी कमाया जाता है, वही बहुत है।

योगदर्शन के अनुसार 'अस्तेय प्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम्' (साधनपाद-उन)— चोरी न करने (की मर्यादा) में स्थित हो जाने पर सब रत्न प्राप्त होने लगते है। संक्षेप में अस्तेय (चोरी न करने) का अर्थ यह है कि मन, वाणी और कर्म द्वारा चोरी न करना। मनुष्य अनुचित लोभ और राग न करे, चोरी न करे, डाका न डाले, घूस न लेवे, चोर बाजारी न करे, धोखा न देवे। इन सभी तथा इस प्रकार के कुकर्मो से बचना ही सात मर्यादाओं में से पहली मर्यादा 'अस्तेय' है।

दूसरी मर्यादा है- व्यभिचार न करना, सदाचार का पालन करना। 'मातृवत्पर-दारेषु'-दूसरी स्त्रियों को माता के समान देखना चाहिए। यदि यह मर्यादा न हो तो समाज में चरित्र हीनता फैल जावे। ऋग्वेद में दुराचारी (व्यभिचारी) की बड़े ही कठोर शब्दों में निन्दा की गई है—'मां शिश्न देवा अपि गुऋतं नः' (ऋ. ६.२१.५) अर्थात्, व्यभिचारी पुरुष तथा व्यभिचारिणी स्त्री सत्यधर्म यज्ञ के, अधिकारी नहीं बनते अथवा व्यभिचारी हमारे यज्ञ में न आवे। 'अनर्वायिच्छत दुरस्य वेदो ध्नञ्छिश्न देवां अभि वर्पसा भूत।' (ऋ. १०.९९.३)— वह कहीं न रुकने वाला (अनर्वा) इन्द्र व्यभिचारियों को मारकर, और उनके अनेकों द्वारों वाले गढ़ों को तोड़कर धनों को दबा लेता है।' अतः धर्मशास्त्रों ने कहा है—

नहीदृशमनामुख्यं लोके भवति किञ्चन।
यादृशं पुरुषस्येह परदारोपसेवनम्॥ (मनु. ४.१३४)

अर्थात्, संसार में आयु के घटानेवाला और कोई ऐसा पाप-कर्म नहीं है, जैसा कि पर स्त्री- सेवन।

हरणं च पर स्वानां पादाराभिमर्षणम्।
सुहृदश्च परित्यागः त्रयो दोषाः क्षयावहाः॥

दूसरों के धन को छीनना, दूसरों की स्त्रियों से संसर्ग करना और सुहृदों को त्यागना-ये तीनों दोष नाश करने वाले होते हैं।' अतः पुरुष को पुरुषोत्तम बनने के लिए आवश्यक है कि-वह मन से किसी को—

त्रीण्येव पदान्याहुः पुरुषस्योत्तमं व्रतम्।
न द्रुह्येच्चैव दद्याच्च सत्यं चैव परं वदेत्॥

धोखा न दे-शरीर से दान करे-और सदा सत्य वक्ता बने।

मनु महाराज ने व्यभिचारिणी स्त्री और परस्त्रीगामी व्यभिचारी पुरुष दोनों को ही महापापी माना है। ऐसे पुरुष और स्त्री अगले जन्मों में घोर नीच योनियों में जन्म लेकर बड़े भारी कष्ट भोगते हैं। मनुस्मृति में लिखा है कि व्यभिचारी पुरुष अगले जन्म में ब्रह्मराक्षस[1] (प्रेतयोनिवाला ब्राह्मण) और व्यभिचारिणी स्त्री गीदड़ की योनि[2] प्राप्त करती है, तथा 'पर स्त्री को लोभ देकर बलात्कार करना'[3] तथा 'किसी भी कन्या को दूषित करना अर्थात् उससे सम्भोग करना[4]' महापाप है।

तीसरी मर्यादा है सुरापान (मद्यपान) न करना। धर्मशास्त्रों के अनुसार सुरापान महापाप है[5]। क्योंकि सुरा पीने के पश्चात् मनुष्य की बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है, और बुद्धि व शरीर उसके नियन्त्रण में नहीं रहते जिसके फलस्वरूप उसके मन में कुविचार आते, वाणी अपशब्द बोलती है, तथा वह कुकर्म करने लगता है। मनुष्य पवित्र कार्य तभी कर सकता हैं, जब उसकी बुद्धि पवित्र हो तथा उसका शरीर व मन उसके नियन्त्रण में हो परन्तु मदिरापान के बाद तो मन, बुद्धि और शरीर तीनों ही कुमार्गी हो जाते हैं, अपवित्र हो जाते हैं, तथा नियन्त्रण से बाहर हो जाते हैं। ऐसी अवस्था में मनुष्य कभी सत्कर्म नहीं कर सकता। वह जो कुछ भी सोचेगा, जो कुछ भी कहेगा और जो कुछ भी करेगा—वह सब अपवित्र होगा, कुकर्म होगा। अतः पाप होगा। गुरु नानक देव ने मदिरापान के सम्बन्ध में कहा है—

---

१. मनु. १२.६०
२. वही ९.३०
३. वही, ११.५९
४. वही, ११.६१
५. वही, ११.५४

माड़ा नशा शराब दा, उतर जाए परभात।
नाम खुमारी नानका, चढ़ी रहे दिनरात ।।

इस प्रकार निष्कर्ष यह है कि चोरी करने वाले, मदिरा पीने वाले और वेश्यावृत्ति करने वाले महापापी हैं।[1] प्रस्तुत वेद-मन्त्र के अनुसार तो उपरोक्त सप्त मर्यादाओं में से यदि एक का भी कोई उल्लंघन करता है तो वह पापी कहलात है।

चतुर्थ मर्यादा है जुआ न खेलना। वेद का उपदेश है कि "अक्षैर्मा दीव्यः, कृषिमित्कृषस्व" (ऋ. १०.३४ १३)– पासों से मत खेल, प्रत्युत खेती करके ईमानदारी से कमा और खेल।' जुआरी अपना सब-कुछ लुटा देता है। युधिष्ठिर और नल आदि राजाओं के राज्य, स्त्री आदि जुए के कारण लुटे। जुए से बेईमानी बढ़ती है। जुआ खेलना महापाप है। जुआरी मनुष्य का सारा परिवार दुःखी रहता है इस कारण जुआ कभी नहीं खेलना चाहिए।

पांचवी मर्यादा है कठोर वाणी न बोलना। मनुस्मृति में बताया गया हे कि कठोर वाणी का प्रयोग विल्कुल नहीं करना चाहिए। सत्य भी प्रिय ही बोलना चाहिए—

'सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात्,
न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।' (मनु. ४.१३८)

सन्त कवीर ने कहा है—

ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करे आपहु शीतल होय ।।'

हिन्दी के एक अन्य कवि ने दृष्टान्त देकर समझाया है कि—

"कौआ किसका धन हर लेता कोयल किसको दे देती है।
केवल मीठे वचन सुनाकर सबको वश में कर लेती है ।।"

यह मधुर वाणी का ही प्रभाव है कि पत्थर दिल पुरुष भी पिघल जाते हैं। तभी तो इसकी महिमा में कहा गया है—

"पत्थर को पिघलाकर मोम बनाने वाली।
मुहं खोलो तो तुम भी मीठी बोली बोलो प्यारे ।।"

---

१. ब्रह्महत्या सुरापानं स्तेयं गुर्वाङ्गनागमः।
महान्ति पातकान्याहुः संसर्गश्चापि तैः सह ।। (मनु० ११.५४)

वेदों में ऐसे अनेक मन्त्र हैं जिनमें कठोर वाणी को छोड़कर मधुर वाणी प्राप्त करने की प्रार्थना है। जैसे— 'वाचं वदत भद्रया'– वाणी सेभद्र बोलो। 'वाचस्पते! वाचं नः स्वदतु– हे वाणी के पति! हमारी वाणी मधुर हो। 'वाचं वदामि मधुमत्'– मैं वाणी से मधुर बोलूं। 'स्वाद्मानं वाचः'– वाणी हमारी मिठास से भरी हो। 'मधुमतीं वाचं वदतु' (अथर्व ३.३०.२) वह मधुर वाणी बोले।

महाराज भर्तृहरि के अनुसार वाणी एक ऐसा आभूषण है, जो कभी नष्ट नहीं होता। संस्कृत-वाणी ही पुरुष को अलङ्कृत करती है—

केयूराणि न विभूषयन्ति पुरुषं, हारा न चन्द्रोज्ज्वला,
न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं, नालंकृता मूर्धजा।
वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं, या संस्कृता धार्यते,
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं, वाग्भूषणं भूषणम्॥"

छठी और सातवी मर्यादाऐं हैं— बारंबार दुराचार न करना, और पाप होने पर असत्य बोलकर उसको न छिपाना। यास्क प्रतिपादित उपरोक्त सात मर्यादओं में ये दोनों बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। मनुष्य के हाथ से किसी न किसी कारण पाप हुआ, तो वह यदि आगे बचने का यत्न करेगा, तो बहुत हानि की संभावना नहीं है। परन्तु यदि वह बारंबार दण्ड मिलने या मना करने पर भी वही कुकर्म फिर करने लगा, तो उसकी अवनति की सीमा नहीं रह सकती। इसलिए उन्नति चाहने वाले लोगों को उचित है कि वे अज्ञान से एकबार दोषमय आचरण हुआ भी, तो उसको बारंबार न करें और जो कुछ दुराचार अपनी असावधानी से होगा, तो उसको असत्य बोलकर छिपाने का भी यत्न न करें। क्योंकि ऐसा करने से वह कलंक बड़ा गहरा हो जाता है और इससे अधिक पाप होता जाता है। इसलिए दोष होने पर सत्य बोलकर उसको यथार्थ समय में प्रकट करना ही उचित है। मनुष्य की उन्नति के लिए ये दोनों मर्यादायें अत्यन्त सहायकारी हैं, इसलिए कोई मनुष्य किसी भी कारण इनका उल्लंघन न करें।

सात मर्यादाओं की अन्य कल्पना— आचार प्रियव्रत वेद-वाचस्पति ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'वरुण की नौका' भाग दो में पृ० १७४ पर सात मर्यादाओं की कुछ अन्य ही प्रकार से व्याख्या की है। उन्होंने यजु०[1] ३४.५५ और अथर्व०[2] १०.८.९ के

१. सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे।

२. अत्रासत ऋषयः सप्तसाकम्।

अनुसार, शरीर में निवास करने वाले सात ऋषियों के आधार पर सात मर्यादाओं की कल्पना की है। ये सात ऋषि हैं आंख, कान, नाक, रसना त्वचा (पांच ज्ञानेन्द्रिय) मन और आत्मा। हमें संसार के समस्त पदार्थों का ज्ञान इन सात ऋषियों के द्वारा ही होता है। क्योंकि 'ऋषि' शब्द का अर्थ होता है देखने वाला[1]— जानने वाला। आ. यास्क ने सात ऋषियों का यही अर्थ किया है।[2] शरीर में रहने वाले सात ऋषि अर्थात् ज्ञान के साधन इन सातों से भिन्न और कोई हो भी नहीं सकते। इन सातों ऋषियों के हमारे जीवन में अपने-अपने निश्चित कार्य हैं। जिनसे हमारा जीवन चलता है। इन ऋषियों का अपना-अपना जीवनोपयोगी निश्चित कार्य ठीक प्रकार से, जैसा चाहिये वैसा, होते रहना तो मर्यादा है और इनका कार्य ठीक प्रकार से जैसा चाहिये वैसा, न होना मर्यादा का उल्लंघन है। परमात्मा ने इन सातों को शरीर में अपना-अपना काम सौंप रखा हैं। इनके उस काम का भली भांति होते रहना मर्यादा है। और उनका भली भांति न होना, इस प्रकार होना जिससे जीवन हीन, पतित और संकटग्रस्त हो जाये, मर्यादा का भंग है।

संसार के जितने भी पाप हैं वे इन्हीं सातों मर्यादाओं के भंग से होते हैं। इनसे बाहर कोई पाप नहीं रह जाता। आ प्रियव्रत वेद वाचस्पति-कृत सात मर्यादाओं की यह व्याख्या स्वीकार कर लेने पर ये मर्यादयें एक निश्चित आधार पर आश्रित हो जाती हैं। फिर इनकी भिन्न-२ कल्पना करने की आवश्यकता नहीं रहती। नहीं तो सदा यह प्रश्न रहेगा कि अमुक-अमुक सात पापों का वर्जन ही मर्यादा क्यों है दूसरे पापों का क्यों नहीं? फिर यह भी प्रश्न रहेगा कि भगवान् की बांधी हुई सात मर्यादायें कौन-सी हैं? आचार्य जी की व्याख्या में इन प्रश्नों का स्थान नहीं रहता। यास्काचार्य तथा सायणाचार्य द्वारा प्रतिपादित मर्यादयें तो उन मर्यादाओं के भंग के कुछ स्थूल उदाहरण मात्र समझे जा सकते है।

---

१. ऋषिर्दर्शनात् स्तोमान् ददर्शेत्यौपमन्यवः। (नि० २ ३)

२. सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे षडिन्द्रियाणि विद्या सप्तम्यात्मनि। (नि० १२.४)

आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति की व्याख्या में इतना विशेष है कि उन्होंने 'विद्या' के स्थान पर आत्मा का ग्रहण किया है।

उपसंहार— परन्तु हम तो इन मर्यादाओं का भग प्रायः करते रहते हैं। और इसलिए पाप के भागी बनते रहते हैं। इस मर्यादा भंग से- इस पाप में गिरते रहने से- हमारी रक्षा कैसे होगी ? पाप के इस मार्ग पर चलने से हमें कौन रोकेगा ? इस प्रश्न का उत्तर मन्त्र के उत्तरार्द्ध में दिया गया है। मन्त्र कहता है कि मनुष्य को पाप के गड्ढे में गिरने से रोकने- थामने वाला सहारा एक ही जगह है। वह जगह है प्रभु का आश्रय। इस आश्रय को ढूंढ़ने के लिए हमें कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। प्रभु का यह आश्रय हमारे अत्यन्त समीप है। प्रभु हम सबके घट-घट के वासी हैं। उन्हें अपने हृदय में ही पा लेना होना है। जब मनुष्य इस सहारे को पा लेगा, जब वह इस स्कम्भ से—स्तम्भ से—अपने आप को बांध लेगा तो विषयों की बाढ़ उसे पाप में गिराने के लिये बहाकर नहीं ले जा सकेगी। पाप से बचने के लिए प्रभु का आंचल पकड़ लेना ही एक मात्र रास्ता है जिस पर चलने से हम पाप से बच सकते हैं। परमात्मा से भिन्न पदार्थों की उपसना के जितने भी मार्ग है उन सबका हमें परित्याग कर देना होगा। अन्य सब मार्गों का परित्याग करके हमें प्रभु की उपासना में, प्रभु की संगति में जाना होगा। तभी हमारा पाप से परित्राण हो सकेगा।[1]

संक्षेप में सदाचार की ये मर्यादायें है। इनका उल्लंघन करने से मनुष्य पापी होता है और इन मर्यादाओं में रहने से मनुष्य पुण्यमार्गी होता हुआ उन्नति को प्राप्त करता है।

---

१ वरुण की नौका, द्वि. भाग, पृ० १८२।

स्वर्गीय पूज्य पिता पण्डित देश बन्धु विद्यालंकार के जीवन का संक्षिप्त परिचय

जन्म १८९५ ७-६-९५ मरण १९९६ ६-६-९६

लाल कुमार कश्यप

सिर्फ छ: या सात वर्ष की आयु में सन् १९०२ के अन्दर बालक देश बन्धु ने गुरुकुल कांगड़ी जो कांगड़ी ग्राम के निकट घने जंगलों के मध्य-गगा की धाराओं के बीच स्थित है प्रवेश पा लिया था, प्रारंभ से ही वो स्वामी जी को अत्यन्त प्रिय हो गये थे कारण स्पष्ट था एक तो उनकों इस छोटी सी आयु में अनेकों श्लोक कन्ठस्थ थे, दूसरे अष्टाध्योगी भी उनको काफी याद थी ये सब बाबा जी ने उसी विद्वान पंडित को घर ठहरा कर याद करवाया था वो चाहते थे उनका बालक विद्वान बलवान और धर्म निष्ठ बने पिताजी के पिता का पूरा नाम था शंकर प्रसाद तिवारी वे कानपुर के पास किसी गांव के रहने वाले काश्तकार किसान के परिवार के थे धनाभाव के कारण उन्हें किसी ममरे मोसरे बड़े भाई ने नौकरी के वास्ते कलकत्ते ले जाकर वायसराय से मिलता दिया वायसराय ने जब उनका कद, शरीर और पर्सनेलिटीं के साथ ईमानदारी और सरल स्वभाव देखा तो इतना पन्सद आया की तत्काल उनको अपना पर्सनल खजांची (कैशियर) बनाकर अपने पास घर में रख लिया इसके बाद उनको काम चलाऊ लिखना पढ़ना सिखलाकर तहसीलदार बना दिया साथ ही पांच गांव बिहार प्रदेश में टिकारी स्टेट में आती नामक स्थान पर बोध गया से २० या पच्चीस मील की दूरी पर भेज दिया गया इससे पहले बाबा जी कलकत्ते में रहते थे वहीं रहते समय एक दिन बाबा जी को दयानन्द सरस्वती के दर्शनों के अलावा उनका प्रवचन सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। तभी से ये सोचने लगे थे चलो मेरा जीवन तो बांय सराय की चापलूसी और जी हजूरी में चला गया पर अपनी संतानों को ऐसा घिनोना काम जबरदस्ती नहीं करवाऊंगा, कोई लड़का जमीदारी करना चाहे तो भले ही करता रहे। इसी जमीदारी के समय सन् १८९५ में पिताजी का जन्म हुआ था। बाबा जी ने अपने निश्चय के अनुसार बड़े पुत्र देश बन्धु को दयानन्द जी के सच्चे शिष्य स्वामी श्रद्धानन्द जो तब मुन्शीराम कहलाते थे, उनके पास गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार जाकर प्रतिबन्ध करवा दिया।

बाबा जी दादी जी का प्रण था, वह बार-बार गुरुकुल आकर अपने बालक का मन उचाट नहीं करेगें इसके अनुसार वह चौदह वर्ष विद्याध्ययन के बीच सिर्फ एक या दोबार गुरुकुल आकर मिले थे। नवीं दशवीं में आने के बाद पिताजी के हाथ एक जर्मन वाड़ी बिलडर का चित्र लग गया जिसका शरीर और मसलस सांचे में ढले हुए थे जो सुडोल और सुन्दर थे पिताजी इस तस्वीर को देखकर दिन रात यही सोचने लगे मुझे भी ऐसा बन जाना चाहिये ?

उन्हीं दिनों स्वामी जी के बुलाने पर जगत प्रसिद्ध राममूर्ती पहलवान खेल तमाशे दिखलाने गुरुकुल आया उसको देखने के बाद तो पिताजी के मन में यह बात जम कर बैठ गई, जब मैं साधारण सा नजर आने वाला राममूर्ती पहलवान भारतीय सैन्डो इतने करतब दिखला सकता है तो मैं क्या नहीं कर सकता ?

इसके बाद तीन चार लड़कों की टीम बनाकर स्वामी जी की अनुमती और आशीर्वाद के साथ खेलकूद जमनास्टिक व्यायाम और प्राणायाम के साथ धनुर विद्या के गहन अध्ययन के साथ अभ्यास शुरु कर दिया। स्नातक होकर निकालने के पूर्व और बाद में भी उनके शारीरिक प्रदर्शनो वाले खेल गुरुकुल कालेजों में विशेष स्थान रखते थे, जिनको समय-समय पर महात्मा गांधी पण्डित जवाहर लाल नेहरू तथा लार्ड बेवल ने भी गुरुकुल आकर देखा था।

स्नातक बनने के बाद वे भारत वर्ष में घूम-२ कर यह खेल दिखलाते रहे, पांच वर्ष बाद उनका विवाह पण्डित राम चन्द्र जी इंगलिश टीचर की कन्या शकुन्तला देवी के साथ हो गया रामचन्द्र जी नाटन के राजा के पास फोरेस्ट अफसर थे, एक बार स्वामी जी का भाषण था प्रजा अपना पद छोड़कर स्वामी जी के पास पच्चीस रुपये मासिक लेकर गुरुकुल की सेवा में जुट गये साथ ही तन मन धन से अपना जीवन गुरुकुल को समर्पित कर दिया तभी तो बुद्ध देव विद्यालंकार जो बाद में समर्पणा नन्द बन गये थे ऐसा यशस्वी पत्र प्राप्त हुआ था। अनेकों वर्षो तक भारत वर्ष में धूम मचाने के बाद पिताजी पानी के जहाज द्वारा १९२६ में अमेरिका के वास्ते प्रस्थान गये उस समय तक उनकी दो सन्ताने थी, बड़े भाई जी वीर बन्धु और बहन चंचल मेरा जन्म तो तीसरे भाई अभिमन्यु के बाद १९३१ में हुआ था अमेरिका जाकर पिताजी ने एक वर्ष तक अपने खेलों प्राणायाम धनुर विद्या का ऐसा प्रदर्शन किया

की सारा युरोप चका चौध होकर आश्चर्य में डूब गया था न्यूयार्क टाइम्स अच्छी अखबारों में प्राय इन खेलों की प्रशंसा के लेख छपते रहते थे, खेलों में विशेष खेल यह थे हाथी को बांधने वाली लोहे की जंजीर तोड़ना धनुष बाण से आंखों में पट्टी बंधवा कर शब्दभेदी वाण द्वारा सामने बैठे आदमी के चेहरे पर लगे चश्में पर से दो मार कर एक साथ गिराना, दो दो मोटरें एक साथ रोकना तथा सामान से लदी गाड़ी या मोटर को अपने खुले सीने पर से उतरवाना इस प्रकार से स्पष्ट और चालाकी रहित खेलों को देखकर विदेशी लोग उनकी सिद्वता मान गये थे एक वर्ष से भी अधिक अमेरिका रहने के बाद पिताजी लगभग खाली हाथ लौटे थे हां इनाम के मैंडल सिक्के और सार्टीफिकेट पर्याप्त मात्रा में साथ थे स्पष्ट है पैसा कमाना अथवा धनोपार्जन एक कला है, जिसको हर कोई नहीं जानता नाहीं ये सीखने से आती है।

अस्तु भारत लौटकर फिरसे खेलों का कार्यक्रम चल पड़ा जिसका समापन सन १६३१ में जाकर हुआ, पिताजी को सर श्री राम ने दिल्ली क्लॉथ मिल, डी०सी०एम० में बुलाया गया वह उनके नाम की शौहरत पढ़ और सुन चुके थे, बात आ जाने पर पिताजी कहा करते थे लाल तेरे जन्म के बाद मुझे यह स्थिर काम मिला है। मेरी पूरी सफलता के साथ ग्यारह व्यक्ति पिताजी ने डी०सी०एम० में वेल फेयर अफसर का कार्य अकेले १४ विभाग सम्हलते रहे साधना मन्दिर व्यायाम शाला की स्थापना की जिसमें छोटे बड़े सभी बगैर भेदभाव से व्यायाम किया करते थे, उसी जगह आर्य समाज की स्थापना कर दी थी, पांच साल तक स्वयं जांघिया पहन कर व्यायाम करवाने के बाद यह काम ओम प्रकाश त्यागी को सोंप दिया था, वह एम०ए० पास नौजवान पिताजी के पास काम खोजने आया था सात साल तक उन्होंने व्यायाम करवाने के अलावा लाठी जमनाष्टिक आदि सिखलाने का काम किया था बाद मे ओम प्रकाश त्यागी ओम प्रकाश प्रसशोधी वनकर सार्वजनिक के प्रधान व मन्त्री भी वने थे ?

पण्डित इन्द्रजी के बार-बार बुलाने और आग्रह पर पिताजी कुछ शर्तों के साथ गुरुकुल कांगड़ी एक बार फिर लौट आये, यहां आकर अपनी पसन्द की गउशाला बनवाई साई बाल मौन्टगुमरी वीश्नी गाये लाये चारों तरफ फलों के वृक्ष लगवाये, अमन चौक से चारों तरफ पक्की सड़क का श्रमदान के साथ मिलकर निर्माण करवाया

सैकड़ों एकड़ खेती की जमीन खरीदवाई जिससे भीख मांगने या चन्दा करके गुरुकुल न चलना पड़े उसकी आय पर निर्भर होना चाहिए फिर दुख की बात है लोगों की असहमती और स्वार्थ पारायणता के कारण अपना दस वर्ष का काम ट्रैक्टर बीच में ही छोड़कर अपने पुराने सहपाटी विनायक रात विद्यालंकार मुख्यमंत्री आन्ध्र प्रदेश के बुलाने पर गुऊशाला खुलवाने के लिए हैदराबाद जा पहुंचे जहां पच्चीस वर्ष तक रहकर अपनी गऊशाला खुलवाई गुरुकुल घटकेसर के आचार्य रहे फिर तीन वर्ष बाद हरिद्वार आये वानप्रस्थ आश्रम में आकर अपने प्रवचनों और अनुमती से सबको लाभ पहुंचाया।

माता जी पिताजी की आयु अधिक हो जाने से वह अस्वस्थ रहने लगे उनको सहारे की आवश्यकता हुई तब मैं उनका पुत्र लालकुमार सन् १९८४ में अपना काम आई०टी०आई० ट्रांस्पोर्ट कम्पनी के मैनेजर शिवस्वयम छोड़कर अपनी पत्नि रश्मि कश्यप की सहमती से हरिद्वार वानप्रस्थ आश्रम आ गया था और आज भी गुरुकुल कांगड़ी पुस्तकालय में काम कर रहा हूं।

विज्ञानवाद

डॉ० भगवन्त सिंह
तुलनात्मक धर्म एवं दर्शन अध्ययन शाला,
पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (म०प्र०) ४९२०१०

विज्ञानवाद के अनुसार विज्ञान ही एक मात्र सत् है। विज्ञान के अतिरिक्त अन्य किसी भी पदार्थ की वास्तविक सत्ता नहीं है। चित, मन, विज्ञप्ति आदि विज्ञान के ही पर्याय हैं। इसके व्यावहारिक पक्ष को ध्यान में रखकर इसे योगाचार भी कहा जाता है जबकी पाश्चात्य जगत में इसे प्रत्यवाद (Idealism) ही कहा जाता है जिसके अनुसार ज्ञाता और उसके अनुभवों (प्रत्ययों) के अतिरिक्त अन्य किसी की सत्ता नहीं है। वर्कले ने स्पष्ट कहा है कि इन अनुभवों (प्रत्ययों) के कारण-स्वरुप किसी भौतिक वस्तु की ज्ञाता-निरपेक्ष सत्ता सम्भव नहीं है।

सामान्यतः योगाचार विज्ञानवाद और बर्कले की प्रत्ययवादी अवधारणाओं में समानता दिखती है। विज्ञानवादी चेतना से स्वतंत्र वस्तु का अस्तित्व नहीं मानते हैं तो बर्कले भी इसी प्रकार स्पष्ट रुप से मानते हैं कि वस्तुओं का अस्तित्व किसी ज्ञाता द्वारा उनके अनुभूत होने पर निर्भर है तथा ज्ञाता की चेतना से स्वतंत्र उनका अस्तित्व नहीं है। इन समानताओं के होने के बावजूद योगाचार विज्ञानवाद एवं बर्कले की मौलिक अवधारणाओं में अंतर है और यही इस लेख का प्रतिपाद्य विषय है।

वस्तुतः प्रत्ययवाद के दो रूप है—

(१) ज्ञानमीमांसीय प्रत्ययवाद और (२) तत्वमीमांसीय प्रत्ययवाद। ज्ञानमीमांसीय प्रत्ययवाद इस प्रश्न का उत्तर देता है कि ज्ञान की प्रक्रिया में ज्ञाता के संबंध में ज्ञेय पदार्थ की क्या स्थिति होती है। इस सिद्धांत की मान्यता है कि ज्ञेय पदार्थ का अस्तित्व ज्ञाता पर ही निर्भर करता है। उसकी स्थिति ज्ञाता से स्वतंत्र नहीं है। दूसरी तरफ तत्वमीमांसीय प्रत्यवाद मौलिक सत्ता के स्वरुप से सम्बन्धित प्रश्न का उत्तर देता है। इस सिद्धांत की मान्यता है कि मौलिक सत्ता का स्वरुप मन, चेतना या प्रत्यय अथवा बुद्धि का स्वरुप है। चूंकि योगाचार विज्ञानवाद और बर्कले का प्रत्ययवाद दोनों ही ज्ञानमीमांसीय प्रत्ययवाद के सिद्धांत है, इसलिए भी हम इनका तुलनात्मक अनुशीलन (इस परिप्रेक्ष्य में) करना अपेक्षित समझते हैं।[1]

---

१. केशोण्ड्रकप्रख्यमिद मरीच्युदकविभ्रमात्।
त्रिभवं स्वप्नमायाख्यं..........।। लंकावतार सूत्र– २/१५०।

योगाचार विज्ञानवाद के अनुसार विज्ञान ही एक मात्र सत् है। विज्ञान के अतिरिक्त अन्य किसी भी पदार्थ की वास्तविक सत्ता नहीं है। विविध वस्तुओं के नाम से अभिहित किये जाने वाले बाह्य जगत मे उपलब्ध विषयों का स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं है। वे चित्तमात्र की प्रतिमाएं (प्रतिविम्ब) हैं तथा मायामरीचिका के समान निस्स्वभाव एवं स्वप्नवत् निरुपाख्य है। इन्हें ही हम अज्ञानवश बाह्य वस्तु मान लेते है। चित्त या विज्ञान ही तदाकार प्रतिभासित होता रहता है। आचार्य बसुबन्धु ने स्पष्ट कहा है, "समस्त भासमान विषयों के असत् होने के कारण सब कुछ विज्ञप्ति मात्र ही है।[1]

योगाचार विज्ञानवाद की मान्यता है कि क्षणिक विज्ञानों के सतत् प्रवाह के अतिरिक्त अन्य कोई सांसारिक वस्तु नहीं है। किन्तु इस धर्म-नैरात्म्य का यह अर्थ नहीं है कि सर्वथा कोई भी धर्म नहीं हैं। इसका तात्पर्य केवल यही है कि सविकल्पक बुद्धि द्वारा कल्पित द्वैत यथा—विषय और विषयी, जगत और जीव आदि धर्म नहीं है। ये सब हमारे अज्ञान की परिणति हैं लोकोत्तर ज्ञान की प्राप्ति के पश्चात् अनुभवसिद्ध जगत और उसके प्रपन्च का पूर्ण विनाश हो जाता है। त्रिंशिका में आचार्य बसुबन्धु ने स्पष्ट किया है, "आत्मा तथा धर्म सम्बन्धी जो विविध उपचार किये जाते हैं वे विज्ञान परिणाम के अन्तर्गत आते हैं।[2]

विज्ञानवाद के अनुसार तत्वतः विज्ञान प्रवाह रुप होते हुए भी तीन रूपों में अभिव्यक्त होता है और इन्हीं तीनों रूपों को परिणाम कहा जाता है। ये हैं-विपाक, मनन तथा विषय-विज्ञप्ति।[3] विपाक को आलय विज्ञान, मनन को क्लिष्ट मन या सप्तम् विज्ञान तथा विषय विज्ञप्ति को प्रवृत्ति विज्ञान कहते हैं। विज्ञान के आठ प्रकार होते हैं— आलय विज्ञान, क्लिष्टमन, चक्षुर्विज्ञान, श्रोत्र विज्ञान, घ्राणविज्ञान, जीह्वाविज्ञान, काय विज्ञान और मनोविज्ञान। चक्षुः विज्ञान सहित अंतिम छः प्रकार

---

१. विज्ञप्तिमात्रमेवैतदसदर्थावभासनात्। विन्शतिका काररिका–१

२. आत्मधर्मोपचारी हि विविधो यः प्रवर्तते।
विज्ञान परिणामेऽसौ ·······॥ त्रिंशिका कारिका–१

३. विपाको मननाख्यश्च विज्ञप्तिर्विषयस्य च। वही–१

सर्वास्तिवाद तथा स्थविरवाद परम्पराओं में भी स्वीकृत हैं किन्तु अन्य विज्ञानों के साथ-साथ आलय विज्ञान तथा विलष्ट मन की कल्पना मात्र विज्ञानवाद की ही कल्पना है। अर्थात् योगाचार विज्ञानवाद विज्ञान के सभी आठों प्रकारों को स्वीकार करता है।

अब एक सहज व स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि क्या इन सतत् प्रवाहमान क्षणिक विज्ञानों का कोई आधार भी है ? इस प्रश्न का उत्तर स्वीकारात्मक देते हुए योगाचार विज्ञानवाद स्पष्ट करता है कि न तो इन विज्ञानों का आधार कोई अलौकिक व अतीन्द्रिय सत्ता है और न ही कोई भौतिक वस्तु, वरन इनका आधार आलय-विज्ञान ही है। आलय का आशय गृह, स्थान अथवा आधार[1] है जब कि विज्ञान का आशय है- वह जो जानता है।[2] अर्थात आलय विज्ञान भी एक विज्ञान ही है किन्तु वह मूल विज्ञान है और अन्य सभी विज्ञानों का उत्पत्ति स्थान या आधार है। अन्य समस्त विज्ञान इसमें कार्यभाव से उपनिबद्ध होते हैं अथवा अन्य सभी विज्ञानों में यह कारणभाव से उपनिबद्ध होता है। आचार्य बसुवन्धु ने त्रिशका में आलय विज्ञान का बड़ा ही सुन्दर व स्पष्ट वर्णन किया है। उनके अनुसार आलय विज्ञान सभी धर्मों (विज्ञानों) को आश्रय तथा अनादिकालिक धातु है जिसके होने से संसार की प्रवृत्ति अथवा निर्वाण की प्राप्ति होती है।[3] चूंकि आलय विज्ञान में संस्कार, वासना अथवा विपाक संगृहीत होते है इसलिए उसे गृह या सर्वबीज[4] भी कहते हैं।

अब एक अन्य प्रश्न उठता है कि चूंकि आलय-विज्ञान में सभी विज्ञानों के बीज विद्यमान रहते हैं इसलिए सभी विज्ञानों की उत्पत्ति एक साथ ही होनी चाहिए अथवा सभी विषयों का ज्ञान समग्र रूप से एक साथ ही होना चाहिए। योगाचार विज्ञानवादी इसका सन्तोषजक उत्तर देते हैं। उनके अनुसार जिस समय आलय विज्ञान में जितने विज्ञानों के कारण सन्निहित रहते हैं उस समय उसमें उतने ही

१. आलयः स्थानमिति पर्यायौ। विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि, ३६
२. विज्ञानातीति विज्ञानम्। वही
३. त्रिशिका, ३६
४. विपाकः सर्वबीजकम्। त्रि० का.-२

विज्ञानों की उत्पत्ति होती है। यहां यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि यद्यपि सभी विज्ञान-बीज या वासनायें आलय विज्ञान में विद्यमान रहती हैं किन्तु जिस क्रम से जिस क्षण जिस वासना का परिपाक हो जाता है उसी क्रम से उस क्षण वही विज्ञान उत्पन्न होता है। अतः विज्ञान की उत्पत्ति के लिए तत्सम्बन्धी वासना का पारिपाक भी आवश्यक है। वासना की उपस्थिति मात्र ही पर्याप्त नहीं है।

पाश्चात्य दार्शनिक बर्कले भी ज्ञाता से स्वतन्त्र वस्तु के अस्तित्व को नहीं स्वीकार करते। वे मेज, पुस्तक आदि भौतिक वस्तुओं के अनस्तित्व का प्रतिपादन नहीं करते वरन् उनके अनुसार ऐसी किसी भी भौतिक वस्तु का अस्तित्व नहीं है जो ज्ञाता (आत्मा) से स्वतन्त्र (निरपेक्ष) होकर अस्तित्ववान हो। बर्कले यह मानते है कि यदि ऐसी किसी वस्तु का अस्तित्व है भी जो ज्ञाता से स्वतन्त्र हो तो भी समस्या में कोई अन्तर नहीं आता है क्योंकि उस परिस्थिति में हमें उसका ज्ञान नहीं हो सकता। विपरीततः जब हमें ज्ञान होता है तब हम उस वस्तु के साक्षात् सम्पर्क में नहीं होते। उनके अनुसार ज्ञाता और उसके प्रत्ययों के अतिरिक्त अन्य किसी भी वस्तु का अस्तित्व नहीं है। बर्कले के अनुसार "मेज का अनुभव" कहना उचित नहीं है क्योंकि इसका आशय यह होगा कि पहले मेज है फिर उसका अनुभव। वे इसे भाषायी त्रुटि मात्र मानते हैं तथा इसे "मेज का अनुभव" न कहकर 'मेजानुभव" (Tablish Expesience) कहना उचित मानते हैं। वे भौतिक वस्तु का तात्पर्य इन्द्रियानुभव का समूह या परिवार (Group or fiomily of sinse-Experience) मानते हुए हमारे अनुभवों विज्ञानों या प्रत्ययों) के कारण-स्वरुप किसी ज्ञाता-निरपेक्ष वस्तु के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते। चूंकि प्रत्ययवाद अनुभव-निरपेक्ष सत्ता का निषेध करता है इसीलिए बर्कले भी मानते हैं कि "अनानुभूत (Uüperceived) भौतिक वस्तुओं का अस्तित्व है" यह कथन असंगत (Repugnant) है

अब प्रश्न उठता है कि यदि अनुभव के कारण–स्वरूप कोई ज्ञाता-निरपेक्ष भौतिक-वस्तु नहीं हैं तो इन अनुभवों का कारण क्या है ? बर्कले का स्पष्ट उत्तर है कि हमारे अनुभवों का मूल कारण ईश्वर है न कि कोई अनुभव स्वतंत्र भौतिक वस्तु। ईश्वर

स्वयं, विना किसी माध्यम के, इन्हें हमारी आत्मा में आरोपित करता है। अत: आत्मा (जीवात्मा और परमात्मा) तथा उसके अनुभवों के अतिरिक्त अन्य किसी की सत्ता नहीं है। ईश्वर (परमात्मा) असीमित आत्मा है तथा अन्य जीवात्माएं सीमित। परमात्मा हमारे अनुभवों को उसी क्रम में उत्पन्न करता है जिस क्रम में हम उन्हें प्राप्त करते है। इस प्रकार बर्कले जड़-जगत का खण्डन कर "दृश्यता ही सत्ता" (Esse Est Pereipi) की स्थापना करते है।

तत्वमीमांसीय प्रत्ययवाद को मानने पर यह आवयश्क नहीं है कि ज्ञान मीमांसीय प्रत्ययवाद को भी माना जाय जबकि ज्ञानमीमांसीय प्रत्ययवाद के मानने वाले को तत्वमीमांसीय प्रत्ययवाद स्वीकार करना ही पड़ता है। योगाचार एवं बर्कले दोनों ही यह मानते हैं कि वस्तुओं का अस्तित्व चेतना से स्वतन्त्र नहीं है इसलिए यह भी मानना पड़ता है कि वस्तुओं का मूल स्वरुप चेतना या प्रत्यय का रूप हैं। अर्थात दोनों ही ज्ञान मीमांसीय प्रत्ययवाद को अपनाते है और परिणति तत्व-मीमांसीय प्रत्ययवाद को अपनाने में होती है।

अब ज्ञान की वस्तुनिष्ठता (Objectioity of Knowledge) से संबंधित चर्चा अत्यन्त प्रासंगिक प्रतीत होती है। योगाचार विज्ञानवादी ज्ञान की वस्तुनिष्ठता "मानसिक संरचना" (Mental Struetune) में पाते हैं जबकि बर्कले इस समस्या के समाधानार्थ ईश्वर की शरण में जाते हैं और यह मानते हैं कि ज्ञान व्यक्ति (जीवात्मा) के प्रत्यय न होकर ईश्वर (परमात्मा) के प्रत्यय है। इस प्रकार बर्कले ज्ञान को आत्म-निष्ठता के दोष से बचाकर वस्तुनिष्ठ मानते हैं। यदि हम बर्कले की इस पलायनवादिता को ज्ञान की वस्तुनिष्ठता के परिप्रेक्ष्य में स्वीकार कर ले तो भी प्रकारान्तर से बर्कले पर ज्ञान की आत्मनिष्ठता (Subjectivity of Knowledge) का आरोप सिद्ध होता है। चूंकि प्रत्यय अभी भी किसी के मन के प्रत्यय ही रह जाते हैं भले ही वह मन ईश्वर का ही क्यों न हो, इसलिए प्रकारान्तर से इसे आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद कहा जा सकता है यद्यपि इस प्रकार का प्रकारान्तर दोष विज्ञानवाद पर भी लगाया जाता रहा हैं किन्तु ज्ञान की वस्तुनिष्ठता का संरचनात्मक भेद योगाचार और बर्कले के प्रत्ययवाद का मूल अन्तर है।

हिन्दी साहित्येतिहास लेखन की मरम्मत

डॉ० सन्त राम वैश्य
रीडर, हिन्दी विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार–२४६४०४

[१] इस्त्वार दला लितरेत्यूर ऐन्दूई ऐन्दुस्तानी (Historidela literature Hindaui Hindustance)

गार्सां द तासी

पेरिस विश्वविद्यालय में उर्दू के प्रोफेसर तासी (१७९४-१८७८ ई०) ने इसे फ्रेंचर भाषा में लिखा। इसका प्रभाव निस्कारण दो भागों में प्रकाशित हुआ। पहला भाग १८३९ ई० में और दूसरा भाग १८४७ ई० में। पहले भाग में कुल ७३८ कवियों और लेखकों का परिचय है, जिनमें हिन्दी के केवल ७२ कवि हैं। दूसरे भाग में कवियों व लेखकों की रचनाओं के उदाहरण हैं जो फ्रेंच भाषा में अनूदित हैं।

तासी का हिन्दुई से अभियाम हिन्दी से है जबकि हिन्दुस्तानी का उर्दू और पाकिस्तानी हिन्दी से।

तासी के ग्रंथ का द्वितीय संस्करण तीन भागों में पेरिस से प्रकासित हुआ। प्रथम एवं द्वितीय भाग १८७० ई० में तथा तृतीय भाग १८७१ ई० में। तीनों भागों में कुल १२२४ कवियों एवं लेखकों का परिचय है। प्रथम संस्करण के द्वितीय भाग में उदाहरण वाली जो सामग्री थी उसे द्वितीय संस्करण में सम्बन्धित कवियों के विवरणों के पश्चात् संलग्न कर दिया गया।

डा० लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय ने इस ग्रंथ में आए हिन्दी के कवियों एवं लेखकों सम्बन्धी विवरण का हिन्दी अनुवाद हिन्दुई साहित्य का इतिहास नाम से किया है जो सन् १९५२ ई० में हिन्दुस्तानी एकेडमी इलाहाबाद से प्रकाशित हुआ। इस अनुदित ग्रंथ में कुल ३५८ कवियों और लेखकों का विवरण है जिनमें से शुद्ध साहित्य की सर्जन करने वाले मात्र २२० रचना कम है।

तासी की रचना कालक्रमानुसार न होकर लेखकों वर्णानुक्रम से है, जबकि इतिहास के लिए कालक्रम पहली शर्त है।

इसमें उर्दू के कवियों-लेखकों की संख्या बहुत अधिक है, हिन्दी के कवियों-लेखकों की बहुत कम।

इसमें तिथि सम्बन्धी, कवि नाम सम्बन्धी, ग्रंथ विवरण सम्बन्धी, तथ्य सम्बन्धी तथा भाषा सम्बन्धी बहुत सी अशुद्धियां मिलती हैं।

इसके बावजूद तासी के इस ग्रंथ का ऐतिहासिक महत्व है। यद्यपि तासी ने कालविभाजन नहीं किया है, तथापि उन्होंने रचनाओं को विभिन्न वर्गों में रखने का प्रयास किया है। तासी ने काव्य का रूपात्मक एक वर्गीकरण भी प्रस्तुत किया है जो साहित्योतिहास में मौलिक वस्तु हैं।

[२] 'तबकातुश्शुअरा' या तजकिरा-ईशूअरा-ई-हिन्दी'

(A History of Urdu Poets)

मौलवी करीमुद्दीन

यह १८४८ ई० में देहली कालेज द्वारा प्रकाशित हुआ यह मुख्यालय तासी के ग्रंथ के प्रथम संस्करण का अनुवाद है। यह अनुवाद बिहार के शिक्षा विभाग के इंस्पेक्टर फैलन साहब ने किया। इस अनुवाद में करीमुद्दीन ने बहुत कुछ अपनी ओर से जोड़ा है। यह जोड़ इतना अधिक है कि इसे अनुवाद नहीं कहा जा सकता तासी प्रथम संस्करण में कुल ७३८ कवि थे। करीमुद्दीन के इस तजकिरे में कवि संख्या १००४ है। इनमें हिन्दी के कवियों की संख्या ६०-६२ ही है।

करीमुद्दीन अपने ग्रंथ को इतिहास का ठीक रूप नहीं दे सके। यद्यपि उन्होंने कालक्रम पर चलने का प्रयास आभाव किया हैं, पर इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली है। उर्दू कवियों की अधिकता है। इनके बीच-बीच में हिन्दी कवियों का विवरण है।

इस ग्रंथ का महत्व इस दृष्टि से है कि स्वयं तासी ने इस ग्रंथ का उपयोग अपने इतिहास ग्रंथ के द्वितीय संस्करण में किया है। मौलवी करीमुद्दीन ने अपने इस ग्रंथ में यथासम्भव काल क्रम का भी ध्यान रखा है। साथ ही कवियों के जन्म-मृत्यु के संवतों उनके वैभक्तिक जीवन तथा काव्य संग्रहों का भी उल्लेख करने का प्रयास किया है।

[३] शिव सिंह सरोज — शिव सिंह सेंगर

सन् १८७७ ई० (डा० धीरेन्द्र वर्मा के मतानुसार) में शिवसिंह सेंगर ने 'शिव सिंह सरोज' नामक इतिहास ग्रंथ नवल किशोर प्रेस लखनऊ से प्रकाशित कराया इस ग्रंथ में ८३८ कवियों की रचनाओं के नमूने एक में दिये गए हैं जिनकी संख्या प्राय: दो हजार है। काव्य संग्रह के उपरान्त ग्रन्थ के उत्तरार्द्ध में १००३ कवियों का जीवन चरित्र भी अकारादि क्रम से दिया गया है।

शिव सिंह सरोज में काल विभाजन का स्पष्ट निर्देश नहीं है। कवियों का परिचय काल क्रमानुसार नहीं, बल्कि अकारादि क्रम से दिया गया है। इसके साथ ही इसमें वर्णानुक्रम सम्बन्धी, संख्या व पृष्ठ निर्देशन सम्बन्धी, मुद्रण सम्बन्धी, सन्-संवत् सम्बन्धी, कवियों के नाम एवं उनके व्यक्तित्व सम्बन्धी तथा तथ्य सम्बन्धी अशुद्धियां भी देखने को मिलती हैं।

इसके बावजूद सरोज को हिन्दी साहित्योतिहास का प्रस्थान विन्दु माना जा सकता है सेंगर जी ने अपने समय तक उपलब्ध हिन्ही कविता सम्बन्धी ज्ञान को संकलित किया है। सेंगर जी को इतिहास बोध भी था। ग्रंन्थ की भूमिका के अन्तर्गत एक-एक शती में होने वाले कवियों की परिगणना की गई है जिससे यह संकेत मिलता है कि संग्रहकर्त्ता के मन में शताब्दियों से अनुसार विभाजन करने की योजना थी। ग्रिमसन ने अपने इतिहास ग्रंथ के अधिकांश कवियों का विवरण सरोज से ही लिया है। मिश्र बन्धु, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा अन्य परवर्ती इतिहास लेखकों ने इस ग्रंथ से सहायता ली है।

[४] द माडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान

जार्ज अब्राहम ग्रिमर्सन

यह ग्रंथ सर्वप्रथम द जर्नल आफ द रायल एशमिटिक सोसायटी आफ बंगाल (भाग-१, सन् १८८८) के विशेषांक रूप में प्रकाशित हुआ। तदनन्तर १८८९ ई० में इसी संस्था से पुस्तक रूप में प्रकाशित हुआ। इसमें कुल ९५१ कवियों का विवरण हैं। ग्रिमर्सन ने हिन्दुतान शब्द का प्रयोग हिन्दी भ.षा-भाषी प्रदेश के अर्थ में किया

हैं। इस ग्रंथ में मारवाड़ी, ब्रजी, अवधी तथा बिहारी के लिखित साहित्य का उल्लेख है। ग्रंथ को प्रस्तुत करने में शिव सिंह सरोज से सर्वाधिक सहायता ली गयी है।

ग्रिमर्सन के इतिहास में तथ्य सम्बन्धी, सन् संवत सम्बन्धी व नाम सम्बन्धी अनेक अशुद्धियां मिलती हैं। कहीं-कहीं 'सरोज' का सीधा अनुवाद कर दिया है। यद्यपि ग्रीमर्सन ने काल विभाजन करने का प्रयास किया है, पर वह किसी वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित नहीं है। उसमें बिखराव है।

इसके बावजूद ग्रिमर्सन के इतिहास का ऐतिहासिक महत्व है। इसकी कई विशेषताएं हैं—

१. हिन्दी साहित्य के इतिहास के विभिन्न काल विभाग किये गये हैं।
२. कवियों का विवरण कालक्रमानुसार प्रस्तुत किया गया है।
३. कुछ कालों की सामान्य प्रवृतियां भी दी गयी है।
४. प्रत्येक कवि की एक संख्या दी गयी है। बड़ी आसानी से उस कवि को उस संख्या पर देखा जा सकता है।
५. १८ महत्वपूर्ण कवियों का विवरण मर्यादा विस्तार से दिया गया है।
६. सरस तथा साहित्यिक शैली में कुछ कवियों की आलोजना भी प्रस्तुत की गयी हैं।
७. इस ग्रंथ के माध्यम में ग्रिमर्सन ने साहित्योतिहास में तुलनात्मक आलोचना-पद्धति की नीव डाली।
८. ग्रिमर्सन ने ही सर्वप्रथम भक्तिकाल को स्वर्ण युग कहा। चरण कमल और निति काव्य नामों का प्रयोग सर्वप्रथम इन्होंने ही किया।

ग्रिमर्सन का इतिहास नींव का वह पत्थर है जिस पर आचार्य शुक्ल ने अपने इतिहास का भव्य भवन निर्मित किया। इसने मिश्राबन्धु विनोद और शुक्ल जी के इतिहास को प्रभावित किया। किशोरी लाल गुप्ता ने इसका हिन्दी अनुवाद हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहास नाम से किया है जो सन् १९५७ ई० में प्रकाशित हुआ।

[५] 'मिश्रा बन्धु विनोद' अथवा हिन्दी साहित्य का इतिहास तथा कवि कीर्तन मिश्रा बन्धु (पं० गणेश बिहारी मिश्रा तथा रामबहादुर डा० शुकदेव बिहारी मिश्रा)

'मिश्रा बन्धु विनोद' चार भागों में प्रकाशित हुआ। इसके तीन भागों का प्रकाशन १९१३ ई० में तथा चौथे भाग का प्रकाशन १९२४ ई० में हुआ। चारों भागों में कुल मिलाकर ४५९१ कवियों एवं लेखकों का विवरण संगृहीत हैं। श्याम बिहारी मिश्रा तथा शुकदेश बिहारी मिश्रा सन् १९०९ से १९१६ तक नागरी प्रचारिणी सभा में हस्तलिखित हिन्दी ग्रंथों के खोज कार्य के निरीक्षक थे। अतः सभी उपलब्ध सामग्री का लाभ उठाया। विभिन्न साहित्य प्रेमी बन्धुओं ने इनके पास पर्याप्त सामग्री भेजी थी।

यद्यपि मिश्र बन्धुओं ने अपने 'विनोद' में हिन्दी साहित्योतिहास का लम्बा-चौडा काल विभाजन प्रस्तुत किया है किन्तु वह विभाजन किसी सुनिश्चित आधार पर नहीं है। इसके लिए जो मानदण्ड अपनाये गए हैं उनमें युग एवं कवि के अनुरुप उल्ट-फेर भी किया गया है। मिश्र बन्धुओं ने साहित्यिक मूल्यांकन में प्राचीन समालोचना पद्यति का आश्रय लिया हैं।

इतना होने के बावजूद इस ग्रंथ की कई महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं—

१. इसमें सामग्री का विपुल सम्पन्न किया गया है।
२. इसमें प्रमुख कवियों के विवरण समालोचना सहित विस्तारपूर्वक दिये हैं।
३. प्रत्येक कवि की एक सुनिश्चित संख्या।
४. साहित्य के विविध अंगों पर प्रकाश डाला गया है।

आचार्य शुक्ल ने मिश्राबन्धुओं के इतिहास से काफी सहायता ली है—"कवियों के परिचयात्मक विवरण मैंने प्रायः मिश्राबन्धु विनोद से ही लिए हैं।"

[६] ए स्केच आफ हिन्दी लिटरेचर
पादरी एडविन ग्रीब्ज

११२ पृष्ठों का यह इतिहास ग्रंथ १९१८ ई० में प्रकाशित हुआ। इसमें पिछली सभी सामग्री से सहायता लेकर साहित्यिक गतिविधियों का परिचय दिया गया है। इसमें काल विभाजन भी है जो ग्रिमर्सन का प्रतिबिम्ब है। ग्रीब्ज ने पहली बार हिन्दी साहित्य के इतिहास में हिन्दी भाषा के इतिहास को भी स्थान दिया है।

[७] ए हिस्ट्री ऑफ हिन्दी लिटरेचर
पादरी एफ० ई० की (F.E. Keay)

यह ग्रंथ १९२० ई० में प्रकाशित हुआ। इसमें हिन्दीं भाषा और साहित्य का सामान्य सर्वेक्षण प्रस्तुत करते हुए काल विभाजन एवं नामकरण का सार्थक प्रयास किया गया है। नामकरण में कृतिकार, कृति, इतिहास, भाषा तथा प्रवृत्ति को आधार बनाया गया है।

[८] हिन्दी साहित्य का इतिहास
आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

यह १९२९ ई० में प्रकाशित हुआ। आचार्य शुक्ल की सूचना के अनुसार इसका प्रारुप छात्रों के उपयोग के लिए संक्षिप्त नोट के रुप में तैयार किया गया था जो बाद में कुछ संशोधनोंपरान्त कभी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित 'हिन्दी शब्द सभा' की भूमिका के रूप में हिन्दी साहित्य का विकास' शीर्षक से १९२९ ई० में प्रकाशित हुआ तदनन्तर उसी वर्ष कुछ और संशोधन तथा परिवर्धन के साथ सभा से ही 'हन्दी साहित्य का इतिहास' नाम से पुस्तक रुप में प्रकाशित हुआ। पुनः १९४० ई० में इसका संशोधित और परिवादित संस्करण निकला। यही सस्करण सर्वाधिक प्रचलन में है। आचार्य शुक्ल के इस इतिहास ग्रंन्थ को सर्वाधिक लोक-प्रियता मिली। साहित्य मनीषियों ने इसे हिन्दी का प्रथम सुव्यवस्थित इतिहास कहा है। इसके गुणदोषों की भी बहुत चर्चा हुई। यद्यपि यह ग्रंन्थ अपने में सर्वांगपूर्ण नहीं है फिर भी इसका अपना साहित्यिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व है। शुक्ल जी के बाद के सभी इतिहासकारों ने इसे अपना-अपना ग्रंथ माना है। आज भी शुक्ल जी का इतिहास मील का वह पत्थर है जिसे कोई अपनी जगह से हटा नहीं सका है। आज भी इतिहास लेखकों के लिए यह प्रकाश स्तम्भ का कार्य कर रहा है।

[९] हिन्दी भाषा और साहित्य
बाबू श्याम सुन्दरदास

यह ग्रन्थ १९३० ई० में निकला, जो बाद में 'हिन्दी भाषा' और 'हिन्दी साहित्य' नाम से अलग-अलग प्रकाशित हुआ। कुछ विद्वानों ने इनके इस इतिहास ग्रन्थ की प्रशंसा की। पर इसमें आचार्य शुक्ल जैसी गहराई और प्रतिपादन कुशलता नहीं मिलती इनके कालविभाजन पर भी आचार्य शुक्ल की स्पष्ट छाप हैं।

[१०] हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास
- सूर्यकान्त शास्त्री

यह इतिहास ग्रंथ सन् १९३० ई० में प्रकाशित हुआ। इसमें प्रमुख कवियों पर लम्बी एवं तुलनात्मक समीक्षा प्रस्तुत की गयी है। शास्त्री जी का वर्गीकरण पादरी एफ०ई० की से प्रभावित है। इस ग्रंथ की भाषा भी चमत्कार वृत्ति की ओर अधिक उन्मुख है।

[११] हिन्दी भाषा और उसके साहित्य का विकास
अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध

हरिऔध जी ने पटना विश्वविद्यालय में हिन्दी भाषा और साहित्य के सम्बन्ध में कुछ भाषण दिये जो १९३१ ई० में 'हिन्दी भाषा और उसके साहित्य का विकास' नाम से पुस्तक रूप में प्रकाशित हुए। इसमें कवियों की भाषा के सम्बन्ध में विशेष कथन है। सुन्दर उदाहरण भी दिये गये हैं। सन्-संवतों का अभाव इसका बहुत बड़ा दोष है।

[१२] हिन्दी साहित्य का इतिहास
रामशंकर शुक्ल 'रसाल'

यह ग्रंथ १९३१ ई० में प्रकाशित हुआ। ग्रंथ के आरम्भ में साहित्येतिहास पर विस्तार से चर्चा की गई है। कुछ इसमें पूर्णवर्ती इतिहास ग्रंथों की आलोचना भी है। कुछ महत्वपूर्ण कवियों पर इन्होंने सतही विचार व्यक्त किये हैं। इनका इतिहास आचार्य शुक्ल के इतिहास से अत्यधिक प्रभावित है।

[१३] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास
डा० रामकुमार वर्मा

यय ग्रंथ १९३८ ई० में प्रकाशित हुआ। इसमें संवत ७५० से १७५० तक के कालखण्ड को ही लिया गया है। वर्मा जी ने कालविभाजन एवं नामकरण में आचार्य शुक्ल का ही अनुसरण किया है। इन्होंने वीरगाथा काल को चरणकाल नाम दिया है

और उससे पूर्व एक सन्धिकाल और जोड़ दिया है । ज्ञानाश्रयी और प्रेममार्गी शाखा की जगह संतकाव्य और प्रेमकाव्य नाम का प्रयोग किया हैं । स्वयं को हिन्दी का प्रथम कवि मानते हुए वर्मा जी ने हिन्दी साहित्य का आरम्भ ६६३ ई० से स्वीकार किया है ।

विद्वानों ने इस इतिहास ग्रंथ को आचार्य शुक्ल के इतिहास के गुण दोषों का विस्तार माना है । कवियों के मूल्यांकन में वर्मा जी ने सहृदयता और कालात्मकता का परिचय दिया है । इसी कारण यह ग्रंथ को पर्याप्त लोकप्रियता भी मिली। विस्तृत सामग्री भी इसकी महत्ता का एक प्रमुख कारण रही हैं ।

[१४] हिन्दी साहित्य का इतिहास

मिश्रा बन्धु

यह गंगा पुस्तक कला लखनऊ से १९३९ ई० में प्रकाशित हुआ । इसे 'मिश्राबन्धु विनोद का संक्षिप्त रूप माना जा सकता है । इसका ढांचा भी मिश्राबन्धु विनोद जैसा ही है ।

[१५] हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास

चतुरसेन शास्त्री

यह १९४६ ई० में प्रकाशित हुआ । लेखक के अनुसार—"इस ग्रंथ में मैंने अपने पूर्णवर्ती और समकालीन प्राय ! सब हिन्दी इतिहास–लेखकों की प्रचलित परम्परा का उल्लंघन करके अपने कुछ नए ऐतिहासिक दृष्टि कोण निर्धारित किये हैं, और उनके समर्थन में इतिहास की सामाजिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि की रेखाएं दी है।" पर ग्रंथ को पढ़ने से ग्रंथकार की किसी मौलिक धारणा का परिचय नहीं मिलता ।

[१६] १– हिन्दी साहित्य की भूमिका (१९४० ई०)

२– हिन्दी साहित्य का आदिकाल (१९५२ ई०)

३– हिन्दी साहित्य ,' उसका उद्‌भव और विकास (१९५५ ई०)

हजारी प्रसाद द्विवेदी

हिन्दी साहित्य की भूमिका में द्विवेदी जी की साहित्योतिहास लेखन सम्बन्धी मौलिक दृष्टि का परिचय मिलता है। इसमें हिन्दी साहित्य को भारतीय चिन्तन आधार के साथ जोड़कर उसका मूल्यांकन करने की बात उठायी गई है। इस ग्रंथ मे द्विवेदी जी ने शुक्ल जी की कई मान्यताओं का खण्डन किया है।

'हिन्दी साहित्य का आदि काल' इसी क्रम की दूसरी महत्त्वपूर्ण कड़ी है। इसमें भी द्विवेदी जी ने अपनी मौलिक दृष्टि का परिचय देते हुए आदि कालीन हिन्दी साहित्य विषयक कई भ्रांतियों का निराकरण किया है। डा० हरमहेन्द्र सिंह बेदी के शब्दों में—"भाषण शैली मे लिखा गया यह ग्रंथ मध्ययुगीन भाषा काव्य की आन्तरिक चेतना और बाह्य स्वरुप तथा उसके विकास को समझने की कुंजी है।" (हिन्दी साहित्योतिहास : पश्चात्म स्रोतो का अध्ययन पृ०-६८)

'हिन्दी साहित्य: उसका उद्‌भव और विकास' विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। इसमें सुबोध भाषा में हिन्दी साहित्येतिहास के विभिन्न कालखण्डों की साहित्यिक प्रवृत्तियों का विवेचन करते हुए तद्‌युगीन साहित्य का परिचय दिया गया है।

[१७] 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास

डा० गणपति चन्द्र गुप्ता

इसका प्रकाशन १९६५ ई० में हुआ। इसमें गुप्ता जी ने वैज्ञानिक दृष्टि से हिन्दी साहित्येतिहस की परख की है। इतिहास की वैज्ञानिक व्याख्या में इन्होंने विकास-वादी सिद्धांत को आधार बनाया है। इनके ग्रन्थ में इतिहास दर्शन की विस्तृत पीठिका भी है। गुप्त जी ने हिन्दी साहित्य को तीन काल खण्डों में विभक्त किया है—

१– प्रारम्भिक काल (११८४-१३५० ई०)
२– मध्यकाल (१३५०-१८५७ ई०)
३– आधुनिक काल (१८५७ से अब तक)।

"मैंने इन कालखण्डों के नामकरण में ऐसी सामान्य संज्ञाओं का प्रयोग किया है जिससे हिन्दी साहित्य को सम्पूर्ण एवं व्यापक रुप में तथा उसकी विभिन्न प्रवृत्तियों को सर्वांगीण रुप में प्रस्तुत किया जा सके।"

(प्रथम सस्करण की भूमिका)

कुछ विद्वानों ने डा० गुप्त के इतिहास के व्यवहारिक पक्ष की आलोचना की है। पर इतना तो मानना ही चाहिए कि डा० गुप्त ने अपने इस इतिहास ग्रंथ के माध्यम से वैज्ञानिक अध्ययन पद्धति के द्वारा खोले है और अनुसंधान के आयामों को विकसित किया है।

सम्पादित इतिहास ग्रंथ —

[१८] हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास (१६ भागों में)
नागरी प्रचारिणी सभा, काशी

ना० प्र० सभा ने हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास सोलह भागों में प्रकाशित किया है। प्रत्येक भाग अलग अलग विद्वानों के सम्पादन में तथा विभिन्न लेखकों के सहयोग से निर्मित हुआ है। इतिहास के स्थूल ढांचे के रुप में इसमें आचार्य शुक्ल के इतिहास को ही किंचित् संशोधन के साथ अपनाया गया है। इसके कुछ भाग काफी लोकप्रिय हुए हैं। इस इतिहास ग्रंथ में एकरुपता, अन्विति तथा सजीवता की कमी है।

[१९] हिन्दी-साहित्य (३ खंड) सामा० डा० धीरेन्द्र वर्मा
भारतीय हिन्दी परिषद, इलाहाबाद

इसमें हिन्दी साहित्य को तीन कालों आदिकाल, मध्यकाल तथा आधुनिक काल में विभाजित करते हुए प्रत्येक काल की काव्य परम्पराओं का विवरण अविच्छिन्न रुप में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही ग्रंथ में नवीन उपलब्ध शोध सामग्री का भी उपयोग किया गया है। इस ग्रन्थ में विभिन्न अध्यायों के विभिन्न लेखक हैं जिनहोंने विभिन्न दृष्टियों और पद्धतियों का उपयोग किया है जिससे इसमें एक रुपता, अन्विति तथा संश्लेषण का अभाव मिलता है।

[२०] हिन्दी साहित्य का इतिहास–सम्पादन डा० नगेन्द्र

इसका प्रथम संस्करण १९७३ ई० में निकला यह एक सम्पादित ग्रन्थ है जिसका संकलन अनेक लेखकों के सहयोग से हुआ हैं। सम्पादक के अनुसार सभी लेखक अपने विषय के अधिकारी विद्वान है और उन्होंने अपने लेखन में नवीन शोध परिणामों का विवेक पूर्ण उपयोग किया है। ग्रंथ में सम्पादक ने एक रुपता स्थापित करने का भरसक प्रयास किया है। पर 'पंचायती' कार्य की कमियां इसमें भी कहीं-कहीं देखने को मिलती हैं। छात्रों के बीच यह इतिहास काफी लोकप्रिय है।
